www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

11 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 23

अयोध्या में 'पुष्पक विमान' से आयेंगे प्रभु, जलेंगे 30 लाख दीये

मुख्यमंत्री योगी करेंगे श्रीराम का राजतिलक

विश्व रिकार्ड बनाने की तैयारी चल रही

वहीं दीपोत्सव में 21 लाख दीप केवल राम की पैड़ी पर जलाने की तैयारी है। पूरी अयोध्या में 30 लाख दीप जला कर विश्व रिकॉर्ड बनाने को अयोध्या आतुर है। शनिवार को शाम होते ही जैसे ही रामलला के दरबार में पहला दीप जलेगा, पूरी अयोध्या जगमग हो उठेगी। इससे पहले सीएम वशिष्ठ की भूमिका में भगवान श्रीराम का राजतिलक करेंगे। इस आयोजन का साक्षी बनने के लिए रामकथा पार्क में करीब पांच हजार अतिथि मौजूद रहेंगे।

आजाद सिपाही संवाददाता

अयोध्या। अवधपुरी अति रुचिर बनाई। देवन्ह सुमन बृष्टि झरि लाई... भगवान राम के अयोध्या लौटने की खुशी में अवधपुरी बहुत ही सुंदर सजायी गयी है। देवताओं ने पुष्पों की वर्षा की झड़ी लगा दी है। रामचरित मानस की उक्त चौपाई दीपोत्सव में साकार रूप लेती दिख रही है। शनिवार को भगवान श्रीराम 'पुष्पक विमान' (हेलीकॉप्टर) से अयोध्या में पधारेंगे। यहां राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ उनकी अगवानी करेंगे। मुख्यमंत्री राज्याभिषेक समारोह में श्रीराम का राजतिलक भी करेंगे। स्वागत में राम की पैड़ी पर 21 लाख दीपमालिकाएं प्रज्वलित की जायेंगी। राममंदिर के उद्घाटन की बेला में हो रहे दीपोत्सव को अद्भुत रूप देने के लिए अयोध्या का स्वर्ग जैसा श्रृंगार किया गया है।

ग्रीन पटाखों की होगी आतिशबाजी

इस बार सरयू पुल पर ग्रीन पटाखों की आतिशबाजी होगी। इस पर करीब 80 लाख रुपये खर्च किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथि सरयू तट से आतिशबाजी निहारेंगे। इसके लिए यहां अलग से मंच बनाया गया है। करीब 20 मिनट तक आतिशबाजी होगी।

रामकथा पार्क में सजा रामदरबार

रामकथा पार्क के प्रवेश मार्ग पर आते ही रामायण युग का अहसास होगा। रामकथा के विभिन्न प्रसंगों से सुज्जित 15 तोरण द्वार आकर्षण बढ़ा रहे हैं। रामकथा पार्क में राज दरबार की थीम पर भव्य मंच सजाया गया है। पार्क में जगह-जगह राजमहल जैसे दृश्य निर्मित किये गये हैं।

दर्शन देंगे स्वर्ण मुकुटधारी रामलला

श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि नीले रंग की रेशमी पोशाक बनवायी गयी, जिसे शनिवार को रामलला और चारों भाइयों को धारण कराया जायेगा। साथ ही सोने का मुकुट भी धारण कराया जायेगा, अन्य आभूषणों से उनका श्रृंगार होगा।

वर्चुअली भी दीपोत्सव में हो सकते शामिल

अयोध्या (आजाद सिपाही)। अयोध्या में दीपोत्सव सिर्फ एक दिन दूर है। लोग एक दीये के लिए 51 रुपये से लेकर 51 दीयों के लिए 1,100 रुपये तक का भुगतान करके इसका हिस्सा बन सकते हैं। यहां एकमात्र अंतर यह होगा कि आपका दीया आपके द्वारा चुने गये निर्दिष्ट स्थान पर, माउस के एक क्लिक पर, अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा इस उद्देश्य के लिए विकसित वर्चुअल स्पेस पर रोशन हो जायेगा। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक आरपी यादव ने बताया कि देश-विदेश के भगवान राम के उपासकों को दीपोत्सव से जोड़ने के लिए एक विशेष ऑनलाइन कार्यक्रम तैयार किया गया है। इसके साथ ही, इसमें शामिल होने वालों को दीपक, इलायची के बीज या लड्डू प्रसाद, राम मंदिर का मॉडल, रामनामी गमछा, राम दरवार आदि स्मृति चिह्न जैसे पुरस्कार कूरियर द्वारा भेजे जायेंगे।

धनतेरस में चमका बाजार

झारखंड में खूब हुई धनवर्षा, 2000 करोड़ का कारोबार

राजीव

रांची (आजाद सिपाही)। वैश्विक महामारी कोविड से उत्पन्न उथल-पुथल के बाद इस साल धनतेरस में शुक्रवार को बंपर कारोबार हुआ। झारखंड में खूब धन की बारिश हुई। विभिन्न सेक्टरों में करीब 2000 करोड़ के कारोबार की उम्मीद जतायी गयी। ऑटोमोबाइल सेक्टर से लेकर रियल एस्टेट तक हर क्षेत्र में अच्छा कारोबार हुआ। झारखंड में सर्राफा बाजार, बर्तन बाजार, इलेक्ट्रॉनिक बाजार बमबम रहा। ऑटोमोबाइल सेक्टर की बात करें, तो रांची में सबसे ज्यादा कार की बुकिंग मारुति की रही। पूरे जिले में मारुति की 2500 कारें बिकने की बात कही गयी। छोटी कार में सबसे ज्यादा डिमांड वेगन आर, स्विफ्ट डिजायर की रही। सफेद रंग की कार सबसे ज्यादा पसंद की गयी। वैसे महंगी कार बीएमडब्ल्यू, ऑडी की भी खरीदारी की गयी।

ज्वेलरी शॉप में खरीदारों की भीड़ : ज्वेलरी शॉप पर खासकर चांदी की सामग्री लोगों को आकर्षित करते दिखी। चांदी की गिलास की कीमत 2000 रुपये से शुरू होकर दस हजार तक रही। वहीं सिल्वर प्लेट, सिल्वर लोटा भी लोग खरीदते दिखे। इसके साथ ही दुकानदार लुभावने ऑफर भी देते दिखे। रांची की कुछ दुकानों में मेकिंग चार्ज में भारी छूट भी दी गयी थी। पीसी ज्वेलर्स में दोपहर होते-होते चांदी के सिक्के खत्म हो गये थे। वहीं, कल्याण और तनिष्क में देर शम तक भीड़ लगी थी। ग्राहकों की सुविधा के लिए अलग से केवल चांदी और सोना के सिक्के के लिए कांउटर तक तैयार किया गया था। इसके साथ ही लक्ष्मी-गणेश जी की मूर्तियों की भी भारी डिमांड रही। पूजा की सामग्री सिंदूर, रोड़ी और अक्षत के अलावा झाड़ू का बाजार भी चमका रहा।

फोटो : प्रदीप ठाकुर

सिल्वर एंकलेट्स का दिखा क्रेज

इस बार धनतेरस में लड़कियों के बीच सिल्वर एंकलेट्स का क्रेज दिखा। बाजार में सिल्वर एंकलेट्स के कई तरह के डिजाइन मौजूद थे। इसकी मांग जोर-शोर से रही। यह काफी किफायती कीमत में मिले। इसकी कीमत 1000 से 5000 रुपये तक रही। गोल्ड में महिलाओं की विशेष रुचि देखने को मिली।

हर सड़क में जाम

धनतेरस बाजार के कारण मेन रोड के अलावा अपर बाजार, रातू रोड, थड़पखना, कोकर, लालपुर, कचहरी में जाम का झाम दिखा। इसके अलावा अन्य सड़कों पर भी कमोवेश यही स्थिति देखने को मिली। यहां तक की मुहल्लों की सड़कों पर जाम दिखा।

पुलिस भी दिखी मुस्तैद

रांची में धनतेरस के मौके पर सुरक्षा को लेकर पुलिस मुस्तैद दिखी। हाल के दिनों में हुई आपराधिक वारदातों को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा की विशेष तैयारी की थी। रात के 12 बजे तक शहर में गश्त के लिए एक विशेष टीम भी गठित की गयी थी।

हीरो के चेयरमैन की संपत्ति जब्त

मनी लांड्रिंग के मामले में इडी ने की कार्रवाई

24.95 करोड़ रुपये की थी संपत्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन, सीइओ और मैनेजिंग डायरेक्टर पवन मुंजाल की दिल्ली में स्थित 24.95 करोड़ रुपये की तीन संपत्तियों को जब्त कर लिया है। जांच एजेंसी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत यह कार्रवाई की है। इससे पहले इडी ने पवन मुंजाल की 25 करोड़ की संपत्ति जब्त की थी। यानी अब तक जांच एजेंसी मुंजाल की 50 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच कर चुकी है। पवन मुंजाल पर अवैध तरीके से देश से बाहर 54 करोड़ रुपये ले जाने का आरोप है।

3 महीने पहले इडी ने की थी छापेमारी : तीन महीने पहले इडी ने पीएमएलए के तहत पवन मुंजाल के दिल्ली और ग्रुरुग्राम स्थित कार्यालयों और घरों पर छापेमारी की थी। इडी की छापेमारी के बाद हीरो मोटोकॉर्प ने बयान जारी कर पवन मुंजाल के दिल्ली और गुरुग्राम कार्यालय में छापेमारी की खबर की पुष्टि की थी। हीरो मोटोकॉर्प ने कहा था कि इडी के अधिकारी हमारे दिल्ली और ग्रुरुग्राम स्थित दो कार्यालय और हमारे चेयरमैन के घर पर पहुंचे थे। कंपनी इडी के साथ सहयोग करना जारी रखेगी। फोर्ब्स के मुताबिक, साल 2022 के आखिर में पवन मुंजाल की नेट वर्थ 3.55 बिलियन डॉलर (करीब 29.20 हजार करोड़ रुपये) थी। वहीं, 40 से ज्यादा देशों में कंपनी का कारोबार है।

साहिबगंज एसपी को इडी का बुलावा

रांची (आजाद सिपाही)। इडी ने साहिबगंज के एसपी नौशाद आलम को शुक्रवार को समन भेजा है। इडी ने नौशाद आलम को समन भेज कर आगामी 22 नवंबर को इडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है। इडी की जांच में नौशाद आलम को अवैध खनन मामले में गवाह विजय हांसदा को इडी का विरोधी बनाने में शामिल पाया गया है।

जावेद अख्तर ने जय सियाराम का नारा लगाया

हिंदुओं की वजह से सहिष्णुता कायम

राम-सीता की भूमि पर पैदा होना गर्व की बात

आजाद सिपाही संवाददाता

मुंबई। गीतकार जावेद अख्तर ने कहा कि देश में सहिष्णुता हिंदुओं की वजह से ही है। मुझे इस बात का गर्व है कि मैं भगवान राम और माता सीता की भूमि पर पैदा हुआ हूं। जावेद अख्तर ने कहा कि हिंदुओं की सोच बहुत बड़ी है, उन्हें अपनी सोच बड़ी ही रखनी चाहिए। इसमें परिवर्तन नहीं लाना चाहिए। जावेद अख्तर, मनसे प्रमुख राज ठाकरे के दीपोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जय सियाराम का नारा लगाया और मंच के सामने बैठे लोगों से भी जय सियाराम का नारा लगाने को कहा।

फिल्म शोले आज बनती तो विवाद हो जाता

जावेद अख्तर ने कहा कि अगर हमारी फिल्म शोले आज के वक्त में बनती तो मंदिर वाले सीन पर विवाद हो जाता। शायद मैं और सलीम खान वह सीन लिख ही नहीं पाते। जावेद अख्तर देश के राजनीतिक और सामाजिक हालात पर हमेशा से मुखर रहे हैं। गौरतलब है कि जावेद अख्तर ने अपने करियर में कई बड़ी फिल्मों का लेखन किया है। उनकी और सलीम खान की जोड़ी ने बॉलीवुड को एक से बढ़ कर एक फिल्में दी हैं। जंजीर और शोले जैसी फिल्मों का लेखन सलीम-जावेद की ही जोड़ी ने किया था।

भगवान राम का सम्मान करता हूं

जावेद अख्तर ने कहा कि वैसे तो मैं नास्तिक हूं, लेकिन मैं मर्यादा पुरुषोत्तम राम का बहुत सम्मान करता हूं। भगवान श्रीराम हमारी संस्कृति और सभ्यता का हिस्सा हैं। रामायण भी हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इसी वजह से मैं कार्यक्रम में शरीक होने आया हूं। जब भी हम मर्यादा पुरुषोत्तम की बात करते हैं तो ख्याल भगवान श्रीराम और माता सीता का ही आता है।

सीता और राम प्रेम के प्रतीक हैं

जावेद अख्तर ने कहा कि सीता और राम प्रेम के प्रतीक हैं, उनका नाम अलग से लेना पाप है। जो उन्हें अलग करना चाहता था, वो रावण था। अगर आप सिर्फ एक का नाम लेते हैं तो कहीं न कहीं आपके अंदर भी रावण छिपा हुआ है। मुझे याद है कि लखनऊ (जावेद अख्तर लखनऊ के ही रहने वाले हैं) में जब लोग सुबह टहलते थे, तो जय सियाराम कह कर एक-दूसरे का अभिवादन करते थे। इतना कहने के बाद जावेद अख्तर ने लोगों से जय सियाराम का तीन बार नारा लगाने को कहा।

आज के वक्त में असहिष्णुता बढ़ गयी है

जावेद अख्तर ने कहा कि आज के वक्त में असहिष्णुता बढ़ गयी है। पहले भी कुछ लोग थे, जिनके अंदर सहनशीलता नहीं थी। हालांकि हिंदू ऐसे नहीं थे, इनका दिल हमेशा से बड़ा रहा है। इसलिए उन्हें अपने अंदर से इस चीज को खत्म नहीं होने देना चाहिए। हिंदुओं को अपने वही पुराने मूल्यों पर चलना चाहिए।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,000 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो

नीतीश का 'आरक्षण कार्ड' बनाम भाजपा का 'रामबाण'

बिहार से तय होगा 2024 के चुनावी मुकाबले का मैदान!

महिलाओं पर अश्लील और जीतनराम मांझी को तुम-तड़ाक की भाषा में उनके ऊपर एहसास जताने की कोशिश में आम जन की नजरों में बुरी तरह फंस चुके बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरक्षण का दांव खेल कर राजनीति के मैदान में अपने पांव को उखड़ने से रोकने की कोशिश की है। भारतीय राजनीति में आरक्षण और धर्म हमेशा से ऐसे मुद्दे रहे हैं, जिन पर किसी भी चुनाव का भविष्य निर्भर ही नहीं रहता, बल्कि अक्सर तय भी होता है। इसलिए नीतीश के आरक्षण कार्ड को विपक्ष के तरकश का बड़ा तीर माना जा रहा है और उम्मीद जतायी जा रही है कि बिहार ने 2024 के चुनावी मुकाबले की लाइन तय कर दी है। लेकिन इसे एकांगी नजरिया ही कहा जा सकता है, क्योंकि लोगों को यह पता है कि कई राज्यों ने आरक्षण का तड़का लगा कर लोगों की भावनाओं को उभारने का प्रयास किया, लेकिन वहां 75 प्रतिशत आरक्षण लागू नहीं हो पाया, वहीं भाजपा के पास अभी चुनाव जीतने का सबसे बड़ा हथियार, यानी 'रामबाण' मौजूद है। पिछले दिनों अयोध्या में अक्षत पूजन कर पूरे देश में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण देने का जो अभियान शुरू किया गया है, उससे देश में एक माहौल तो बन ही रहा है। जनवरी में राम लला की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के साथ भाजपा के तरकश से यह बड़ा तीर निकलने के बाद सियासी माहौल पूरी तरह बदलने की पूरी संभावना अभी से ही दिखने लगी है। ऐसे में अब सवाल यह उठ रहा है कि नीतीश कुमार के आरक्षण कार्ड के सामने भाजपा का यह 'रामबाण' कितना कारगर होगा। इस बड़े सियासी सवाल का जवाब तलाशने की कोशिश कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

नीतीश कुमार ने बिहार में पिछड़ों-दलितों के आरक्षण का दायरा बढ़ाने का प्रस्ताव विधानसभा से पास करा दिया है। राहुल गांधी पहले ही आरक्षण के दायरे को बढ़ा कर दलितों-पिछड़ों को सरकारी नौकरियों में ज्यादा भागीदारी देने की वकालत कर चुके हैं। कांग्रेस ने चुनावी राज्यों में जातिगत जनगणना कराने का वादा कर भी दिया है। संभावना है कि जल्द ही कुछ कांग्रेस शासित राज्यों में भी बिहार की ही तरह आरक्षण के दायरे को बढ़ाने का प्रस्ताव पास कर दिया जाये। यह 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष का सबसे बड़ा दांव होगा।

भाजपा विपक्ष के इस दांव का बखूबी समझ भी रही है और इसकी काट खोजने की कोशिश भी कर रही है। यदि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी कैबिनेट की बैठक भगवान राम के दरबार अयोध्या में लगाते हैं, तो इसका संबंध चुनावों से जोड़ कर ही देखा जा रहा है। लोकसभा चुनावों के ठीक पहले 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन करना और इसके पहले विहिप द्वारा पूरे देश में इसके लिए विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये माहौल बनाने को भी 2024 के लोकसभा चुनाव से ही जोड़ कर देखा जा रहा है। बड़ा सवाल है कि इस लड़ाई में किसकी जीत होगी?

जातिगत आरक्षण ने बिहार को क्या दिया

पिछले तीन दशक से ज्यादा समय से बिहार में लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार यादव, राबड़ी देवी और जीतनराम मांझी की सरकार रही है। ये सभी नेता पिछड़े और दलित समुदाय से ही हैं। यदि ये नेता चाहते, तो विभिन्न योजनाओं के सहारे दलितों, पिछड़ों और महादलितों के कल्याण के लिए बड़ा काम करते और इनके जीवन में बड़ा परिवर्तन कर सकते थे। लेकिन स्वयं नीतीश सरकार के जातिगत आर्थिक सर्वे की रिपोर्ट बताती है कि इन वर्गों में गरीबी के आंकड़े भयावह हैं।

बिहार सरकार की रिपोर्ट के अनुसार पिछड़े वर्ग के 33.16 फीसदी, अति पिछड़ा में 33.58 फीसदी, अनुसूचित जाति में 42.93 फीसदी और अनुसूचित जनजाति में 42.70 फीसदी परिवार गरीब हैं। ये आंकड़े यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि सरकार ने गरीबों के साथ सिर्फ और सिर्फ वोट की राजनीति की है। सरकारी योजनाओं से गरीबों को जोड़ कर उनके आर्थिक और सामाजिक स्तर को ऊपर उठाने का प्रयास नहीं किया गया। आज भी इन परिवारों के युवकों को दिल्ली-मुंबई जैसे शहरों में बेहद निम्न आय वर्ग की नौकरी करनी पड़ रही है, उन्हें जलालत झेलनी पड़ती है। कहीं-कहीं तो उन्हें बिहारी होने का दंश भी झेलना पड़ता है। यह सब सरकार की कमजोरी के कारण हो रहा है।

अपनी असफलता छिपाना चाहती है सरकार

यह बात सही है कि यदि इन्हीं वर्गों के नेताओं के होते हुए भी इन्हीं वर्गों की समस्याएं दूर नहीं हुई हैं, तो इसके लिए वे लंबे समय से सत्ता से दूर रही उच्च जातियों को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। ये आंकड़े स्वयं इन सरकारों की असफलता के प्रमाणिक दस्तावेज हैं। केवल आरक्षण देकर और जातिवाद का दांव चल कर सरकार अपनी इस असफलता को छुपाना चाहती है। लेकिन उत्तर भारत के राज्यों में जातिवाद की गंभीरता से इस बात पर संदेह नहीं किया जा सकता कि विपक्ष का यह वार भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती साबित होनेवाला है। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और राम मंदिर के भावनात्मक मुद्दे से वह लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश अवश्य कर रही है, लेकिन इससे उसे कितनी सफलता मिल पायेगी, यह अभी से नहीं कहा जा सकता।

भाजपा को विकास के सहारे जीत का भरोसा

दूसरी तरफ भाजपा नेताओं का कहना है कि भाजपा समाज के हर वर्ग के विकास के लिए समर्पित रही है। उनकी पार्टी ने जातिगत जनगणना का भी कभी विरोध नहीं किया है। यहां तक कि बिहार विधानसभा में आरक्षण के दायरे को बढ़ाने का भी उसने समर्थन किया है, लेकिन नीतीश कुमार जनता को केवल जातिगत राजनीति में उलझा कर अपनी नाकामियां छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। यदि समाज के हर वर्ग का विकास करने के लिए औद्योगिक विकास का कोई खाका सरकार ने खींचने की कोशिश की होती, तो उसे इस तरह की कोशिश कर अपनी असफलता को छिपाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। नीतीश के दांव की काट के रूप में भाजपा के पास विकास योजनाओं के साथ-साथ हिंदुत्व का मुद्दा भी बड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जात-पांत के बंधन को तोड़ने के ध्येय से ही बार-बार यह कह रहे हैं कि देश में गरीबी सबसे बड़ी है। गरीबों को ध्यान में रख कर ही उन्होंने पांच साल तक मुफ्त राशन की घोषणा भी कर दी है। भाजपा का कहना है कि आर्थिक क्षेत्र के विद्वान मानते हैं कि पर्यटन के क्षेत्र में कम लागत लगा कर भी अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार दिया जा सकता है। यही कारण है कि अयोध्या, काशी, महाकाल और अन्य धार्मिक केंद्रों का लगातार विकास किया जा रहा है। धार्मिक क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां बढ़ा कर आय के नये स्रोत खोले जा सकते हैं। आंकड़े बता रहे हैं कि काशी क्षेत्र का विकास करने के बाद वाराणसी में लोगों की आय में भारी वृद्धि हुई है। इसी तरह का विकास सरदार पटेल की एकता मूर्ति को बना कर गुजरात के केवड़िया क्षेत्र की तस्वीर बदल गयी है। भाजपा के लिए राम केवल आस्था के प्रतीक मात्र नहीं हैं, वह इनसे जुड़े धार्मिक केंद्रों का विकास करके जनता की आर्थिक स्थिति बेहतर करने की योजना पर काम कर रही है। इसे चुनावी राजनीति की दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए। जहां तक बिहार का सवाल है, नालंदा को विकसित करने की उसकी योजना फाइलों में ही पड़ी रही। राजगीर भी अपनी दुर्दशा की कहानी कह रहा है। बिहार सरकार चाहती, तो गया के फाल्गू नदी के किनारे बड़ा पर्यटन स्थल खोल कर देश ही नहीं विदेश तक के नागरिकों का ध्यान आकर्षित कर सकती थी, क्योंकि यहां अपने पूर्वजों को याद करने पूरे विश्व से लोग आते हैं, लेकिन वहां जाते ही उन्हें अपनी नाक पर रूमाल रखना पड़ता है। उस पूरे इलाके को पंडाओं के भरोसे छोड़ दिया गया है। साफ-सफाई तक की मुकम्मल व्यवस्था सरकार की तरफ से नहीं की गयी है।

अपने कद को बनाये रखने के लिए नीतीश ने खेला आरक्षण दांव

लौटते हैं नीतीश कुमार के दांव पर। उनके इस दांव के बाद उनके लोग यह मान रहे हैं कि इस कदम से विरोधियों के हौसले तो पस्त हुए ही हैं, साथ ही विपक्षी गठबंधन में नीतीश कुमार का कद काफी बढ़ गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि भले ही भाजपा लोकसभा चुनाव को हिंदुत्व के मुद्दे पर लड़ना चाहती है, लेकिन वह आरक्षण का विरोध नहीं कर सकती, क्योंकि आज के दौर में आरक्षण के खिलाफ जाना एक तरह से खुद की राजनीतिक हत्या ही होगी। ऐसे में जाहिर है भाजपा के लिए नीतीश के इस दांव का जवाब दे पाना बहुत आसान भी नहीं है।

गठबंधन में धमाकेदार वापसी की कोशिश

दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव के लिए बने विपक्षी गठबंधन में भी नीतीश कुमार हाशिये पर नजर आ रहे थे, लेकिन यह कार्ड खेल कर उन्हें विश्वास है कि एक बार फिर वह गठबंधन में धमाकेदार वापसी करेंगे। ऐसे में उनकी केंद्र की राजनीति करने की मंशा कितनी सफल होगी, फिलहाल कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन नीतीश कुमार अपने इस दांव से एक बार फिर सियासत के केंद्र में खड़े नजर आ रहे हैं। यह बात अलग है कि महिलाओं के खिलाफ अश्लील टिप्पणी करके नीतीश कुमार ने अपने दामन पर खुद ही बड़ा धब्बा लगा लिया है। बिहार ही नहीं, पूरे देश में इसकी भर्त्सना हो रही है। उनके माफी मांग लेने के बाद भी लोग अब उन्हें दूसरे नजरिये से देखने लगे हैं।

राजनीति हलचल

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विषैला पदार्थ मिलाकर दिया जा रहा : जीतन राम मांझी

बिहार में आरक्षण बढ़ाने का विधेयक विधानसभा के बाद विधान परिषद् से भी पास हो गया, लेकिन इससे ज्यादा चर्चा 13 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधित्व कर रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हालिया रवैये को लेकर हो रही है। पिछले कुछ महीनों से उनके व्यवहार में आये परिवर्तन को लेकर पहले जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह पर आरोप लग रहा था। लेकिन, जब सीएम नीतीश ने बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में शादी के बाद गर्भधारण रोकने का फॉर्मूला बताया, फिर माफी मांगी और उसके अगले दिन पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी को तू-तड़ाक कर दिया, तो बात दूसरी ओर बढ़ गयी। मांझी ने गुरुवार को सीएम के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी, लेकिन शुक्रवार को उस प्रतिक्रिया के साथ उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता भी जतायी। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने शुक्रवार को आरक्षण विधेयक के विधान परिषद् में पास होने के बाद कहा कि विपक्ष ने भी इसका समर्थन किया, लेकिन हमारी इच्छा बस यही थी कि डॉ अंबेडकर ने जब 10 साल में समीक्षा की बात कही थी, तो आप (नीतीश कुमार) या आपके बड़े भाई (लालू प्रसाद यादव) ने पहले भी कभी यह क्यों नहीं देखा कि इसका फायदा सही में जरूरतमंदों को मिल रहा है या नहीं? उन्होंने कहा कि पिछड़ों में जो अमीर हो चुके हैं, उनकी जगह गरीबों को आरक्षण का लाभ दिलाना ही हमारी इच्छा है। लेकिन, मुख्यमंत्री या विधानसभा अध्यक्ष इन बातों को सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को खाने में विषैला पदार्थ इसलिए दिया जा रहा है कि वह जल्दी से जल्दी नाकाबिल साबित हो जायें । मांझी ने कहा कि उन्हें गद्दी से हटाकर तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनने की जल्दबाजी में हैं, इसलिए उनकी पार्टी से बने विधानसभा अध्यक्ष भी आंख बंद कर गलत बातें होने दे रहे हैं। अंतिम सत्य मुख्यमंत्री की छवि खराब करने की ही है।

छत्तीसगढ़ में बसपा एक्टिव, बिगाड़ रही खेल

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में इस बार बसपा ने भी अपना चुनावी अभियान तेज कर दिया। मायावती ने भी चुनाव की कमान संभाल ली है। मायावती ने बिलासपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। केंद्र सरकार को भी घेरा। मायावती ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी जाति जनगणना की बात करती है, लेकिन उसने केंद्र में सत्ता में रहने के दौरान काका कालेलकर आयोग और मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू नहीं किया। जैजैपुर और बिलासपुर निर्वाचन क्षेत्रों में दो चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मायावती ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की भी आलोचना की और दावा किया कि लोकसभा और राज्य विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के कदम में अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की उपेक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि अब वे (कांग्रेस) जाति जनगणना के बारे में बात करते हैं। अब इनसे पूछा जाये, जब आप सुविधा देना नहीं चाहते, कानूनी अधिकार देना नहीं चाहते, आरक्षण देना नहीं चाहते तो फिर आप किस आधार पर कहते हैं कि जाति जनगणना होनी चाहिए। मैं अति पिछड़े वर्ग को बताना चाहती हूं कि आजादी के बाद कई वर्षों तक कांग्रेस केंद्र की सत्ता में रही लेकिन न तो कालेलकर आयोग और न ही मंडल आयोग की सिफारिशें लागू कीं। मायावती ने कहा, बसपा के कड़े संघर्ष और प्रयासों के कारण वीपी सिंह सरकार के सत्ता में आने के बाद मंडल आयोग की सिफारिशें लागू की गयीं। वीपी सिंह ने हमें (बसपा) अपनी सरकार में दो प्रमुख मंत्रालय की पेशकश की थी, लेकिन हमने तब इनकार कर दिया और हमारी दो मांगों को पूरा करने की मांग की - मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू करना और बाबा साहेब आंबेडकर के लिए भारत रत्न। दोनों मांगें वीपी सिंह सरकार ने पूरी की। उन्होंने कहा, यह कांग्रेस नहीं थी जिसने बाबा साहेब आंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया। मायावती ने कहा, केंद्र ने महिला आरक्षण विधेयक में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है लेकिन एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग की महिलाओं को इसमें कोटा नहीं दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन वर्गों की महिलाओं की उपेक्षा की गयी है।

बिहार विधानसभा में अब लड्डू कांड

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयानों को लेकर प्रदेश की राजनीति तो गर्म है ही, इस बीच राजद और भाजपा के विधायक को लड्डू बांटने के मुद्दे पर भी घमासान देखने को मिला। दरअसल, विधानसभा के बाहर भाजपा के विधायक नीतीश कुमार के बयानों के विरोध में धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। इसी बीच, राजद के कुछ विधायक आरक्षण संशोधन विधेयक के पास होने की खुशी में लड्डू बांट रहे थे। लड्डू बांटने के बाद राजद के विधायक धरने पर बैठे भाजपा विधायकों को भी लड्डू खिलाने का प्रयास किया, जिससे भाजपा के विधायक नाराज हो गये। इसी बीच, भाजपा के किसी विधायक ने लड्डू का डब्बा फेंक दिया। इसी को लेकर भाजपा और राजद के विधायक आमने-सामने आ गये। आरक्षण संशोधन बिल पास होने को लेकर बीजेपी विधायकों को लड्डू खिलाने की आरजेडी विधायकों ने कोशिश की। राजद विधायकों की ये कोशिश बीजेपी विधायकों को पसंद नहीं आयी। विधायकों में धक्का-मुक्की शुरू हो गयी। बीजेपी विधायकों ने राजद विधायकों के लड्डू विधानसभा गेट पर ही फेंक दिया। दोनों ओर से गर्मागर्म बहस भी हुई। विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा इस दौरान बीच में आये और दोनों तरफ के विधायकों को समझा-बुझाकर अलग किया। इसके बाद मामला समाप्त हुआ। दरअसल, बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी पर की गयी नीतीश की टिप्पणी का भी भाजपा विधायक विरोध कर रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने नीतीश सरकार के जातीय गणना पर सवाल उठाया था। जिसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मांझी की बेइज्जती कर दी थी।

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	28.6 °c	17.4 °c
सूर्यास्त (आज) :	17.07 बजे	
सूर्योदय (कल) :	05.59 बजे	

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 11 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in

बाबूलाल हवाई फायर नहीं करते, जमीन पर रह कर जमीनी बात करते हैं

मेरा टारगेट 41 प्लस सीटों का है : बाबूलाल मरांडी

भाजपा ने अलग राज्य बनाया, उसके मुख्यमंत्रियों ने राज्य को संवारा, घपले-घोटाले से बेदाग रहे, मोदी जी ने झारखंड को इज्जत बख्शी, झारखंड की जनता से 41 प्लस सीट की उम्मीद तो की ही जा सकती।

समर्थक अगर यह नारा लगाते हैं कि झारखंड का एक लाल, बाबूलाल, बाबूलाल, तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए। बाबूलाल यानि एक ऐसा राजनेता, जो हवाहवाई बात नहीं करता। अतिरंजित बातें नहीं करता। जिसे डिंगे हांकने का शौक नहीं। जो भावनाओं में नहीं बहता, अति उत्साह में जो अपना आपा नहीं खोता, संकट के समय में भी जो धैर्य और संयम का उदाहरण बन जाता है। दुखद घड़ी में भी जो अपने रास्ते से नहीं डिगता, और सबसे अलग जो जमीन पर रह कर जमीनी मुद्दों की बात करता है। खुद की वास्तविक स्थिति को समझता है। खुद को सही आंकने का प्रयास करता है और उसी को ध्यान में रख कर अपना दायरा बढ़ाता है। आज भी झारखंड की माटी का यह राजनेता करीब 64 साल की उम्र में कड़क धूप में अपनी राजनीतिक गतिविधियों को जारी रखता है, रास्तों-पगडंडियों और खेतों की धूल फांकता है। संकल्प यात्रा के माध्यम से झारखंड का कोना-कोना छान मारता है। हर चुनौती से निपटना बखूबी जानता है। वह जनता के बीच में रहता है। जिसके दरवाजे हर किसी के लिए खुले हैं वह चाहे समर्थक हो या विरोधी। वह सबकी समस्याएं सुनता है, उनकी आवाज बनता है। समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करता है। यह हकीकत है कि बाबूलाल मरांडी ने अपना सफर स्कूल टीचर के रूप में शुरू किया था। भ्रष्टाचार देखा तो स्कूल की नौकरी

बाबूलाल मरांडी : 10 नवंबर 2023

को ठोकर मार दी। उसके बाद संघर्ष कर झारखंड के मुख्यमंत्री भी बने। लेकिन उनका संघर्ष यहीं खत्म नहीं हुआ। उग्रवाद के खिलाफ कड़े फैसले लेने के कारण जिन्होंने अपना एक बेटा भी खोया। वह झारखंड के पहले मुख्यमंत्री रहे हैं, जिन्हें यह कहने में हिचकिचाहट या पश्चाताप का बोध नहीं हुआ कि उनके शासन में भी भ्रष्टाचार हो रहा है। उनके आसपास भ्रष्टाचार हो रहा है, उसे देख कर उन्हें रात में नींद नहीं आती। उनके मन में यह टीस थी कि कैसे भ्रष्टाचार से निपटा जाये। उनका मानना था कि भ्रष्टाचार रुक नहीं सकता, तो कम तो जरूर किया जा सकता है। उन्होंने अपने कार्यकाल में झारखंड के विकास का ऐसा पैमाना सेट किया, जो आज भी लोगों के जेहन में एक बेंचमार्क की तरह है। इसमें कोई दो राय नहीं कि बाबूलाल मरांडी झारखंड को बहुत अच्छी तरह से समझते हैं। यहां की समस्याओं से वह भली-भांति अवगत हैं। आम लोगों से भी करीब से जुड़े हुए हैं। झारखंड का विकास कैसे हो सकता है और किस तरह हो सकता है, उन्हें बखूबी पता है। उन्हें पता है कि जब तक जमीन पर रह कर काम नहीं होगा, झारखंड की क्या चुनौतियां हैं ये पता नहीं चलेंगी। इसलिए वह झारखंड का कोना-कोना घूमते हैं। झारखंड की ऐसी कोई जगह नहीं, जहां बाबूलाल 10-20 लोगों को नाम से नहीं जानते। बाबूलाल मरांडी कहते कम हैं, काम में ज्यादा विश्वास करते हैं।

56-65 नहीं, विधानसभा में 41 प्लस का लक्ष्य

चुनावों के दौरान अभी तक आपने झारखंड के राजनेताओं के मुंह से सुना होगा कि अबकी बार 65 पार, या 81 में से 56 सीटों पर हमारी जीत तय है। और भी बड़े बड़े दावे आपने सुने होंगे, लेकिन कभी आपने सुना है कि हमें ज्यादा नहीं तो कम से कम 41 प्लस सीटों पर जीत हासिल करनी है। जी हां, यह मानना है बाबूलाल मरांडी का। बाबूलाल मरांडी का कहना है कि जिस तरह से भाजपा की सरकार ने झारखंड के विकास के लिए काम किया है, चाहे खुद उनके मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल की बात हो, या फिर अर्जुन मुंडा या फिर रघुवर दास के कार्यकाल की, सभी ने अच्छा काम किया है। सभी ने विकास का एक पैमाना सेट किया है। बाबूलाल कहते हैं, भाजपा ने अलग राज्य बनाया। राज्य बनने के बाद मैं खुद सीएम रहा, अर्जुन मुंडा सीएम रहे, रघुवर दास सीएम रहे। हम तीनों मुख्यमंत्रियों ने काफी अच्छा काम किया। राज्य का विकास भी हुआ। सड़कें बनीं, पुल पुलिया बने, गांव तक बिजली पहुंची। जितनी भी बुनियादी सुविधाएं होती हैं, उन्हें राज्यवासियों के लिए मुहैया करवाया गया। अभी मोदी सरकार भी बहुत अच्छा काम कर रही है। झारखंड के लिए मोदी सरकार ने बहुत कुछ किया है। बड़ी-बड़ी जनहित की योजनाओं की शुरुआत झारखंड से हुई। पीएम आवास से लेकर उच्च कोटि की सड़कों का निर्माण करवाया। किसानों के खाते में पैसा, फ्री राशन, करीब पांच किलो अनाज हर महीने गरीबों को मिल रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में खूब काम हुआ। आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत पीएम मोदी ने झारखंड से ही की। आदिवासियों के लिए मोदी सरकार ने बहुत काम किया है। उनके सम्मान में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के दिन जनजाति गौरव दिवस मनाया जाता है। मेरा मानना है कि झारखंड में इतना कुछ करने के बाद भी मेरी एक कसक है। यह सच है कि 41 प्लस सीटें भाजपा अपने दम पर अभी तक नहीं जीत पायी है। इसका दर्द मेरे मन में आज भी है। हमारा प्रयास है कि 2024 में इस मिथक को हम तोड़ें। हम कम से कम 41 प्लस सीटों पर जीत दर्ज कर सकें। हमने बहुत बड़ा लक्ष्य नहीं रखा है। हमने बस इतना ही लक्ष्य रखा है। वह कहते हैं, भाजपा के पास राज्य बनने से पहले 32-33 सीटें थीं। उसके बाद 2005 में 23 सीटों पर जीती। 2014 में भाजपा को 37 सीटें मिलीं। उसके बाद 2019 में 25 सीटों पर जीत हासिल हुई। लेकिन अभी तक 41 प्लस सीटें भाजपा को नहीं मिल पायी हैं। लोकसभा के लिए हमारा प्रयास है कि 14 की 14 सीटों पर भाजपा को जीत मिले। फिलहाल 12 तो अपने पास है। फाइट तो वन टू वन रहा था 2019 में भी। जिन दो सीटों पर जीत हासिल नहीं हुई थी, कोशिश है कि उस पर भी जीत हासिल हो। लेकिन विधानसभा के लिए कम से कम टारगेट हमारा 41 प्लस है। इतना तो होना ही चाहिए। इसे हासिल करने के लिए जितनी ताकत लगानी पड़े लगायेंगे। बाबूलाल मरांडी 10 नवंबर को अपने आवास पर आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह से बातचीत कर रहे थे।

संकल्प यात्रा पर निकलने का कारण क्या रहा

बाबूलाल मरांडी से जब हमने संकल्प यात्रा के बारे में सवाल किया तो उन्होंने कहा: संकल्प यात्रा तो एक जरिया था, झारखंड की जनता की उस पीड़ा को समझने का, जिससे वह कराह रही थी। झारखंड के लोगों के उस आरोप को सत्यापित करने का, जो मुलाकात के समय हमसे बयां करते थे। लोग बार-बार कहते थे कि झारखंड अवैध कारोबार का हब बनता जा रहा है। अवैध कोयला खनन, अवैध पत्थर खनन, अवैध बालू खनन यहां तक कि अवैध परिवहन तक होने का आरोप लोग लगा रहे थे। हमने सोचा कि कहीं इसमें अतिरंजना तो नहीं है। सो मैंने तय किया कि जनता के बीच में, गांवों-शहरों में, कारोबार स्थलों पर और औद्योगिक क्षेत्रों में जाकर जमीनी स्तर पर इसका सत्यापन किया जाये। इसी उद्देश्य से मैं संकल्प यात्रा पर निकला था। इस यात्रा के दौरान लोग खुल कर सामने आये। सरकार से त्रस्त अपनी बातों को सामने रखा। बेरोजगारी से लेकर भ्रष्टाचार तक की बातें सामने आयीं। लचर कानून व्यस्वस्था का पुख्ता प्रमाण लोगों से मुंह से सुना। प्रभावित परिवारों से मिल कर उसका एहसास किया। बाबूलाल ने कहा कि जब संकल्प यात्रा के लिए वह निकले, तो जो भी हेमंत सरकार के कारनामों के बारे में अखबारों में वह पढ़ते थे, जैसे झारखंड की कानून व्यवस्था लचर स्थिति में है, हर तरफ भ्रष्टाचार चरम पर है, यात्रा के दौरान भी वही पाया। बाबूलाल ने कहा कि बहुत पीड़ा के साथ लोगों ने उन्हें बताया कि कैसे उनकी बातें पुलिस नहीं सुनती। कैसे उनके साथ नाइंसाफी होती है। पुलिस वसूली में लगी हुई है। भ्रष्टाचार कहां नहीं है। अंचल में, ब्लॉक में हर तरफ भ्रष्टाचार सुरसा की तरह मुंह बाये खड़ा है। बाबूलाल ने कहा कि झारखंड में हर तरफ अवैध बालू, अवैध खनन, पत्थर से लेकर जमीन तक सब जगह अवैध धंधा बेरोकटोक जारी है। झारखंड में दलाल बिचौलियों का बोलबाला है। जमीन को लेकर हत्याएं हो रही हैं। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। झारखंड की बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो चुका है। छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान त्रस्त हैं। किसानों को पिछले साल का धान का पैसा अब तक नहीं मिला है। बेरोजगारी चरम पर है। धनबाद में व्यापारी डरे हुए हैं। उद्योग-धंधे बंद कर रहे हैं। कहां जा रहा है झारखंड। संकल्प यात्रा के दौरान मैंने यह पाया कि चार सालों में झारखंड का सीना अवैध कारोबार से छलनी हो गया है।

झारखंड में इडी की सक्रियता पर बाबूलाल का नजरिया

बाबूलाल मरांडी से जब इडी की झारखंड में सक्रियता और कार्रवाई के बारे में सवाल पूछा, तो उन्होंने कहा कि देखिए, मैंने सरकार को कई पत्र लिखे। इनमें से मैं दो पत्रों के बारे में कहना चाहता हूं। एक पत्र मैंने लिखा था साहिबगंज को लेकर। कैसे गंगा नदी में स्टीमर अवैध रूप से चलाया जा रहा है। कैसे उसमें चोरी का पत्थर पार करवाया जा रहा है। कैसे नदी में जो रूट का परमिशन होता है, उस पर न चलकर शॉर्टकट रास्ता अपना कर गलत किया जा रहा है। कैसे रात में स्टीमर चलता है, जिसका परमिशन नहीं है। वहां के लोकल लोगों का कहना था कि स्टीमर में ओवरलोडिंग भी होती है। रात में भी चलता है। इससे कभी भी एक्सीडेंट हो सकता है। जब मुझे यह जानकारी मिली तो मैंने बिहार सरकार और झारखंड सरकार दोनों को पत्र लिखा। उस पत्र में मैंने जिक्र किया कि साहिबगंज में कभी भी दुर्घटना हो सकती है। पत्र लिखने का आशय यह था कि हेमंत सोरेन उस पर संज्ञान लें। मैंने नीचा दिखाने के लिए पत्र नहीं लिखा था। लेकिन उस पत्र को रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया। दुष्परिणाम यह हुआ कि स्टीमर में दुर्घटना हो गयी। अगर सरकार ने उस वक्त जांच करवा ली होती, तो एक तो दुर्घटना नहीं होती और अवैध तरीके से किया जा रहा काम भी रुक जाता। लेकिन सरकार ने कुछ भी नहीं किया। अब जब दुर्घटना हुई, मामला सामने आया, तो इडी तो जांच करेगी ही। सो कर रही है। बाबूलाल मरांडी कहते हैं, दूसरा पत्र शराब टेंडर को लेकर मैंने लिखा। जब शराब को लेकर पहली दफा टेंडर हुआ, वह तो कैंसिल हो गया। मैंने जानने की कोशिश की कि आखिर टेंडर क्यों कैंसिल हुआ। तब पता चला कि अमुक-अमुक कंपनी को टेंडर देना था। उनके अनुकूल टेंडर का फॉर्मेट नहीं बना था, तो उन लोगों ने टेंडर डाला ही नहीं, तो कैंसिल हुआ। अब दुबारा टेंडर होगा, तो उन्ही लोगों के अनुकूल बनेगा, उन्ही लोगों को मिलेगा, तभी टेंडर होगा। यह जानकारी लोगों ने मुझे दी थी। इस मामले को लेकर मैंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा था। इसके बाद भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नहीं चेते। परिणाम सामने है। शराब टेंडर घोटाले की फाइल खुल चुकी है। उन्होंने कहा: मैं जब भी पत्र लिखता हूं, आलोचना के लिए नहीं लिखता। सरकार के संज्ञान में उन बातों को लाने के लिए लिखता हूं, जो घट रही होती हैं। उन्हें सामने लाने का प्रयास करता हूं। झारखंड में इडी अगर सक्रिय है, तो यहां चल रहे अवैध कामों, भ्रष्टाचार के मामलों को सुलझाने के लिए सक्रिय है। वह अपना काम कर रही है। अगर भ्रष्टाचार हुआ है, तो अंजाम भुगतना भी पड़ेगा। बातचीत करते-करते उन्हें याद आया कि अपने रूटीन चेकअप के लिए उन्हें डॉक्टर के पास जाना है। उसके बाद हम वहां से निकल गये। आवास के बाहर परिसर में कार्यकर्ताओं का जमावड़ा। कुछ मिलने आये थे, कुछ अपनी समस्याओं को सुनाने आये थे। कुछ लोग दीपावली की मिठाई देने भी आये थे। बाबूलाल सबसे मिलते हुए अपनी गाड़ी की तरफ बढ़ गये और यह संवाददाता अपनी गाड़ी की तरफ।

भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक - 753006, ओड़िशा, भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या /Advertisement No. 32/PA/AFO/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"संग्रहीत बीजों की सुरक्षा और गुणवत्ता प्रस्तुति के लिए जूट बैग का विकास"** शीर्षक परियोजना ईएपी-414 के तहत **एक (01) प्रोजेक्ट असिसटेंट** तथा **एक (01)** एग्रीकल्चरल फिल्ड ऑपरेटर के चयन के लिए दिनांक क्रमशः **17.11.2023** तथा **20.11.2023** को प्रत्यक्ष साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-Interviews will be held on **17.11.2023** and **20.11.2023** for selection of **one (01) Project Assistant (PA)** and **one (01) Agricultural Field Operator (AFO)** respectively at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Development of jute bags for protection and quality presentation of stored seeds" (EAP-414).** The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in.**

प्रधान अन्वेषक/PRINCIPAL INVESTIGATOR

पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं.50/ET/SBP/ENGG/2023-24, दिनांक : 06.11.2023

ई-निविदा सं.26-eT-SDENS-SBP-23

कार्य का नाम : सम्बलपुर मण्डल के मण्डल अभियन्ता/साउथ के अधिकार क्षेत्र के अधीन (1)CTR(P)-देवगांव रोड-टिटिलागड़-2.00 TKm, (2) TRR(P)-लान्जीगड़ रोड-जूनागड़ रोड-1.178 KM, (3) पुल नं.468 UP, 487 UP, 514 DN एवं 540 UP में TFR(CH)-133 स्लीपर एवं (4) टिटिलागड़-सिंगापुर रोड : TTSR-1 सेट एवं TTR(CS)-2 सेट से संबंधित P.Way कार्य का निष्पादन।

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) : 72,07,992.87, बिड सिक्युरिटी (रुपये में) : 1,44,200, कार्य पूरा होने की अवधि : 12 (बारह) महीने।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 30.11.2023 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), सम्बलपुर

PR-758/O/23-24

डिप्लोमा-इन-फार्मेसी परीक्षा समिति, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार
(कार्यालय-झारखण्ड स्टेट फार्मेसी कॉन्सिल, बरियातु राँची- 834009)
Mob. No.: 9431371283 ; Email Id: d.pharmexamcommittee@gmail.com

अल्पकालीन निविदा

पत्रांक -D.Pharm/512/2023 दिनांक : 10.11.2023

डिप्लोमा-इन-फार्मेसी परीक्षा समिति के कार्यालय में कार्यो की अधिकता एवं परीक्षा संबंधित तैयारी को लेकर परीक्षा से संबंधित विभिन्न कागजातों को भारी मात्रा में Print करने की जरूरत पड़ेगी इसके लिए 1 (one) Digital Heavy duty color Copier-cum-Printer की आवश्यकता है जिसके लिए कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। अतः इच्छुक प्रतिष्ठान दिनांक-18.11.2023 के संध्या 03:00PM तक अपना सील किया हुआ कोटेशन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निश्चित रूप से जमा करें। कोटेशन के साथ निविदाकर्त्ता अपना पैन कार्ड, GSTIN Certificate और पिछला कार्य आदेश की प्रति संलग्न करें। ऊपर दर्शाये गये तिथि एवं समय के पश्चात् कोटेशन स्वीकार नहीं किया जायेगा। सामग्री की आपूर्ति कार्यालय आदेश निर्गत होने के दिन से 3 दिनों के अन्दर करना होगा। सामग्री की Delivery & Installation के लिए किसी तरह का अलग से भुगतान नहीं किया जायेगा। निविदा से संबंधित सभी अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेंगे।

Digital Heavy duty color Copier-cum-Printer with specification as follow:-

1. Scanner Speed – 45-55 CPM
2. Print Resolution- 1200 x 2400 dpi
3. Ram –4gb(minimum)
4. Processor- 1.91GHz
5. HDD- 128 GB SSD
6. 4 TRAY
7. Up to 300 GSM Printing

(कौशलेन्द्र कुमार)
सदस्य सचिव
डिप्लोमा-इन-फार्मेसी परीक्षा समिति, झारखण्ड, बरियातु, रांची- 834009

कार्यालय - नगर परिषद, सिमडेगा

पुन: अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–16/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् सिमडेगा।
2. कोटेशन प्रपत्र विपत्र बिक्री की तिथि – 16.11.2023 से 17.11.2023 तक।
3. कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय – 18.11.2023 को अपराह्न 2.00 बजे तक।
4. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय – 18.11.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. कोटेशन प्राप्ति एवं खोलने का स्थान – कार्यालय नगर परिषद् सिमडेगा।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	अग्रधन की राशि	कोटेशन प्रपत्र का मूल्य
1	2	3	4
1	चापाकल मरम्मति हेतु सामग्री (Spare Parts for I.M. 2 and I.M. 3 D.T.) की आपूर्ति सूची संलग्न (BIS Specification)	10,000.00	1000.00

नोट:– कोटेशन की शर्तें सभी कार्य दिवसों में सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे अपराह्न तक नगर परिषद कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक
नगर परिषद, सिमडेगा।

ज्ञापांक : 1708(ii), दिनांक : 10–11–23

कार्यालय–नगर परिषद, सिमडेगा

पुनः अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–15/2023–24

1. विभाग का नाम – कार्यालय, नगर परिषद, सिमडेगा।
2. कोटेशन बिक्री की तिथि एवं समय – 16.11.2023 से 17.11.2023 तक अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय – 18.11.2023 को अपराह्न 02:00 बजे तक।
4. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय – 18.11.2023 को अपराह्न 3.00 बजे।
5. कोटेशन प्राप्ति एवं खोलने का स्थान – कार्यालय नगर परिषद, सिमडेगा।

Sl. No.	Particulars	कोटेशन प्रपत्र का मूल्य	Quantity
1.	Supply of Alumina Ferric confirming to IS:299/1989 (Fourth Revision) for treatment of drinking Water Minimum $Al_2 0_3$ content should be 16% to Including packing, carriage, Loading & unloading stacking at store at Simdega	1,000.00	आवश्यकतानुसार
2.	Bleaching	1,000.00	do

सामग्रियों की आपूर्ति के लिए शर्तें:–

6. कोटेशन दाता को कोटेशन के साथ उससे संबंधित पूर्ण विवरण संलग्न करना है।
7. कोटेशन दर में सभी टैक्स संनिहित रहेगा। इसके लिये अलग से भुगतान नहीं होगा।
8. आपूर्ति नगर परिषद, सिमडेगा के कार्यालय में होना है इसके लिये अलग से परिवहन व्यय देय नहीं होगा।
9. कोटेड दर अंक और अक्षर में होना आवश्यक है एवं कोटेशन बन्द लिफाफा में मान्य होगा।
10. Alumina Ferric Grade IV होना चाहिए।
11. आपूर्तिकर्ता को भुगतान चेक/ड्राफ्ट द्वारा सामग्री नगर परिषद सिमडेगा को उपलब्ध कराने के पश्चात् किया जायेगा। बैंक कमीशन आपूर्तिकर्ता को वहन करना होगा।
12. कोटेशन में डाले हुए दर एक वर्ष तक मान्य होगा तथा आपूर्ति आदेश के 7 दिनों के अन्दर आपूर्ति करना होगा।
13. आपूर्ति किया जाने वाला सामग्री अच्छी गुणवत्ता का होना चाहिए।
14. आपूर्तिकर्ता को आयकर प्रमाण–पत्र एवं जी.एस.टी. नं., पैन नं. तथा झारखण्ड टीन नं. का स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्तिकर्ता का एकरारनामा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
16. आपूर्तिकर्ता को अद्योहस्ताक्षरी के साथ दो दिनों के अन्दर एकरारनामा करा लेना आवश्यक होगा।

ह0/–
प्रशासक
नगर परिषद, सिमडेगा।

ज्ञापांक : 1707(ii), दिनांक : 10–11–23

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 11 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in

धनतेरस: बम-बम बोला रांची का बाजार

25 फीसदी तक का रहा ग्रोथ, ऑफर की भी बरसात

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। धनतेरस के मौके पर शुक्रवार को रांची का बाजार बम-बम रहा। सुबह से ही लोग खरीदारी करते नजर आये। समय के साथ बाजार की रौनक भी बढ़ती चली गयी। देर शाम तक सभी सेक्टरों में खरीदारों की भीड़ दिखी। बाजार में पिछली बार की तुलना में इस बार 25 फीसदी तक का ग्रोथ रहा। संचालकों की मानें तो ऑफर के कारण भी बाजार बेहतर रहा। यहां तक कि गली-मुहल्लों की दुकानों में भी अच्छी खासी भीड़ दिखी। रंग-बिरंगी लड़ियों से बाजार छाया रहा। धनतेरस के साथ ही दीपावली की शुरुआत मानी जाती है। इस बार छोटी दीपावली 11 नवंबर को, जबकि प्रकाश का पर्व दीपावली 12 नवंबर को है।

शाइन फिनिशिंग की मूर्तियों की डिमांड : धनतेरस पर राजधानी में लोग सोने, चांदी की जम कर खरीदारी करते दिखे। इस बार शाइन फिनिशिंग में रंग-बिरंगी भगवान लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों की मांग काफी ज्यादा रही। इसके अलावा चांदी के सिक्कों और सोने के सिक्कों की ज्यादा बिक्री रही।

रंग-बिरंगी लाइट और सजावट के सामान की बिक्री ज्यादा : दीपावली पर लोग घर की सजावट के लिए भी जमकर खरीदारी करते दिखे। घर को लाइटों से सजाने के लिए अलग-अलग तरह की लाइटें बाजार में मिल रही हैं। लकड़ी से लेकर मिट्टी के सामानों की खरीदारी भी लोगों के द्वारा की जा रही है। लोग फ्लावर पॉट और प्लास्टिक के आर्टिफिशियल फूल खरीदना पसंद कर रहे हैं।

सुधा मोटर्स के सीइओ अभिषेक सिंह कहते हैं कि बाजार में रौनक छायी रही। 20 से 25 प्रतिशत कारोबार तेजी पर रहा। पिछले सालों की तुलना करें, तो काफी अच्छा कारोबार हुआ। हर सेक्टर में खरीदारी को लेकर लोगों का उल्लास दिखा।

वहीं रेखा सेल्स के संचालक अमित अग्रवाल ने कहा कि ग्राहक भी दिल खोल कर खर्च करते दिखे। इस बार खरीदारी को लेकर काफी उल्लास दिखा। ग्राहकों को देखते हुए विशेष प्रबंध भी किये गये थे। धनतेरस पर लोगों ने प्री बुकिंग भी करायी थी।

शिव चंद्रा ज्वेलर्स के संचालक संजय सोनी कहते हैं कि सोना-चांदी का बाजार भी काफी अच्छा रहा। सोने और चांदी के सिक्के की बिक्री पिछले साल की तुलना में काफी अच्छी रही।

कारोबार काफी अच्छा रहा

महालक्ष्मी सुजुकी रांची के निदेशक निखिल गोयल का कहना है कि कारोबार काफी अच्छा रहा। सिर्फ धनतेरस के मौके पर 20 प्रतिशत तक का ग्रोथ रहा। वैसे पूरे महीने की बात करें, तो 50 फीसदी का ग्रोथ होना लगभग तय है।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष परिस्थिति में सुधार होगा, उच्चस्तरीय लोगों से सम्पर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी।

वृष रोजी-रोजगार में सफलता, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, राजनीतिक लाभ।

मिथुन प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, सुख-सौहार्द की वृद्धि।

कर्क सक्रिय व्यक्तित्व का विकास, आत्मविश्वास में वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ।

सिंह सक्रियता बनाये रखें, सभी काम देरसबेर पूरा होगा, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे।

कन्या आर्थिक उन्नति,पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे, पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा।

तुला कर्मक्षेत्र में अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे।

वृश्चिक चिरसंचित अभिलाषा पूरी होगी, आकस्मिक लाभ,स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।

धनु सुख-साधनों की वृद्धि, आत्मविश्वास में वृद्धि, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।

मकर सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ, हर्षदायक समाचार मिलेंगे।

कुंभ महत्वपूर्ण काम सिद्ध होंगे, आरोग्यसुख, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

मीन कर्मक्षेत्रमें संतोषजनक प्रगति, सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, व्यापार में लाभ।

चंदन डैम की सफाई और मरम्मत पर केंद्र सरकार ने झाड़ा पल्ला, कहा

बिहार और झारखंड सरकार लेगी निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बांका, बिहार के चंदन डैम से सिंचाई के लिए झारखंड को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में केंद्र सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि चंदन डैम की मरम्मती एवं इस डैम के गाद को हटाने में उसकी कोई भूमिका नहीं है। बिहार सरकार और झारखंड सरकार ही इस पर निर्णय लेने में सक्षम हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार के जवाब पर बिहार सरकार एवं झारखंड सरकार को जवाब

दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई फरवरी 2024 निर्धारित की है। दरअसल, कोर्ट ने पिछली सुनवाई में केंद्र सरकार से पूछा था कि चंदन डैम में जो सिल्ट (गाद) जमा हो गये हैं, उसे हटाने के लिए बिहार सरकार के साथ संयुक्त अभियान चलाने के संबंध में लिखे गये पत्र पर केंद्र सरकार ने क्या निर्णय लिया है। इससे पहले बिहार सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि चंदन डैम से गाद हटाने के संबंध में भारत सरकार के साथ ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया जाना है। इसे लेकर भारत सरकार को वर्ष 2022 में बिहार सरकार द्वारा एक पत्र लिखा गया है, लेकिन पत्र पर कोई जवाब नहीं आया है। दरअसल, बिहार सरकार ने चंदन डैम से झारखंड को पानी देने में असमर्थता जतायी है। वहीं झारखंड सरकार का कहना है कि उसे इस डैम से पानी मिलना चाहिए, ताकि गोड्डा में सिंचाई हो सके। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि चंदन डैम में 6 कैनाल सिस्टम है, जिनमें 4 कैनाल सिस्टम झारखंड में आते हैं तथा दो बिहार में आते हैं। यह स्ट्रक्चर डैमेज हो चुका है, जिसका रिपेयर करना जरूरी है, ताकि गोड्डा जिला में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके। प्रार्थी निशिकांत दुबे ने गोड्डा में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी के लिए चंदन डैम के कैनाल सिस्टम को रिपेयर करने का आग्रह करते हुए 2016 में जनहित याचिका दाखिल की थी।

अल्बर्ट एक्का चौक पर बनेगा देश का पहला गोल फुट ओवरब्रिज



रांची (आजाद सिपाही)। अलबर्ट एक्का चौक पर देश का पहला गोल फुट ओवरब्रिज बनेगा। इसे बनाने में करीब 18 करोड़ रुपये खर्च होंगे। छह महीने में काम पूरा करने की अवधि तय की गयी है। फुट ओवरब्रिज के निर्माण का काम पश्चिम बंगाल के अलिपुरद्वार की बीआरबीए कंपनी को दिया गया है। कंपनी ने अल्बर्ट एक्का चौक पर मार्किंग और नापी का काम शुरू कर दिया है।

मनरेगा मजदूरों के बकाया भुगतान का रास्ता साफ

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मनरेगा मजदूरों के बकाया भुगतान के लिए 620 करोड़ रुपये की राशि भारत सरकार ने जारी की है। दूसरी और तीसरी किस्त की राशि दी गयी है। मनरेगा मजदूरों को दूसरी किस्त में एससी कोटा के मजदूरों के लिए 40,92,16,67 रुपये, एसटी कोटा में 72,68,76,389 रुपये और सर्वाधिक अन्य कोटा में 138,66,60,033 रुपये जारी किये गये हैं। इसी तरह तीसरी किस्त में भी एससी कोटे में 52,07,33,590 रुपये, एसटी कोटे में 99,44,60,853 रुपये व सर्वाधिक अन्य कैटेगरी में 216,84,13,666 रुपये दिए गये हैं। केंद्र के दो-दो किस्त की राशि एक साथ देने से मनरेगा मजदूरों को दीवाली गिफ्ट के रूप में केंद्र ने बकाये भुगतान का रास्ता साफ किया है। चार-पांच माह से मजदूरों का बकाया था, जिससे मनरेगा का काम प्रभावित हो रहा था। कई दफा सरकार से मजदूरी की मांग की जा रही थी। राज्य सरकार ने भी केंद्र को इस संबंध में पत्र लिखा था जिसके बाद अब मजदूरी भुगतान का रास्ता साफ हुआ है।

आज सांस्कृतिक मेला का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) की ओर से 11 नवंबर को शैक्षिक सह सांस्कृतिक मेला का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम हज हाउस कडरू में दिन के साढ़े नौ बजे से शुरू होगा। इसमें 20 से अधिक स्कूलों की हिस्सेदारी होगी। मीडिया प्रभारी मुस्तकीम आलम के अनुसार इसमें बतौर अतिथि विस अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, मंत्री हफीजुल हसन समेत, विधायक इरफान अंसारी, विनोद पांडेय, बंधु तिर्की उपस्थित रहेंगे।

रातू सीओ और अन्य एसीबी कोर्ट में पेश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जमीन म्यूटेशन के लिए घूस लेने के आरोपी रातू अंचल के सीओ प्रदीप कुमार को एसीबी ने कोर्ट के समक्ष पेश किया। उन्हें रांची सिविल कोर्ट स्थित एसीबी की विशेष न्यायालय में कड़ी सुरक्षा के बीच प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद न्यायालय ने उन्हें और अन्य अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया है। बता दें कि गुरुवार को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एसीबी की टीम ने रातू अंचल कार्यालय में छापेमारी की थी। इस दौरान एसीबी के अधिकारियों ने रातू सीओ प्रदीप कुमार, हलका कर्मचारी

सुनील सिंह और एक दलाल को 25 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया था।

अंचल कार्यालय में छापेमारी के बाद एसीबी की टीम प्रदीप कुमार को लेकर उनके रातू रोड स्थित इंद्रपुरी रोड नंबर एक आवास भी पहुंची और वहां भी छापेमारी की। उसमें करीब दो लाख रुपये से ज्यादा के कैश की बरामदगी हुई। बरामद पैसों को एसीबी ने जब्त कर लिया।

दिल्ली में झारखंड भवन बन कर तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। नयी दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित गुरुद्वारा बंगला साहिब लेन में 108 करोड़ की लागत से नया झारखंड भवन बन कर तैयार है। इंटीरियर और फिनिशिंग का काम हो चुका है। सजावट और लाइटिंग का काम चल रहा।

पहले इस भवन के उदघाटन के लिए 15 नवंबर की तिथि रखी गयी थी। कुछ कार्यों को देखते हुए इसका उदघाटन इस माह के अंत तक होने की उम्मीद है। हालांकि पहले इसे मार्च तक पूरा करने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन डिजाइन में बदलाव होने के कारण इसमें देरी हुई।

बनाया गया है सुविधा युक्त आधुनिक भवन: नया झारखंड भवन प्रथम श्रेणी के गेस्ट हाउस की तरह सुसज्जित है। इसमें दो बेसमेंट और आठ फ्लोर हैं।

बेसमेंट में करीब 102 कार पार्किंग की व्यवस्था है। ग्राउंड फ्लोर में रिसेप्शन, लॉबी, 120 लोगों की क्षमता का डाइनिंग हॉल और जिम है।

पहले तल्ले पर मुख्यमंत्री और स्थानिक आयुक्त के कार्यालय कक्ष के साथ 90 सीटों का कांफ्रेंस हॉल है। दूसरे, तीसरे और चौथे तल्ले पर 45 गेस्ट रूम की व्यवस्था है। पांचवें और छठे तल्ले पर आठ-आठ यानी कुल 16 वीआइपी सूइट हैं। सातवें तल्ले पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री के सूइट होंगे। साथ ही दो वीवीआइपी सूइट रूम होंगे। भवन पूरी तरह वातानुकूलित होगा। अपर बेसमेंट से लोअर बेसमेंट में कार ले जाने के लिए कार लिफ्ट लगायी गयी है।

जहां 30 साल मुंशी का काम किया, भोला अब वहीं बतौर अधिवक्ता करेंगे प्रैक्टिस

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। संगत से गुण होत है, संगत से गुण जात। ये कहावत भोला प्रसाद साहू के ऊपर बिल्कुल फिट बैठती है। भोला साहू पिछले करीब तीस वर्षों से वकीलों के बीच हैं। अब तक वह वकीलों के लिए मुंशी का काम करते थे, लेकिन वकीलों की संगत और वकालत के पेशे से ये इतने प्रभावित हुए कि करीब पचास वर्ष की उम्र में इन्होंने वकालत करने की ठान ली। भोला साहू ने कोडरमा से लॉ की पढ़ाई शुरू की। वर्ष 2020 में उन्होंने हजारीबाग के बिनोवा भावे यूनिवर्सिटी से संबद्ध झारखंड विधि महाविद्यालय झुमरीतिलैया में एलएलबी में दाखिल लिया। उनका एलएलबी

का कोर्स इस वर्ष पूरा हो गया। आपको यह जान कर हैरानी होगी कि जिस उम्र में लोग घर-गृहस्थी और अन्य बातों में व्यस्त हो जाते हैं, उस उम्र में भोला साहू ने अपने बैच में प्रथम स्थान हासिल करते हुए अपनी लॉ की पढ़ाई पूरी की। भोला साहू के लॉ का कोर्स पूरा होने के बाद अब वह उसी सिविल कोर्ट में वकालत करेंगे, जिस सिविल कोर्ट में वह और उनके पिता वकीलों के मुंशी थे। भोला साहू की इस उपलब्धि से सिविल कोर्ट के अधिवक्ता काफी खुश हैं। लॉ की डिग्री मिलने के बाद भोला साहू ने रांची में अपने साथी वकीलों को मिठाई खिला कर खुशी का इजहार किया।

घोषणा वीर मुख्यमंत्री की एक और हवा हवाई घोषणा

अंतिम महीनों में छात्रों की याद आ ही गयी : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को घोषणा वीर मुख्यमंत्री बताया। वह मुख्यमंत्री के द्वारा छात्रों की प्रतियोगी परीक्षाओं में शुल्क माफी की वापसी की घोषणा पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। प्रतुल ने कहा कि अब मुख्यमंत्री के कार्यकाल में चंद महीने रह गये हैं, तो मुख्यमंत्री जी को आदिवासी, मूलवासी, छात्र, पिछड़ा वर्ग सब याद आ रहे हैं। मुख्यमंत्री को जवाब देना चाहिए कि छात्रों की शुल्क माफी की घोषणा वह चार वर्ष बाद क्यों कर रहे हैं? इन छात्रों को झामुमो के संकल्प पत्र में किये वादे के अनुसार चार वर्षों तक बेरोजगारी भत्ता क्यों नहीं मिला?

झामुमो ने स्पष्ट रूप से अपने मेनिफेस्टो में रोजगार नहीं मिलने तक बेरोजगार ग्रेजुएट्स को ? 5000 प्रति माह और पोस्ट ग्रेजुएट को ? 7000 प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की थी।प्रतुल ने कहा की मुख्यमंत्री को यह भी बताना चाहिए कि आदिवासी मूलवासी के हित में उन्होंने एक सरकारी संकल्प से 1932 के खतियान को क्यों नहीं लागू किया? उसे भूल भुलैया में क्यों फसाने का प्रयास किया? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार चार वर्षों में 20 लाख सरकारी नौकरियां हो जानी चाहिए थी, पर अब तो हालत यह है कि सरकार मात्र 70- 80 नियुक्तियों के भी बड़े-बड़े पोस्टर, बैनर लगा कर सूचना देती है। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री को अचानक पिछड़ा वर्ग भी याद आने लगा है, जबकि उनको आरक्षण देने के लिए ट्रिपल टेस्ट कराने को अधिसूचित पिछड़ा वर्ग आयोग अभी तक अध्यक्ष विहीन है। प्रतुल ने कहा कि प्रदेश की आदिवासी,मूलवासी जनता और युवा आगामी चुनाव में बैलट के जरिए इस वादा खिलाफी के लिए हिसाब बराबर करने को तैयार है।

विशाल को जमानत देने से इनकार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गैंगस्टर सुशील श्रीवास्तव हत्याकांड में शामिल सजायफ्ता विशाल सिंह को झारखंड हाइकोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। विशाल सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दायर की थी। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की बेंच ने पिछली सुनवाई के दौरान सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। विशाल सिंह की ओर से वरीय अधिवक्ता अंजना प्रकाश ने बहस की थी। विशाल सिंह की जमानत अर्जी का अधिवक्ता कुमार हर्ष ने पुरजोर विरोध किया था। उन्होंने अपनी बहस के दौरान अदालत को बताया कि हाइकोर्ट में पूर्व में भी विशाल सिंह की ओर से दो बार जमानत दाखिल की गयी थी, जिसे अदालत खारिज कर चुका है। ऐसे में उसे जमानत नहीं दी जानी चाहिए। विशाल सिंह को हजारीबाग सिविल कोर्ट आजीवन कारावास की सजा सुना चुका है।

झारखंड में 2024 में 33 सरकारी छुट्टी

सचिवालय में पांच दिवसीय, क्षेत्रीय कार्यालय में लागू रहेगी छह दिवसीय कार्य प्रणाली

आजाद सिपाही संवाददात

रांची। झारखंड मंत्रिपरिषद के फैसले के बाद कार्मिक विभाग में वर्ष 2024 की सरकारी छुट्टी को अधिसूचित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार एनआइ एक्ट के अनुसार राज्य में 21 सरकारी अवकाश होगा। वहीं, कार्यपालक

आदेश के तहत 12 सरकारी अवकाश घोषित किया गया है। यानी वर्ष 2024 में कुल 33 सरकारी छुट्टियां होंगी। वर्ष 24 में होलिका दहन, अंबेडकर जयंती महावीर जयंती, सोहराय, हूल दिवस, चित्रगुप्त पूजा को रविवार का अवकाश है, इसलिए इस दिन अलग से कोई छुट्टी नहीं दी गयी है। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार चांद को देखते हुए मुस्लिम त्योहार के लिए निर्धारित अवकाश की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है। इसके अलावा राज्य सरकार के अधीन सचिवालय एवं संलग्न कार्यालय में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली तथा क्षेत्रीय कार्यों में छह दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली पहले की तरह लागू रहेगी।

साइबर क्राइम पर हाइकोर्ट की टिप्पणी

सरकार को फंड बना कर पैसा वापसी पर करना चाहिए विचार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों के पैसे की वापसी मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर शुक्रवार को सुनवाई की। हाइकोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने झारखंड में साइबर फ्रॉड की घटनाओं पर गंभीरता दिखाते हुए सरकार से पूछा है कि क्या सरकार साइबर ठगी के शिकार लोगों को तात्कालिक राहत के लिए उनके पैसे वापसी के लिए फंड बनाने पर विचार रखती है? सुनवाई के दौरान सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता कोर्ट के समक्ष हाजिर हुए। उन्होंने कोर्ट को झारखंड में साइबर क्राइम की जांच प्रणाली, साइबर सेल सहित साइबर फ्रॉड रोकने के लिए उठाये जा रहे कदमों की जानकारी दी। वहीं महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार साइबर क्राइम की घटनाओं को लेकर चिंतित है। उन्होंने बताया कि गुजरात में साइबर क्राइम के शिकार लोगों के पैसे वापस करने को लेकर एक मॉडल तैयार किया गया है, लेकिन उसमें कई कानूनी अड़चनें हैं। झारखंड सरकार गुजरात मॉडल से भी बेहतर एक मॉडल बनाने को लेकर प्रयासरत है, जिससे साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों को पैसा वापसी से राहत मिले। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौखिक कहा कि सरकार यह देखे कि साइबर फ्रॉड को कैसे कंट्रोल किया जाये, उसके शिकार लोगों के अकाउंट में पैसा कैसे भेजा जाये, इसके लिए एक स्कीम तैयार की जानी चाहिए।

दीपावली में किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। दीपावली को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स और रांची के सदर अस्पताल में विशेष तैयारी की गयी है। अप्रिय घटना को देखते हुए रिम्स के बर्न वार्ड में आने वाले मरीजों की सुविधा के खास इंतजाम किये गये हैं। दीपावली पर पटाखे और दीपक की चपेट में आने की खतरा को देखते हुये असपताल में अतिरिक्त बेड के इंतजाम किये गये हैं। साथ ही वार्ड में इंसेक्ट फ्लैशर और एसी भी लगाये गये हैं।

रिम्स के बर्न वार्ड में की गयी तैयारी पूरी : इस संबंध में रिम्स के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन ने बताया कि बर्न वार्ड में एसी (एयर कंडीशन) की समस्या के समाधान के लिए हाल फिलहाल में ही तीन नया एसी वार्ड में इंस्टॉल किया गया हैं, ताकि अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। बताया कि दीपावली को देखते हुए चर्म रोग विशेषज्ञ और शिशु रोग विशेषज्ञ को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है, क्योंकि दीपावली के दौरान स्किन इंजरी और बच्चों के घायल होने की संभावना ज्यादा रहती है।

व्यवस्था पर सवाल

बता दें कि रिम्स के बर्न वार्ड में करीब 25 बेड हैं, जिसमें फिलहाल 12 से 15 मरीज भर्ती हैं। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रिम्स के बर्न वार्ड में अभी भी दो एसी खराब हैं, जिसे लेकर विभाग द्वारा प्रबंधन को सूचित कर दिया गया है। वहीं पश्चिम बंगाल से मरीज का इलाज कराने पहुंचे एक परिजन ने बताया कि व्यवस्था ठीक है, लेकिन लाइट की वजह से कई बार पंखा और लाइट बंद हो जाती है, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

दीपावली को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने दिया दिशा निर्देश : वहीं सदर अस्पताल सहित जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में की गयी व्यवस्था को लेकर सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि दीपावली को देखते हुए सभी सीएचसी और पीएचसी में बेहतर इंतजाम के दिशा निर्देश दिये गये हैं। सदर अस्पताल के बर्न वार्ड में 10 बेड तैयार है। हालांकि गंभीर रूप से झुलसे मरीजों को रिम्स रेफर किया जायेगा।

108 एंबुलेंस शहर में रहेंगी तैनात : वहीं सिविल सर्जन ने बताया कि दीपावली को लेकर सदर अस्पताल सहित जिले के सभी अस्पतालों में डॉक्टरों की तैनाती कर दी गयी है, ताकि इमरजेंसी के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। वहीं शहर में 108 एंबुलेंस की सेवा को लेकर उन्होंने बताया कि दीपावली के मौके पर सभी एंबुलेंस और एंबुलेंस में टेक्नीशियन की तैनाती रहेगी।

दीपावली पर पटाखे जलाते समय इन बातों का रखें ध्यान : पटाखे जलाने के लिए बड़े डंडे का उपयोग करें, ताकि पटाखे या बम से दूरी बनी रहे। आतिशबाजी करने से पहले आसपास पानी रखें, ताकि आग लगने पर तुरंत पानी से बुझाया जा सके। सुरक्षा के लिए अभिभावक बच्चों के साथ आतिशबाजी के दौरान मौजूद रहें, ताकि बच्चों की नादानी से उन्हें नुकसान ना हो सके।

गौरतलब है कि दीपावली के मौके पर जलने की घटनाएं ज्यादा देखने को मिलती हैं। ऐसे में प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये गये इंतजाम कहीं ना कहीं मरीजों को राहत पहुंचायेगी।

एक दर्जन संवेदनशील जिलों में दो हजार से अधिक अतिरिक्त जवान संभालेंगे मोर्चा

रांची। दीवाली, छठ पर आपकी खुशियों में खलल न पड़े, इसके लिए पुलिस मुख्यालय एक दर्जन संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त जवानों को तैनात करेगा। रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, गिरीडीह, देवघर, हजारीबाग, लोहरदगा, सरायकेला, रामगढ़, पलामू और साहिबगंज में 2000 से अधिक जवानों को तैनात किया जायेगा। आइजी अभियान ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। हालांकि राजधानी रांची में पूर्व से भी अतिरिक्त जवान तैनात हैं। इसके अलावा भी जवानों को तैनात किया गया है। रांची और जमशेदपुर में अश्रु गैस दस्ता, बीडीडीएस और आरएपी की टीम भी तैनात रहेगी। पुलिस मुख्यालय की तरफ से जिलों को कहा गया है कि सुरक्षा उपकरणों के साथ जवानों को तैनात करें। रांची को छोड़ कर अन्य जिलों में 20 नवंबर तक जवान तैनात रहेंगे।

डीएसपीएमयू में एनएसएस ने विश्व कैंसर जागरूकता दिवस का आयोजन किया

रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के एनएसएस इकाई ने विश्वविद्यालय में विश्व कैंसर जागरूकता दिवस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के तौर पर रिम्स, रांची के ऑनकोलॉजी विभाग के डॉ रोहित झा और रिम्स की सीनियर रेजिडेंट डॉ सुमेधा गार्गी उपस्थित थी। डॉ रोहित ने तंबाकू, सिगरेट और अन्य नशे के द्वारा होने वाले कैंसर के विभिन्न उदाहरणों की चर्चा की ।डॉ सुमेधा गार्गी ने महिलाओं में होने वाले विभिन्न कैंसर के विषय में जानकारी देते हुए प्रारंभिक स्तर पर उनके उपचार की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास, कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डॉ अभय कृष्ण सिंह,डॉ शमा सोनाली, डॉ शालिनी लाल, डॉ गीतांजलि सिंह, डॉ विनय भरत उपस्थित थे। स्वागत भाषण डॉ अभय कृष्ण सिंह और धन्यवाद ज्ञापन डीएसडब्ल्यू डॉ एस एम अब्बास ने किया।

सेक्रेड चाइल्ड एकेडमी प्ले स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के कोकर तिरिल में शुक्रवार को सेक्रेड चाइल्ड एकेडमी प्ले स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता के दौरान खेल के प्रति बच्चों में काफी उत्साह दिखायी दिया। प्रतियोगिता को विभिन्न चरणों में रखा गया था। बच्चों के लिए रेसिंग, हॉपिंग, बलुन बस्टिंग, स्पून रेंस और भी कई तरह के खेलों का आयोजन किया गया। बच्चे स्पोर्ट्स की यूनिफार्म में आया और खेलों का आनंद लिया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की सलाह दी गयी साथ ही खेलकूद से होने वाले लाभ को भी बताया गया। खेल के माध्यम से बच्चों को उनके शरीरीक विकास के बारे भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में खूब मस्ती की।

बोकारो के प्रधान जिला जज बने संतोष कुमार, रांची सिविल कोर्ट में जिला जज रैंक के पदाधिकारी की पोस्टिंग

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट ने जिला जज रैंक के दो न्यायिक पदाधिकारियों और एक मजिस्ट्रेट रैंक के न्यायिक पदाधिकारी की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। ट्रांसफर-पोस्टिंग का नॉटिफिकेशन जारी होने के बाद इन न्यायिक पदाधिकारियों को अविलंब नये पदस्थापन वाली जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया गया। जिला जज रैंक के न्यायिक पदाधिकारी संतोष कुमार (1) को प्रधान जिला जज बोकारो के पद पर नियुक्त किया गया। फिलहाल वह झालसा में सचिव के पद पर कार्यरत थे। अपर जिला और सत्र न्यायाधीश रैंक के न्यायिक पदाधिकारी सचींद्र बिरुआ को रांची सिविल कोर्ट में अपर जिला और सत्र न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किया गया है, वह फिलहाल लोकपाल के सचिव के पद पर कार्यरत थे। मजिस्ट्रेट रैंक की न्यायिक पदाधिकारी इला कंडपाल की प्रतिनियुक्ति आर्म फोर्स ट्रिब्यूनल से वापस लेकर रांची सिविल कोर्ट में न्यायिक दंडाधिकारी के रूप में की गयी है।

महानगर काली पूजा समिति के पदाधिकारियों ने विभिन्न पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

रांची (आजाद सिपाही)। महानगर काली पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे, रोहित उरांव, महानगर अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, मुख्य सलाहकार नंद किशोर सिंह चंदेल, अशोक यादव, रोहन सिंह, आकाश शर्मा, बबलू वर्मा, संजय सोनी, लक्ष्मण करमाली सहित कई अन्य पदाधिकारियों ने पूछा पंडालों के निरीक्षण के दौरान व्याप्त समस्याओं को लेकर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत कर निराकरण किया और आयोजन को लेकर समीक्षा किया। मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे और महानगर अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन महानगर काली पूजा समिति और पूजा पंडालों को त्योहार के आयोजन में पूरा सहयोग कर रही है। इसके लिए काली पूजा समिति सबको धन्यवाद देती है। सभी पूजा पंडालों का उद्घाटन 12 नवंबर को होगा। झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव महाकाली पूजा समिति कचहरी रोड के पूजा पंडाल का उद्धघाटन करेंगे।

आतिशबाजी के साथ रोटरी का दिवाली मिलन

रांची (आजाद सिपाही)। रोटरी क्लब रांची ने शुक्रवार को दीवाली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर गीत-संगीत, नृत्य, मनोरंजक खेलकूद के बीच लोगों ने दीपावली की खुशियां बांटी। बच्चों ने विभिन्न पारंपरिक खेल से माहौल को बेहद खुशनुमा बना दिया। बड़े भी पीछे नहीं रहे। मिलन समारोह में गजल सिंगर मृणालिनी अखौरी और उनकी टीम ने अपनी प्रस्तुति से रूहानी समा बांध दिया। अध्यक्ष डॉ विनय ढानढनिया ने कहा कि इस रोशनी और खुशी के त्योहार पर हम संकल्प लें कि अपनी समाजसेवा के सफर को लगातार जारी रखते हुए जरूरतमंदों के जीवन में भी खुशियां भरते रहेंगे। सचिव ललित त्रिपाठी ने कहा कि दीवाली हमें खुशी के साथ स्वच्छता का भी संदेश देता है। इसलिए स्वच्छता जैसे विषय को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनायें।

ओबीसी को संख्या अनुपात में 50% मिले हर क्षेत्र में हिस्सेदारी : राजेश गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पाकुड़ के दौरे पर पहुंचे राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता को जिले वासियों ने ब्याहुत कलवार (भगत) धर्मशाला में स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की बिहार में जाति गणना की रिर्पोट प्रकाश में आने बाद संख्या अनुपात में भागीदारी का मुद्दा देश व्यापी छा गया है। झारखंड सरकार अब बिना देर किए हुए राज्य में जाति सर्वेक्षण करें।

उन्होंने कहा कि मोर्चा लंबे समय से यह मांग उठाते रहा है, जिसे आज सभी दलों के लोग उठा रहे है। ऐसे में आज जबकि जितनी आबादी, उतना हक की बात उठनी शुरू हो गयी है। हम मांग करते है कि ओबीसी समुदाय को उसके जनसंख्या अनुपात में समस्त आर्थिक गतिविधियों यथा सेना के उच्च पदों, सड़क,भवन निर्माण के ठेकों, सप्लाई, ीलरशिप, माइनिंग, उत्पाद विभाग, आउट सोर्सिंग जॉब, परिवहन, पार्किंग, मीडिया यूनिवर्सिटी, लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद इत्यादि में हिस्सा मिले तभी ओबीसी को मुक्कमल सामाजिक न्याय मिल पायेगा और इनके मानव संसाधन का देशहित में समुचित इस्तेमाल हो पायेगा। ऐसा करने से ही आर्थिक और सामाजिक विषमता का खात्मा तथा देश मजबूत हो पायेगा।

इस मौके पर प्रदेश महासचिव आर के सिंह कुशवाहा, पाकुड़ संयोजक मदन लाल अग्रवाल अशोक भगत विश्वनाथ भगत, राजेंद्र भगत, प्रेमभगत, प्रदीप कुमार जायसवाल, कालीशंकर भगत, धर्मेंद्र कुमार साह अशोक भगत, निर्मल भगत आदि उपस्थित थे।

वीवीपीएस में धूमधाम से मनाया गया दिवाली उत्सव

रांची (आजाद सिपाही)। रोशनी का त्योहार दिवाली के अवसर पर शुक्रवार को वीवीपीएस, रांची में इस त्योहार को बहुत ही भव्यता के साथ मनाया गया। समारोह की शुरुआत प्राचार्या डॉ मनीषा तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलन से की, इसके बाद प्रार्थना और स्कूल गीत हुआ। वीवीपीएस के छात्रों ने नृत्य नाटिका, नृत्य और मधुर वंदना जैसी मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुतियां दी। डॉ मनीषा तिवारी ने कहा कि यह एक ऐसा समय है, जब हम एक समुदाय के रूप में एक साथ आते हैं, प्रियजनों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करते हैं और सभी के प्रति अपनी गर्मजोशी और प्यार बढ़ाते हैं। यह वह समय है, जब हम अपने घरों को साफ करते हैं और रोशन करते हैं, उन्हें रंग-बिरंगी रंगोलियों से सजाते हैं। दिवाली हमें क्षमा अपनाने, कृतज्ञता दिखाने और अपनी समृद्धि उन लोगों के साथ साझा करने के लिए प्रोत्साहित करती है, जो कम भाग्यशाली हो सकते हैं। उन्होंने छात्रों से सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल दिवाली मनाने का भी आग्रह किया।

पिछले एक वर्ष में भारतीय रेलवे ने 1.5 लाख लोगों को रेलवे में नियुक्त किया

पिछले नौ वर्षों में रिकॉर्ड नियुक्तियां

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची/भुवनेश्वर। भारतीय रेलवे में युवाओं को खूब रोजगार का अवसर दिया जा रहा है। भारतीय रेलवे ने बताया कि वर्ष 2004-14 के मध्य रेलवे द्वारा 4 लाख 11 हजार लोगों को नियुक्त किया गया था जो औसतन लगभग 41 हजार वार्षिक था। जबकि 2014-2023 तक लगभग 05 लाख लोगों को नियुक्त किया गया है। जो औसतन 50 हजार वार्षिक है। विश्व की सर्वाधिक भर्ती परीक्षा (कंप्यूटर बेस्ड/ ऑनलाइन) दिसंबर 2020 से जुलाई 2021 के मध्य भारतीय रेल द्वारा विश्व का सबसे बड़ा रोजगार भर्ती अभियान चलाया गया था। इसके तहत एनटीपीसी पोस्ट (नन टेक्नीकल पोपुलर केटेगरी पोस्ट इन इंडियन रेलवे) के लिये सीबीटी लिया गया। इस परीक्षा में कुल 1.26 करोड़ परीक्षार्थी शामिल हुए थे जिसके तहत 211 शहरों में 726 सेंटरों पर 133 पाली में परीक्षा लिए गये थे। इस प्रकार दोनों परीक्षाओं में कुल कुल 2.37 करोड़ परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इसके साथ ही आरआरसी द्वारा (ग्रुप डी) में लिए गये परीक्षा में कुल 1.11 करोड़ परीक्षार्थी शामिल हुए थे जिसके तहत 191 शहरों में 551 सेंटरों पर 99 पाली में परीक्षा लिए गये थे। भारतीय रेलवे द्वारा पिछले वर्ष 5600 किलोमीटर नयी लाइन/ दोहरीकरण/आमान परिवर्तन के कार्य पूरे किये गये जिनसे प्रतिदिन 05 लाख से ज्यादा मानव दिवस रोजगार सृजित हुआ। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर विद्युतीकरण और आरओबी/ आरयूबी, स्टेशन पुनर्विकास के भी कार्य पूरे किये गये/किये जा रहे हैं जिनसे 1 साल में लगभग 10 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। इस वित्तीय वर्ष में रेलवे द्वारा 2.5 लाख करोड़ रुपए का अब तक के सर्वाधिक पूंजीगत व्यय द्वारा परियोजनाओं का कार्य जारी है जिनसे भी बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध हो रहे हैं।

पूर्व मध्य रेल के परिप्रेक्ष्य में

इसी तरह पूर्व मध्य रेल द्वारा पिछले वर्ष 662 किलोमीटर नयी लाइन/ दोहरीकरण/आमान परिवर्तन के कार्य पूरे किये गये। इसके साथ ही विद्युतीकरण और आरओबी/आरयूबी के भी कार्य पूरे किये गये जिनसे लगभग 04 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराये गये।

ट्रेड फ्रेंड्स एंड कंपनी में पटाखों की धूम, हर रेंज और विभिन्न प्रकार के पटाखे उपलब्ध

रांची (आजाद सिपाही)। ट्रेड फ्रेंड्स एंड कंपनी में पटाखों की धूम मची हुई है। हमारे यहां हर रेंज व विभिन्न प्रकार के पटाखों उपलब्ध है। जिसे हर कमेटी और आम लोगों ने सराहा। हर उत्सव के लिए विशेष पटाखे मंगाए जाते हैं। अब दिपावली के लिये पटाखों की नयी रेंज कांके रोड और ओरमांझी में लगा दी गयी है। व्यापारी और ग्राहक इस दोनों जगह से पटाखे की बृहत रेंज देख व खरीदी कर सकते है। भीड़ से बचने के लिए विभिन्न रेंज में फैमिली पैक में उपलब्ध जैसे मिकी, एवेन्जर, एक्टलीवा, बीएमडब्ल्यू. एक्सयूवी, स्कोरपियो आदि। फैमिली पैक की स्टार्टिंग रेंज 730 /- से रु 8190/- तक उपलब्ध है। फैमिली गिफ्ट पैक किसी को भी गिफ्ट करने व कॉरपोरेट गिफ्टिंग के लिए भी काफी डिमांड में हमारे दोनों शोरूम कांके रोड, रांची और ओरमांझी, रांची में उपलब्ध है। इस दिवाली ट्रेड फ्रेंड में नयी-नयी वैरायटी के विभिन्न पटाखे जैसे ड्रोन हेलीकॉप्टर, नाजी, कोरोनेशन, ब्लिंक -ब्लिंक आदि उपलब्ध है।

वरिष्ठ अधिवक्ता मदनलाल अग्रवाल संयोजक नियुक्त

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने वरिष्ठ अधिवक्ता मदनलाल अग्रवाल को पाकुड़ जिला राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा संयोजक नियुक्त किया उन्हें माला पहनाकर पाकुड़ जिला की जिम्मेवारी दी। मदनलाल अग्रवाल को जिला संयोजक बनाए जाने पर जिले के तमाम सामाजिक संगठनों ने बधाई दिया है। संयोजक बनाए जाने पर वरिष्ठ अधिवक्ता मदन लाल अग्रवाल ने कहा कि पिछड़ों की लड़ाई को पाकुड़ में आगे बढ़ाने के लिए 4 दिसंबर को एक कार्यक्रम आयोजित होगी, जिसमें समाज के लिए बढ़ चढ़ कर काम करने वाले को जोड़कर जिला कमेटी का विस्तार की जायेगा।

सरला बिरला विवि में झारखंड नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल की परीक्षा

स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया निरीक्षण

इस परीक्षा में प्रदेश के लगभग 300 नर्सिंग विद्यालय से 1500 परीक्षार्थी लिखित परीक्षा में शामिल

परीक्षा 7 नवंबर 2023 से 10 नवंबर 2023 तक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य निर्देशक, स्वास्थ्य विभाग, झारखंड ने सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची में चल रही झारखंड नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल की परीक्षा का निरीक्षण किया। जिसमें परीक्षा केंद्र की व्यवस्था को देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।

सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची में झारखंड नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल अप्रैल 2023 की परीक्षा का केंद्र बनाया गया है। इस परीक्षा में झारखंड प्रदेश के लगभग 300 नर्सिंग विद्यालय से लगभग 1500 परीक्षार्थी लिखित परीक्षा में शामिल हुए हैं। परीक्षा 7 नवंबर 2023 से 10 नवंबर 2023 तक है। एक्सटर्नल एग्जामिनेशन सेंटर सुपरिटेंडेंट सिस्टर जसीनता करकेटा एवं इंटरनल एग्जामिनेशन सेंटर सुपरिटेंडेंट डॉ सुभानी वाडा संयुक्त रूप से है। नर्सिंग की परीक्षा सुचारू रूप से चल सके, इसके लिये विश्वविद्यालय के आब्जर्वर इनविजीलेटर सभी लोग लगे हुए हैं।

परीक्षा की व्यवस्था अच्छी हो इसके लिए सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक, सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रमुख कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, कुलसचिव डॉ विजय कुमार सिंह, समय-समय पर अपना मार्गदर्शन देते रहते हैं। इसके साथ ही डॉ श्रीधर डाडीन, आशुतोष द्विवेदी, डॉ राधा माधव झा, डॉ संदीप कुमार, डॉ अरविंद भंडारी, अजय कुमार, प्रवीण कुमार, अमित गुप्ता के साथ सरला बिरला विश्वविद्यालय के सभी कर्मी लगे हुए है।

सरला बिरला विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग और कंप्यूटर विज्ञान संकाय में फ्रेशर डे आरंभ महोत्सव 2023 का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के इंजीनियरिंग और कंप्यूटर विज्ञान संकाय ने फ्रेशर डे आरंभ महोत्सव 2023 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने सभी विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया और कार्यक्रम को अनुशासन पूर्ण तरह से चलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी, डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची में शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी हमारे बच्चे आगे बढ़े इसका ख्याल रखा जायेगा। बच्चों का सर्वांगीण विकास हो यह विश्वविद्यालय का प्रयास है। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी, डॉ प्रदीप वर्मा ने प्रोफेसर बी सामंता को कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। प्रो एसबी दांडीन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ मनोरंजन भी जरूरी है, लेकिन हमें अपने लक्ष्य को नहीं भूलना चाहिए और उसके लिए सतत प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मिस्टर और मिस आरंभ का चुनाव भी कई राउंड की प्रतियोगिता के बाद किया गया। जिसमें इंट्रोडक्शन, कम्युनिकेशन, रिंकल्स, पर्सनालिटी, प्रोजेस ऑफ माइंड, क्रिएटिविटी राउंड आदि शामिल थे। अंततः मिस्टर आरंभ संयुक्त रूप से सुमेध उपाध्याय और जीतन कुमार शंरखेल को मिस्टर आरंभ और संयुक्त रूप से रुपाली कुमारी और मनीषा कुमारी को दिया गया। इस उत्सव पर विद्यार्थियों ने खूब मस्ती की। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्ष, सभी शिक्षकगण कर्मचारी गण और विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

तेजस्वी यादव को कैलाश यादव ने जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी

रांची (आजाद सिपाही) ।राजद लोकतांत्रिक के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव ने शुक्रवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को जन्मदिन एवं धनतेरस के मौके पर पटना जाकर बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दी। तेजस्वी यादव ने कैलाश यादव का आभार व्यक्त किया और कहा की आप सेक्युलर विचारधारा को मजबूत करने वाले व्यक्ति है, इसलिए आपसे आग्रह है कि राजद में पुनः आने का जल्द निर्णय लीजिए। उपरोक्त जानकारी महासचिव रामजी यादव ने दी है।

जबान संभाल के

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा में बुधवार को जिस तरह की बातें कहीं, वे किसी को भी स्तब्ध कर सकती हैं। हालांकि उन्होंने बाद में अपने उस बयान के लिए न केवल माफी मांगी, बल्कि अपनी निंदा भी की, लेकिन जो नुकसान उनके बयान से हुआ है, उसकी भरपाई इससे नहीं हो सकती। अफसोस की बात यह है कि विधानसभा में नीतीश कुमार जिस मुद्दे पर बोल रहे थे, वह महिलाओं की शिक्षा से जुड़ा था और उनका मकसद जन्मदर में आयी गिरावट में पढ़ी-लिखी महिलाओं की भूमिका की तारीफ करना था, मगर जिस लहजे में और जो शब्द उनके मुंह से निकले वे महिलाओं की गरिमा को जबर्दस्त चोट पहुंचा गये। इस प्रकरण का निराशाजनक पहलू सिर्फ यह नहीं कि पूरा भाषण देने के बाद भी मुख्यमंत्री को तुरंत अहसास नहीं हुआ कि वे कैसी आपत्तिजनक बातें कह गये, बाद में उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जिस तरह से उनका बचाव कर रहे थे, वह भी हैरतंगेज था। इससे साफ होता है कि हमारी राजनीति इन मसलों पर आज भी किस कदर संवेदनहीन बनी हुई है। और, यह स्थिति तब है, जबकि नीतीश कुमार अपनी महिला समर्थक नीतियों के लिए जाने जाते रहे हैं। 2006 में शुरू की गयी उनकी मुख्यमंत्री बालिका साइकल योजना राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित और प्रशंसित हो चुकी है। यही नहीं, शराबबंदी की उनकी नीति की भी और चाहे जो भी आलोचना की जाये, इसमें कोई संदेह नहीं कि उसके पीछे भी महिलाओं की दुर्दशा से उपजी चिंता की बड़ी भूमिका थी। जाहिर है, उनके ताजा बयान से उपजे विवाद को सिर्फ उनके या उनकी पार्टी के संदर्भ में नहीं लिया जा सकता। यह हमारे समाज में जड़ जमाये बैठी महिला विरोधी मानसिकता से जुड़ी ऐसी समस्या है, जिसके लक्षण समय-समय पर अलग-अलग रूपों में नजर आते रहते हैं। यह अकारण नहीं कि सोनिया और प्रियंका गांधी से लेकर ममता बनर्जी और मायावती तक देश की कोई भी ऐसी प्रमुख महिला राजनेता नहीं है, जिसके बारे में राजनीतिक विरोधियों ने अशोभनीय बयान न दिया हो। राजनीति से अलग भी जीवन और प्रफेशन के हर क्षेत्र में हमें महिलाओं की उपस्थिति की परवाह किये बगैर गालियों का इस्तेमाल करते या जोक्स शेयर करते लोग मिल जाते हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एक हैंडबुक जारी की, जिसमें जेंडर स्टीरियोटाइप्स रेखांकित किये गये हैं। यह हैंडबुक इस बात को बहुत अच्छे से बताती है कि कैसे अदालतों के कामकाज की भाषा में महिला विरोधी अभिव्यक्तियां जड़ जमा चुकी हैं और क्यों उन्हें सचेत ढंग से बदले जाने की जरूरत है। मौजूदा चीफ जस्टिस डी वाय चंद्रचूड़ की यह पहल अन्य क्षेत्रों में भी अपनाये जाने की जरूरत है। जिस तरह से सभी दलों के नेता नीतीश के बयान की निंदा में आगे आये हैं, उसे देखते हुए यह उम्मीद गलत नहीं कही जायेगी कि महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था करने वाली राजनीति उनके प्रति अपनी भाषा में सुधार को लेकर अब ज्यादा सतर्कता दिखागी।

जाहिर है, उनके ताजा बयान से उपजे विवाद को सिर्फ उनके या उनकी पार्टी के संदर्भ में नहीं लिया जा सकता। यह हमारे समाज में जड़ जमाये बैठी महिला विरोधी मानसिकता से जुड़ी ऐसी समस्या है, जिसके लक्षण समय-समय पर अलग-अलग रूपों में नजर आते रहते हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

एक मनुष्य को प्रत्येक स्थिति में कैसा आचरण करना चाहिए, उसके लिए श्रीराम आदर्श हैं। पिनाक (शिवधनुष) का टूटना, श्रीराम के जीवन की एक अद्वितीय घटना है। उनके लिए यह उत्सव और सफलता का क्षण है। लक्ष्मण के व्यंग्यों से महान शिवभक्त परशुरामजी क्रोधित हो उठे। इससे दोनों ओर उत्तेजना चरम पर पहुंच गयी, तब श्रीराम सफलता के उत्कृष्ट छन में अपने विनम्र व्यवहार और मधुर-वाणी से स्थिति को संभालते हैं।

श्रीराम सामाजिक समरसता के प्रतिबिंब हैं

बलबीर पुंज

सभी पाठकों को दीपावली की बधाई। प्राचीनकाल से इस पर्व का संबंध मां लक्ष्मी पूजन के साथ श्रीराम द्वारा वनवास पूरा करने के बाद पुनः अयोध्या लौटने से रहा है। रामराज्य से प्रेरित, देश के आर्थिक विकास का प्रयास में जहां लक्ष्मी अर्थात भारतीय आर्थिकी पर चर्चा हुई थी, तो इस बार के कॉलम में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जीवनयात्रा और वर्तमान जीवन में उसकी प्रासंगिकता पर विवेचनात्मक अध्ययन करना स्वाभाविक हो जाता है। श्रीराम सनातन संस्कृति की आत्मा है और उनका जीवन न केवल इस भूखंड में बसे लोगों के लिए, अपितु समस्त विश्व के लिए आदर्श है।

एक मनुष्य को प्रत्येक स्थिति में कैसा आचरण करना चाहिए, उसके लिए श्रीराम आदर्श हैं। पिनाक (शिवधनुष) का टूटना, श्रीराम के जीवन की एक अद्वितीय घटना है। उनके लिए यह उत्सव और सफलता का क्षण है। लक्ष्मण के व्यंग्यों से महान शिवभक्त परशुरामजी क्रोधित हो उठे। इससे दोनों ओर उत्तेजना चरम पर पहुंच गयी, तब श्रीराम सफलता के उत्कृष्ट छन में अपने विनम्र व्यवहार और मधुर-वाणी से स्थिति को संभालते हैं।

श्रीराम कहते हैं, ...रिस अति बड़ि लघु चूक हमारी, छुअतहिं टूट पिनाक पुराना, मैं केहि हेतु करौं अभिमाना अर्थात- ह्यहे मुनि! आपका क्रोध बहुत बड़ा और मेरी भूल बहुत छोटी है। पुराना धनुष था, छूते ही टूट गया। मैं किस कारण अभिमान करूं? सफलता के शिखर पर पहुंच कर भी एक व्यक्ति को कैसा व्यवहार करना चाहिए, उस संदर्भ में श्रीराम अनुकरणीय हैं। श्रीराम सदैव मर्यादा की परिधि में रहे, इसलिए मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाये। जब वे अयोध्या नरेश बने, तब उनके लिए प्रजा सर्वोपरि और शेष निज-संबंध गौण हो गये।

श्रीराम ने अपने जीवनकाल में जो मूल्य अपनाये, वह आज भी प्रासंगिक है।

श्रीराम सामाजिक समरसता के प्रतिबिंब हैं। जीवन के सबसे कष्टमयी कालखंड में श्रीराम ने अपने सहयोगी और सलाहकार वनवासियों को ही बनाया, जिसमें केवट निषाद, कोल, भील, किरात और भालू सम्मिलित रहे। यदि श्रीराम चाहते तो, अयोध्या या जनकपुर से सहायता ले सकते थे, परंतु उनके साथी वे जन बने, जिन्हें आज आदिवासी, दलित, पिछड़ा या अति-पिछड़ा कहा जाता है।

श्रीराम सामाजिक समरसता के प्रतिबिंब हैं। जीवन के सबसे कष्टमयी कालखंड में श्रीराम ने अपने सहयोगी और सलाहकार वनवासियों को ही बनाया, जिसमें केवट निषाद, कोल, भील, किरात और भालू सम्मिलित रहे। यदि श्रीराम चाहते तो, अयोध्या या जनकपुर से सहायता ले सकते थे, परंतु उनके साथी वे जन बने, जिन्हें आज आदिवासी, दलित, पिछड़ा या अति-पिछड़ा कहा जाता है। इन सभी को श्रीराम ने 48 बार सखा कह कर संबोधित किया, तो वनवासी श्रीहनुमान को लक्ष्मण से अधिक प्रिय बताया है।

सुनु कपि जिय मानसि जनि ऊना। तैं मम प्रिय लछिमन ते दूना॥ जैसे ही भरत को पता चलता है कि निषादराज श्रीराम के सखा हैं, तो यह जान कर भरत रथ से उतर जाते हैं और निषादराज को गले लगा लेते हैं। राम सखा सुनि संदनु त्यागा। चले उचरि उमगत अनुरागा॥ अर्थात यह श्रीराम के मित्र हैं, इतना सुनते ही भरत ने रथ त्याग दिया और प्रेम में उमंगते हुए चल पड़े। भील समुदाय की शबरी माता का पिछड़ापन दोहरा है, क्योंकि वे गैर-अभिजात वर्ग की स्त्री हैं। श्रीराम शबरी के झूठे बेर सप्रेम ग्रहण करते हैं। अपने आराध्य श्रीराम के समक्ष माता शबरी संकुचित हो जाती हैं। इस पर रघुनाथ जी कहते हैं ...मानाऊं एक भागति कर नाता, जाति पाति कुल धर्म बड़ाई, धनबल परिजन गुन चतुराई, भगति हीन नर सोइह कैसा, बिनु जल बारिद देखिअ जैसा अर्थात मैं तो केवल भक्ति का संबंध मानता हूं।

रावण कौन था? वह पुलस्त्य कुल में जन्मा ब्राह्मण, प्रकांड पंडित, महान शिवभक्त, कुलीन, ज्ञानी और स्वर्ण लंका का स्वामी था, परंतु वह आचरण से अहंकारी, दुराचारी, कामुक और भ्रष्ट था। इसलिए हनुमानजी ने अधर्म के प्रतीक लंका का दहन, तो श्रीराम ने रावण का वध किया। यह बताता है कि आध्यात्मिक मूल्यों और सामाजिक व्यवस्था की रक्षा हेतु सभ्य समाज को पद-कद-समूह की चिंता किए बिना इन जीवनमूल्यों के शत्रुओं को दंडित करना चाहिए। यदि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इन मूल्यों को पुनर्स्थापित किया जाये, तो हम स्वस्थ समाज की रचना कर सकते हैं।

बाली संहार के पश्चात श्रीराम, सुग्रीव को किष्किंधा का राजपाट सौंपते हैं, तो बाली पुत्र अंगद को इसका उत्तराधिकारी घोषित करते हैं। जब लंका में श्रीराम विजयी होते हैं, तब वे न केवल लक्ष्मण से कह कर विभीषण का राजतिलक करवाते हैं, अपितु विभीषण से घर की सभी महिलाओं को सांत्वना देने का अनुरोध भी करते हैं। राम शक्तिशाली और धर्मानुरागी होने के कारण समाज के अपराधी को तो दंडित करते हैं, किंतु पराजितों के धन-संपदा राज्य आदि से मोह नहीं रखते। यदि युद्धभूमि में इन मूल्यों का पालन किया जाता, तो विश्व का भूगोल-इतिहास कुछ और होता। एक शत्रु के प्रति हमारा रवैया कैसा होना चाहिए? जब विभीषण अपने भाई रावण के किये पर लज्जित होकर उसके शव का अंतिम संस्कार करने में झिझकते हैं, तब श्रीराम कहते हैं, मरणांतानि वैराणि निर्वृत्तं नः प्रयोजनम्। क्रियतामस्य संस्कारो ममाप्येष यथा तव।।

अर्थात बैर जीवन काल तक ही रहता है। मरने के बाद उस बैर का अंत हो जाता है। सोचिए, शेष विश्व ने युद्ध में मानवता और मर्यादा की रक्षा हेग कन्वेंशन (1899-1907) के रूप में की थी, जिसकी अवहेलना आज भी होती रहती है। इसराईल-हमास और रूस-यूक्रेन युद्ध इसके उदाहरण हैं। किंतु सनातन भारत में यह मानवीय मूल्य हजारों वर्षों से विद्यमान है। श्रीराम का अवतरण रावण के रूप अन्याय, अनाचार और अहंकार को समाप्त करने हेतु था। श्रीराम ने अपने जीवनकाल में जो मूल्य अपनाये, वह आज भी प्रासंगिक है।

जमशेदपुर की खबरें

डीसी ने विश्वकर्मा प्वाइंट का किया शुभारंभ, झारखंड के शिल्पकारों, कलाकारों ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। राज्य सरकार के पहल पर जिले के शिल्पकारों द्वारा निर्मित कलाकृतियों व सखी दीदीयों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए साकची बाजार में विश्वकर्मा प्वाइंट का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को डीसी मंजूनाथ भजन्त्री शिल्पकारों, कलाकारों सखी दीदीयों द्वारा निर्मित कलाकृति और उत्पाद के स्टॉल का अवलोकन करते हुए उनका उत्साहवर्धन की। मौके पर जिले के शिल्पकारों, कलाकारों व सखी दीदीयों ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया। 'विश्वकर्मा प्वाइंट' में जिले के हुनरमंद शिल्पकारों द्वारा निर्मित वाद्ययंत्र, शिल्प कलाओं, कलाकृतियों के साथ सखी दीदियों द्वारा निर्मित दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं का बिक्री की जायेगी। मौके पर डीसी ने कहा राज्य सरकार शिल्पकारों व कलाकारों के सामाजिक, आर्थिक उत्थान की दिशा में संवेदनशील है। उचित प्लेटफॉर्म के अभाव में निर्मित वस्तुएं बाजार में नहीं पहुच रही थी। पीढ़ियों से लोग कला को संरक्षित और संवर्धित करने में जुटे हैं। अब उन्हें पहचान दिलाने में जिला प्रशासन आवश्यक सहयोग देने का प्रयास करेगी। ताकि वे अपने उत्पाद को प्रदर्शित कर लोगों तक पहुंचा सकें। राज्य सरकार स्थानीय शिल्पकारों के सशक्तिकरण की दिशा में यह पहल की। ताकि पारम्परिक विरासत को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें सके।

डीसी ने आम लोगो से शिल्पकारों, कलाकारों द्वारा निर्मित उत्पाद को बढ़ावा देने की अपील की।

महिला कांस्टेबल ने चौथे तल्ले से कूद कर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। शहर के गोलमुरी पुलिस लाइन में शुक्रवार को छत से कुद कर एक महिला कांस्टेबल जयललिता ने अपने जीवन की लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही सीसीआर डीएसपी अनिमेष गुप्ता मौके पर दलबल के साथ पहुंच कर मामले की जांच में जुट गए। मौके पर सीसीआर डीएसपी अनिमेष गुप्ता ने बताया घटना सुबह लगभग 5:30 बजे की है। महिला कांस्टेबल पूरे परिवार के साथ गोलमुरी पुलिस लाइन के चौथे तल्ले में रहती थी। घटना को अंजाम देने के बाद घायल महिला को तत्काल इलाज के लिए टीएमएच लाया गया। लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। उन्होंने कहा घर मे महिला की पति व बच्चे मौजुत है। फिलहाल पुलिस परिवार से पूछताछ कर रही है।

एसडीओ ने गम्हरिया और आदित्यपुर के बाजारों का किया निरीक्षण

सर्विस रोड में पटाखा बेच रहे दुकानदारों को लगायी फटकार

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। सरायकेला एसडीओ पारुल सिंह शुक्रवार शाम गम्हरिया व आदित्यपुर के बाजारों का निरीक्षण किया। शुक्रवार को गम्हरिया लाल बिल्डिंग के समीप सड़क के दोनों ओर सर्विस रोड पर खुले में पटाखा बेच रहे दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए चिन्हित स्थल दुर्गा पूजा मैदान में दुकान लगाने की नसीहत देते हुए दुबारा पकड़े जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। मौके पर एसडीओ ने आदित्यपुर में ड्यूटी पर मुश्तैद थाना प्रभारी राजन कुमार के साथ बाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान बाजार में दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा यदि कोई दुकानदार चोरी-छिपे पटाखा बेचते पाए गए या सूचना मिली तो उनके खिलाफ एक्शन लिया जायेगा। मौके पर थाना प्रभारी राजन, सुधा वर्मा, रंजीत, सहित अन्य मौजूद रहे।

बैंड प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

पोटका। पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में जिला स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुक्रवार को प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। स्कूल प्रबंधन के द्वारा गुलदस्ता देखकर विधायक का स्वागत किया गया। मौके पर विधायक के द्वारा दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायक ने कार्यक्रम में शामिल होकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर बीडीओ बीईईओ, एपीओ, वार्डन, समापिका घोष सहित केजीबीवी की छात्राएं शामिल हुई। मौके पर छात्राओं ने काफी सुंदर ढंग से बैंड बजाकर प्रस्तुति दी। विधायक ने सभी छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की।

नाम्या स्माइल फाउंडेशन की पहल पर दिव्यांगों को मिली अत्याधुनिक स्मार्ट स्टिक

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। वल्लभ यूथ ऑर्गनाइजेशन की ओर से जमशेदपुर प्रखंड के दलदली पंचायत के गोबिंदपुर माहतोबांध निवासी किष्टमणि प्रमाणिक एवं दिवाकर माहतो को अत्याधुनिक स्मार्ट स्टिक भेंट किया गया। शुक्रवार को नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षाड़ंगी के पहल पर दोनों नेत्रहीन दिव्यांगों को संस्था वल्लभ यूथ ऑगेर्नाइजेशन की तरफ से स्मार्ट स्टिक मुहैया कराया गया। मौके पर कुणाल साडंगी ने कहा किष्टमणि प्रमाणिक और दिवाकर माहतो जन्म से ही देख पाने में असमर्थ थे। समाजसेवी व जादूगोड़ा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह के माध्यम से नाम्या स्माइल फाउंडेशन को दी गयी।

लोक समर्पण ने दीपावली सामग्री का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। शहर की सामाजिक संस्था लोक समर्पण ने शुक्रवार को जोन नं 8 बिरसानगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में तीन सौ बच्चों के बीच दीया-बत्ती, तेल, खोई, फुलझड़ी, पटाखा, खिलौना का वितरण किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या पूनम कुमारी, सहायक शिक्षक पी रामू राव, भाजपा नेता श्रीराम प्रसाद, बबलू गोप, बोल्टू सरकार, सरिता देवी, दीपक रविदास, प्रकाश रविदास, लखीचरण रविदास उपस्थित रहे। शुक्रवार को बिरसानगर रविदास बस्ती में लोक समर्पण के अध्यक्ष ललित दास ने एक गरीब के घर दीया भी जलाया। इस दौरान उपस्थित बस्ती के लगभग 50 महिलाओं के बीच दीपावली पूजन सामग्री का वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष ललित दास ने उपस्थित बच्चों से सुरक्षित दीपावली मनाने का आग्रह किया। दास ने कहा लोक समर्पण अपने नाम के अनुरूप समाज के गरीब, वंचित और जरूरतमंद लोगों के प्रति समर्पित है।

हम चाहते हैं दीपावली के इस पवित्र मौके पर हर गरीब का भी घर रौशन रहे।

विधायक ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जुगसलाई विधान सभा के राहरगोड़ा शिव काली मंदिर में छठ घाट निर्माण कार्य का विधायक मंगल कालिंदी ने निरीक्षण किया। शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान विधायक ने गुणवत्ता से काम करने का निर्देश दिया। वही विधायक ने गदड़ा गांधीनगर स्थित वेंडो बार्जो तालाब मे स्थानीय लोगो की मांग पर छठ घाट बनाने के लिए तालाब की साफ सफाई करवाने का अश्वाशन दिया। साथ ही गदड़ा विस्वाकर्मा पूजा मैद्वान के पास छठ घाट निर्माण के लिए स्थानीय लोगों के साथ निरीक्षण किया। विधायक ने जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ करने का आदेश दिया। मौके पर झामुमो नेता मनोज, राकेश, बिस्वजीत, बिरजु, मुन्ना, विकाश स्वर्णकार, मनोज, झामुमो नेता व स्थानीय लोग मौजुत रहे।

धनतेरस पर जमकर लोगों ने की खरीदारी

धनतेरस पर लगभग 14 से 15 करोड़ रुपये का हुआ गढ़वा में व्यवसाय

सोनू कुमार

गढ़वा (आजाद सिपाही)। धनतेरस के अवसर पर गढ़वा में साढ़े 15 करोड़ रुपये से अधिक का व्यवसाय हुआ। इस दौरान चांदी के सिक्के सहित सोने-चांदी के आभूषणों का साढ़े तीन करोड़ रुपये का व्यवसाय हुआ है। इस संबंध में सरार्फा स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष भुनेश्वर प्रसाद सोनी ने कहा कि पूरे गढ़वा जिला में धनतेरस के अवसर पर साढ़े तीन करोड़ रुपए का व्यवसाय हुआ है। उन्होंने कहा कि सोना- चांदी के दाम में पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष वृद्धि होने के कारण बिक्री अच्छी नही हुई है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष धनतेरस के अवसर पर पुराना सिक्का 1110 रुपये, 9999 चांदी का डॉलर 10 ग्राम का 810 रुपए, प्रति 10 ग्राम का लक्ष्मी गणेश सिक्का 690 रुपये, प्रति 10 ग्राम का चांदी का जेवर 580 रुपये, प्रति 10 ग्राम का चांदी का बर्तन 690 रुपए, 91.6 हॉलमार्क 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम का जेवर 60200 रुपये और 75.6 हॉलमार्क 18 कैरेट प्रति 10 ग्राम का जेवर 50800 रुपये की दर से बिक्री की गयी। इसके अलावा धनतेरस के अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक सामान का व्यवसाय पांच करोड़ रुपये होने की बात दुकानदारों द्वारा कही गयी है। जबकि बर्तन की खरीदारी पर ग्राहकों के द्वारा डेढ़ करोड़ रुपए खर्च किए गये हैं। वही फर्नीचर के समान, कंप्यूटर सहित अन्य समानो पर एक करोड़ रुपये का व्यवसाय हुआ है। वहीं दो पहिया, तीन पहिया व चार पहिया वाहनों की ग्राहकों के द्वारा खरीदारी किये जाने पर चार करोड़ रुपए का व्यवसाय हुआ है। जबकि गढ़वा जिला में 50 लाख रुपए का झाड़ू की व्यवसाय होने की बात कही गयी है।

धनतेरस पर लोगों में देखा गया खासा उत्साहः धनतेरस को लेकर शुक्रवार की सुबह से ही लोग अपने -अपने मनपसंद सामान की खरीदारी शुरू कर दिया था। धनतेरस पर सबसे ज्यादा खरीदारी बर्तन की हुई। वही आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स और वाहनों आदि की दुकान पर भी भीड़ देखी गयी।

मान्यता के अनुसार लोगों ने की जमकर खरीदारीः तीन लाख रुपये का झाड़ू का हुआ व्यवसायः धनतेरस के अवसर पर गढ़वा शहर में तीन लाख रुपये के झाड़ू का व्यवसाय हुआ। जबकि गढ़वा जिला में 50 लाख रुपये का झाड़ू का व्यवसाय हुआ है।

तीन सड़क और एक उच्च स्तरीय पुल निर्माण का शिलान्यास सांसद वीडी राम ने किया

आजाद सिपाही संवादाता

कांडी। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तीन कालीकरण सड़क व एक उच्च स्तरीय पुल निर्माण का शिलान्यास पलामू सांसद बीडी राम और भाजपा नेता इश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने संयुक्त रुप से किया। दोनों नेताओं ने शुक्रवार को शिलापट्ट का अनावरण करते हुए धूप अगरबती जलाकर व नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया, जिसमें सोहगाड़ा मोड़ से गरदाहा मोड़ तक 5 किमी 650 मीटर, चौड़ाई 12 फीट 4 इंच लागत राशि 4 करोड़ 54 लाख, मोखापी मोड़ से कांडी लम्बाई 8 किमी 850 मीटर, चौड़ाई 18 फीट लागत राशि 9 करोड़ 42 लाख व मरहटिया से बेलहथ लम्बाई 5 किमी 720 मीटर, चौड़ाई 12 फिट 4 इंच लागत राशि 4 करोड़ 41 लाख रुपये का योजना शामिल है। सभी सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वास्तिक इंटर प्राइजेज के तत्वाधान में बनेगी। वहीं कांडी मोखापी मुख्य सड़क स्थित टेढ़ा नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण 3 करोड़ 21 लाख रुपए के लागत से होगा। इस पुल का निर्माण नंदनी इंटर प्राइजेज के तत्वाधान में होगा। इस अवसर पर मोखापी मोड़ पर कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए पलामू सांसद बीडी राम ने कहा कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने सभी गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की शुरूआत की थी। उन्होंने कहा कि उनके इसी संकल्प को आदरनीय नरेंद्र मोदी जी आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में गरिबों के सच्चे हितैषी नरेंद्र मोदी ही हैं, जो गरिबों को सशक्त व सबल बनाने के अभियान में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री की ही देन है कि गढ़वा जिला में अभी दो अरब का विभिन्न सड़क व पुल निर्माण का कार्य हो रहा है। भाजपा नेता ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी व वर्तमान सांसद बीडी राम दोनों गार्जियन के नेतृत्व में गढ़वा जिला में विकास का कार्य हो रहा है। कहा कि कांडी में मात्र दो तीन सड़क ही बाकी है, वह भी जल्द ही बन जायेगा। सभा को जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार, सत्येंद्र चौबे, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामलला दुबे सहित अन्य ने भी संबोधन किया। मौके पर कई विजय कुमार चौबे, सतीश चौबे, अजय मेहता, सुनील राम, रामबली मेहता, राहुल पासवान, शिव कुमार साह, सुभाष पांडेय, कुंडल सिंह, भीम कुमार रवि सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

निर्धन परिवारों के बीच 'दीया बत्ती तेल' का वितरण

गढ़वा (आजाद सिपाही)। यंग जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के द्वारा दिनांक 10.11.23 दिन शुक्रवार को गढ़वा रेलवे-स्टेशन के समीप झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले निर्धन परिवारों के बीच 'दिया बत्ती तेल' का पैकेट बनाकर 100 पैकेट वितरण किया गया। हम यंग जायंट्स के लोग निर्धन परिवार और बच्चो को दीपावली पर खुशी प्रदान कर काफी आत्म संतुष्टि का एहसास किया। इस मौके पर अध्यक्ष अंशित कुमार, उपाध्यक्ष प्रियांशु केशरी, देव केशरी, प्रशासनिक निदेशक मनीष केशरी, कोषाध्यक्ष राहुल केशरी, शुभ केशरी, अमोल सोनी, प्रिंस गोस्वामी, सृजन आनंद, रोहन केशरी, वैभव प्रकाश, कृषु केशरी उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची

पत्रांकः– दिनांक–

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा ई–निविदा संख्या–12/2023-24/RWD /EE/RANCHI, P.R.No.-309611 REO (23-24) D द्वारा दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ था। website में निविदा प्रकाशन की तिथि 01.11..2023, निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 16.11.2023 एवं निविदा खोलने की तिथि 17.11.2023 था। अपरिहार्य कारणवश निविदा प्रकाशन की तिथि को बढ़ाकर 18.11.2023, निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 02.12.2023 एवं निविदा खोलने की तिथि 04.12.2023 किया गया है।

कार्यपालक अभियंता
PR 311205 REO(23-24).D ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, रॉंची

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनायी दिवाली

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिवाली और छठ के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कला कौशल में निपुण ऑक्सफोर्ड के कक्षा प्री-नर्सरी से प्रेप के बच्चों द्वारा पेपर दीया मेकिंग, कक्षा एक और दो के द्वारा क्ले दीया मेकिंग तो वहीं कक्षा तीन से सप्तम के विद्यार्थियों ने रंग बिरंगे रगोली बनाकर सभी का मन मोह लिया। प्राचार्य ने बताया कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, गढ़वा भारतीय परंपराओं को प्राथमिकता से निभाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। बच्चों को एकता, समरसता और पारंपरिक त्योहारों के प्रति हमेशा जागरूक करता रहा है। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गढ़वा। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाएं। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित होकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

पांच दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 22 से 26 नवंबर तक

गढवा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला वॉलीबॉल संघ के द्वारा आगामी 22 नवंबर से 26 नवंबर तक गढ़वा में आयोजित होने वाले वॉलीबॉल अंतर जिला प्रतियोगिता को लेकर बुधवार को परिषद भवन में उप विकास आयुक्त आयुक्त राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में तैयारी को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खिलाड़ियों को ठहरने उन्हें भोजन व्यवस्था सहित उन्हें लाने ले जाने के लिए व्यवस्था सहित कई बिंदुओं पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। सभी खिलाड़ियों को रखना के साथ ही उन्हें खेलने के लिए स्थानीय गोविंद प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में मैच का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर उप विकास आयुक्त के अलावे सदर अनुमंडल पदाधिकारी विजय कुमार, अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक संतोष कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज कुमार , कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार समेत अन्य लोग थे।

बाबू दिनेश सिंह विवि में स्पोकेन इंग्लिश और इसका महत्व पर कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में तीन दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स के तहत स्पोकेन इंग्लिश और इसका महत्व कार्यक्रम प्रत्यक्ष और ऑनलाईन माध्यम से किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य वक्ता अभिमन्यु शुक्ला ने अंग्रेजी भाषा को बोलने में आने वाली कठिनाइयों तथा इसके निवारण का विस्तार से विवरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर सुनीता गुप्ता ने कहा कि शिक्षक को भाषायी विविधता का ज्ञान अवश्य होना चाहिए तथा अंग्रेजी भाषा का ज्ञान वर्तमान परिवेश में शिक्षक को होना चाहिए। विवि के कुलाधिपति श्री दिनेश प्रसाद सिंह और कुलपति प्रो.(डॉ) एमके सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के कुशल संचालन हेतु महाविद्यालय को बधाई देते हुए कहा कि भारत जैसे बहुभाषिक विविधता वाले देश में अंग्रेजी भाषा का ज्ञान एक संवाद माध्यम का कार्य करता है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और प्रशिक्षु उपस्थित रहे, जिसमें आनंद कुमार चौबे, अभिमन्यु शुक्ला, अशोक कुमार यादव, शशिकांत सिंह यादव, अरविंद तिवारी, ओमप्रकाश आदि थे।

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया

गढ़वा(आजाद सिपाही)। मोटरयान निरीक्षक तथा सड़क सुरक्षा टीम द्वारा ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल, में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। स्कूल में जागरूकता अभियान के दौरान लगभग 80 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बताया गया, कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है, के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार और छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को प्रेरित करें। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से मोटरयान निरीक्षक गढ़वा लाल बिहारी यादव,सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक नीरज कुमार पाण्डेय, शिक्षक गण शामिल थे।

पंचायतों को यक्ष्मा मुक्त पंचायत बनाने को लेकर प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह की अध्यक्षता में पंचायतों को यक्ष्मा मुक्त पंचायत बनाने को लेकर प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में पूर्व में किये गये कार्यो की समीक्षा किया गया। जिला से आये एसडीपीएस जितेंद्र कुमार ने यक्ष्मा रोग होने के कारण, उसके लक्षण, उपचार और बचाव से सम्बंधित जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को यक्ष्मा से पीड़ित पाये जाने पर मुफ्त इलाज के साथ साथ पोषण के लिये 500 रुपये प्रतिमाह दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में 1000 व्यक्तियों में से 50 व्यक्तियों का यक्ष्मा जांच करने का विभाग द्वारा मापदंड निर्धारित किया गया है। बैठक में आगे की कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया।

अलग-अलग जगह पर दो लोगों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

चिनिया। थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगह पर दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना क्षेत्र के पहली घटना कठौतिया के जंगल में पूनम उर्फ गुड्डी देवी 27वर्ष पति अजीत कोरबा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि पूनम उर्फ गुड्डी एक सप्ताह से घर से गायब थी। जिसका ससुराल मसरा गांव में था जबकि मायके कठौतिया गांव में था। मृतिका के पति अजीत कोरवा ने बताया कि उसकी पत्नी का प्रेम प्रसंग बरवाडीह गांव निवासी नसीम अंसारी से चल रहा था। वहीं बरवाडी निवासी नसीम अंसारी30वर्ष ने भी अपने घर से कुछ दूर पर नीम के पेड़ में गुरुवार की रात्रि फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नसीम अपने दोस्तों से बताया था कि जब पूनम मर गई तो हम जिंदा रह कर क्या करेंगे। उसने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के बीच पहले से ही प्रेम प्रसंग था। पूनम उर्फ गुड्डी का शव पूरी तरह सड़क गल चुका था। ग्रामीणों के अनुसार चार-पांच दिन पहले का शव लग रहा था। मामले में पूछे जाने पर चिनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि दोनों ही घटनाओं को गहनता से जांच किया जा रहा है। आवेदन के आलोक में अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी। दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढवा भेज दिया गया है। घटना के बाद से दोनों परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। दो लोगों के आत्महत्या करने से गांव के लोग भी स्तब्ध हैं।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा।
"भर्ती कैम्प–2023"

–: सूचना :–

एतद् द्वारा सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को सूचित किया जाता है कि जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा कार्यालय के द्वारा दिनांक : 11 नवम्बर, 2023 को जिला नियोजनायल, कोडरमा में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक एक दिवसीय "भर्ती कैम्प– 2023" का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निम्नलिखित प्रतिष्ठानों ने अपनी उपस्थिति की सहमति जताई है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

S. N	Name of the Establishment & Address	Name of the Post	No of Post	Qualification	Age	Pay & Allow.	Experience
01	Holy Family Hospital, Koderma	A.N.M	05	Diploma	22-26 Yrs	10000 P.M	6 Month to 1 Year
02	Modern Public School Jhumri Telaiya, Koderma	TGT (Science)	01	M.Sc/ B.ed/ CTET With	21-35 Yrs	16000-35000 P.M	3-5 Years
		Office Asst. & FOE	01	Graduate/ Knowledge in MS- office and Typing Hindi- English with Communication Skill	21-35 Yrs	13000-15000 P.M	3-5 Years
		Sports Coach	01	Graduate/ Knowledge in Gatka, Taekwondo, Cricket etc	21-35 Yrs	13000-15000 P.M	3-5 Years

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से किसी भी नियोजनालय में निबंधित नहीं है, वे जिला नियोजनालय, कोडरमा में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त "भर्ती कैम्प– 2023" में नियोजक /नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में 75% स्थानीय नियोजन निति का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक को स्थानीय आवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। वैसे उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा।

अतः सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में "भर्ती कैम्प– 2023" में शामिल होकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठावें।

ह/0
जिला नियोजन पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR.NO.311189 Labour Employment and Traning(23-24):D

उपायुक्त–सह–जिलादण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला।
(विकास शाखा)

E-Mail – ddcgumla2014@gmail.com Phone No. 06524-222209Fax No. 06524-222209

अति अल्पकालीन निविदा

गुमला जिला अंतर्गत सदर अस्पताल, गुमला के लिए 100 KVA Three Phase GenSet के कय हेतु दर निर्धारण के निमित प्रतिष्ठित कम्पनी/अपूर्तिकर्त्ता से मुहरबंद निविदा आमंत्रित किया जाता है :–

1. निविदा प्राप्ति की तिथि :– 22/11/2023 (12.00PM)
2. निविदा खोलने की तिथि :– 22/11/2023 (03.00PM)
3. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– जिला विकास शाखा (विकास भवन) गुमला
4. निविदा खोलने का स्थान :– विकास भवन सभागर में।

सामग्री की विवरणी निम्नवत् हैः–

कम सं0	सामग्री का नाम	सामग्री की विवरणी
1	100 KVA Three Phase GenSet	Supply of 100KVA Silent DG set comprising of M&M make Engine Model 125 KVA Mech CPCB -II, 156.00BHP@NTP,1500.00RPM,coupled to 125KVA Crompton Greaves/ Mahindra Or Equivalent approved make 3 phase 415V, 50 Hz alternator mounted on a common Base frame along with other accessories i.e.,Fuel tank, MANUAL Control Panel,Battery with leads and acoustic enclosure.

General Terms And Condition with Regard to the Tender

1. Tenders have to submit in Sealed quatation for Supply of 100 Kva any reputed generator and accessories, including civil work for concreate foundation to mount GENSET, installation, Cable Laying and electric work including supply of AMF panels & changeover switch.
2. All the materials for foundation shall be supplied by the supplier including metallic items like bolts, anchor plates, Steel templates etc.
3. All necessary arrangements for erection og DG sets are to be made by the suppliers including supply of safety appliances and tools to workmen.
4. The Whole work to be completed within 15 days from the date of work order issued.
5. After completion of job, supplier shall carry out measurements of power generated and shall furnish the test report to the concerned Nodal Officer to the site.
6. Transfortation including Loading/Unloding to the installation site will be done by the supplier. The delivery site of DG set is Sadar Hopital Gumla.
7. The rate quated against the tender shall be valid for a period of 12Months
8. The quatation must be enclosed with the following documents:-

(i) Details of RCC Foundation
(ii) Quality Assurance Plan Of Manufactures Foe DG Sets
(iii) Catalogue of DG Set
(iv)Upto date sales tax/GST registration etc
(v) Warranty and Service condition after warranty

नोटः– निविदा के नियम एवं शर्त जिले के वेबसाइट http://gumla.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,गुमला।

PR 311147 Rural Development(23-24)D

मनीष इंटरप्राइजेज फर्नीचर शोरूम का शुभारंभ

गिरिनाथ सिंह ने कहा कि ऐसे शोरूम के खुलने से लोगों को काफी सुविधा होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढवा । गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के नगवा मुंहल्ला में शुक्रवार को मनीष इंटरप्राइजेज फर्नीचर शोरूम का उद्घाटन किया गया। शोरूम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह मंत्री गिरनाथ सिंह और विशिष्ट अतिथि कमलापुरी समाज के अध्यक्ष वृजमोहन कमलापुरी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर बोलते हुए गिरिनाथ सिंह ने कहा कि ऐसे शोरूम के खुलने से लोगो को काफी सुविधा होगी। फर्नीचर के मनपसंद सामानों के लिए यहां के लोगों को बाहरी बाजारों पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। मौके पर बोलते हुए वहां उपस्थित शहर के जानेमाने शिक्षाविद सह भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय ने कहा कि गढ़वा में जब भी कोई एक नये व्यवसाय की शुरूआत करता है। तो खुशी होती है। लेकिन उस वक्त दिल आह्लादित हो जाता है जब मेरे शिक्षण संस्थान में पढ़ा हुआ मेरा शिष्य तरक्की का नया आयाम गढ़ता है, और बेहतर व्यवसाय की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि इसी तरह हर रोज गढ़वा नये स्वरूप में आगे बढ़ रहा है। मौके पर बोलते हुए शो रूम के प्रोपराइटर राजमणि कमलापुरी ने कहा कि उनके प्रतिष्ठान में सस्ते मूल्य पर बेहतर पलंग और फर्नीचर उपलब्ध है। ग्राहकों की संतुष्टि उनकी प्राथमिकता है। मौके पर नंद कुमार गुप्ता, विनोद कमलापुरी, मनीष कमलापुरी लखन कश्यप, सांसद के नगर परिषद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल, गविजय केसरी सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

हाइमास्क लाइट नहीं जलने से बढ़ी परेशानी

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी ओवरब्रिज के समीप सीसीएल प्रबंधन की ओर से सीएसआर के तहत लगाये गये हाइमास्क लाइट के नहीं जलने से राहगीर परेशानी हो रहे हैं। सड़क के दोनों ओर भारी वाहनों के लगे रहने से कई बार लोग हादसे का शिकार भी हो चुके हैं। हाई मास्क लाइट नहीं जलने से लगातार दुर्घटना होने का भय बना रहता है। इधर, सीसीएल अधिकारी लाखों खर्च कर हाई मास्क लाइट लगा कर अपनी उपलब्धि गिना रहे हैं, लेकिन धरातल में इसकी सच्चाई कुछ और ही है। स्थानीय लोगों एवं राहगीरों ने खराब हाई मास्क लाइट की मरम्मति की मांग की।

लोकेश मिश्रा ने की प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी समन्वय बनाकर करें कार्य : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 नवंबर को खूंटी में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिले के वरीय पदाधिकारीयों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिया। कहा कि सभी अधिकारी और पुलिस पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के अलावा ट्रैफिक व्यवस्था, रुट लाइन की व्यवस्था बेहतर बनी रहे। सभी प्रतिनियुक्त किए जानेवाले अधिकारियों और कर्मियों को अपने आईडी कार्ड के साथ अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर कार्य करने का निर्देश डीसी ने दिया, ताकि किसी प्रकार की व्यवस्था और सुविधा में कमी न हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन को पूर्ण व्यवस्थित रूप से कार्य करना है। बिरसा कॉलेज स्टेडियम में प्रस्तावित जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन को लेकर सुरक्षात्मक पहलुओं से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। साथ ही प्रधानमंत्री के आगमन पर हेलिपैड की व्यवस्था और कार्केड पदाधिकारी व दंडाधिकारियों की जिम्मेदारियों के संबंध में बताया गया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों के प्रवेश और निकासी द्वार पर विशेष व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों के कार्य दायित्वों की चर्चा की गई। साथ ही चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल, भोजन, वाहन, विद्युत, बैठने की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को उचित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए।

पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी लोकेश मिश्र।

महत्वपूर्ण न्यूज

भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा के लिए ग्रामीणों को दिया न्योता

खूंटी (आजाद सिपाही)। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, भाजपा के पंचायत अध्यक्ष बालगोविंद महतो के साथ शुक्रवार को दारला घाघरा बीरामकेल गणालिया सहित कई गांवों का दौरा किया। घर-घर जाकर जनजातीय गौरव दिवस पर 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खूंटी में आहूत जनसभा में भाग लेने का न्योता दिया। इस संबंध में काशीनाथ महतो ने बताया कि प्रधानमंत्री के खूंटी आगमन को लेकर गांव के लोगों में भारी उत्साह है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। कहा कि खूंटी विधानसभा क्षेत्र से 20 हजार से अधिक लोग प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लोगों को आमंत्रित करने के लिए बूथ और पंचायत स्तर के कार्यकर्ता लगातार काम कर रहे हैं।

कार्डधारियों को दो महीने का नहीं मिला राशन, ग्रामीणों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

खूंटी (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड की तिलमा पंचायत के कई गांवों के ग्रामीण शुक्रवार को खूंटी पहुंचे और पंचायत के राशन डीलर सुनीता पूर्ति द्वारा सितंबर और अक्टूबर महीने का राशन लाभुकों के बीच अब तक वितरित नहीं करने का आरोप लगाते हुए हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन डीसी को सौंपा। आरोप लगाया कि राशन डीलर द्वारा लाभुकों से अंगूठे का निशान ले लिया गया है, लेकिन राशन का वितरण नहीं किया गया है। इसके साथ ही राशन डीलर पर निर्धारित मात्रा से कम राशन लाभुकों को देने का आरोप भी लगाते हुए ग्रामीणों को अविलंब राशन मुहैया करने की मांग की गई है। ग्राम प्रधान बिरसा मुंडा की अगुवाई में ज्ञापन सौंपने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण खूंटी समाहरणालय पहुंचे थे।

खलारी डीएवी में दीपावली और छठ पर्व पर प्रतियोगिता का आयोजन

खलारी (आजाद सिपाही)। डीएवी स्कूल खलारी में स्कूली बच्चों ने शुक्रवार को दीपोत्सव एवं छठ पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के इडीपी वर्ग के सभी बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक डिजाइनों में रंगोली प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया। नन्हें बच्चों ने पूरे विद्यालय को काफी आकर्षक रूप से सजाया। वहीं आयोजित मेले में बच्चों ने डेकोरेशन के लिए दीया, लैंप, तोरण और पेंटिंग बनाई। कक्षा तीसरी से पांचवी तक के बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। कक्षा छठी से आठवीं तक के बच्चों के बीच छठ गीत प्रतियोगिता कराई गई। इस अवसर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर उपस्थित प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार एवं सुपरवाइजरी हेड कंचन सिंह ने बच्चों की रचनात्मकता की प्रशंसा की। कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है और वे जीवन में और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित होते हैं। मेले के आयोजन में इडीपी की सभी शिक्षिकाओं की महती भूमिका रही।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में लोग अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में खूंटी पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों को सुनें। विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र की सुंदारी पंचायत के सेमर टोली में शुक्रवार को विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करने के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। कहा कि यह हमलोगों के लिए गर्व की बात है कि जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री खूंटी आ रहे हैं। नरेंद्र मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो लिए उनकी जयंती पर 15 नवंबर को उनके पैतृक गांव उलिहातू आयेंगे। उलिहातू में धरती आबा को श्रद्धांजलि देने के बाद प्रधानमंत्री खूंटी में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। इस मौके पर भाजपा के तोरपा मंडल अध्यक्ष पुरंदर मांझी ने भी लोगों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होकर जनसभा को सफल बनायें।

अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के प्रयास से पथ निर्माण कार्य की मिली स्वीकृत, हर्ष

तमाड़ (आजाद सिपाही)। केंद्रीय मंत्री सह खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा के प्रयास से सलगाडीह से बांकु तक और सलगाडीह से बारीगढ़ा तक की सड़क निर्माण की तकनीकी स्वीकृति मिली। क्षेत्रवासी इसे धनतेरस का बड़ा उपहार मान रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने अर्जुन मुंडा के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ ही धन्यवाद भी दिया है। गौरतलब हो कि सलगाडीह से बांकु पहुंच तक लगभग 78 करोड़ रुपये पथ नव निर्माण और सलगाडीह से बारीगढ़ा तक लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से पथ सुदृढ़ीकरण की पथ निर्माण विभाग द्वारा तकनीकी स्वीकृति मिलने से पथ निर्माण का रास्ता प्रशस्त हो गया है। अब जल्द सड़क निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ होगा। वहीं, लक्ष्मण सिंह मुंडा, विष्णुपद महतो, राजकिशोर महतो, दिलीप सेठ, संतोष साहू, समरेंद्र मुखर्जी, महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, सुरेंद्र साहू, लंबोदर महतो, राकेश महतो, धनेश्वर महतो, सुधिर मिश्र, सत्यनारायण महतो, हरिराम महतो कन्हाई पातर, मदन सिंह मुंडा, प्रकाश सिंह मुंडा, सागर मुंडा, नन्द किशोर मुण्डा, पूर्णचंद्र शर्मा, पूर्णचंद्र महतो, शशधर महतो और कृष्ण अहीर आदि ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

सुमानडीह एफसी को 3-0 से हराकर लुंगटू एफसी ने फाइनल में किया प्रवेश

बुंडू (आजाद सिपाही)। टीसीसी मैदान में शहीद रमेश सिंह मुंडा स्मारक 2023 खेल के चौथे दिन फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम सेमिफाइल मुकाबला हुआ। जिसमें एफसी लुंगटू ने एफसी सुमानडीह को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जबकि दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला एफसी अमलेशा और ईगल कोटा के बीच खेला गया। एसफी एमलेशा ने ईगल कोटा को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, बालिका फुटबॉल खेल केजीबीभी बुंडू बनाम एफसी आमलेशा का फाइनल मैच खेला जाएगा। क्रिकेट खेल में प्रथम सेमीफाइनल कांची बनाम ताऊ दूसरा सेमीफाइनल तुंजू बनाम रेलाडीह के बीच खेला जाएगा। शतरंज सेमीफाइनल खेल में प्रवेश करने वाली खिलाड़ी संजय चक्रवर्ती 1-0 राजू मलिक को मात देकर फाइनल में पहुंचा। शुक्रवार को प्रथम सेमीफाइनल विपुल कुमार विंझिया बनाम करण जायसवाल और दूसरा सेमीफाइनल अजुमन कुंडू बनाम संजीव चक्रवर्ती के बीच खेला गया। बैडमिंटन में पुरुष मैच में फाइनल पहुंचने वाली जुगल खिलाड़ी राजकुमार एवं किशोर दूसरा क्वार्टर फाइनल में विजेता सिद्धांत एवं संतोष दूसरा राजकुमार एवं अजय और बालिका वर्ग में फाइनल में पहूंचने वाली खिलाड़ी सुष्मिता एवं दीपिका की जोड़ी फाइनल में पहुंची। वॉलीबॉल खेल में फाइनल में पहुंचने वाली दो टीम टोल प्लाजा बुंडू बनाम ताऊ भीसी के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। कैरम खेल फाइनल मैच में दो जोड़ी खिलाड़ी अनिल लोहार एवं रितेश पत्र बनाम संतोष कुमार एवं गोपाल मुंडा के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया।

धनतेरस पर तीन करोड़ की खरीद-बिक्री का अनुमान

बुंडू/तमाड़ (आजाद सिपाही)। बुंडू और तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में धनतेरस के अवसर पर शुक्रवार को लगभग तीन करोड़ रुपये की खरीद-बिक्री होने का अनुमान है । बुंडू क्षेत्र में बर्तन दुकान, सोने चांदी, इलेक्ट्रॉनिक दुकान सुबह से ही दुल्हन की तरह सजाया गया था। दो पहिया वाहन की दुकानों में सुबह से ही लोगों की भीड़ खरीदारी के लिए पहुंचने लगी थी। हालांकि इस बार बाजार में भीड़ कम थी। लोग महंगाई के चलते कम खरीदारी कर रहे थे। पूरे क्षेत्र में लगभग तीन करोड़ करोड़ की खरीदारी का अनुमान है।

झारखंड आंदोलन के उद्देश्य को पूरा करने के लिए एक बार फिर आंदोलन की तैयारी

तमाड़ में झारखंड आंदोलनकारी संपर्क समिति की बैठक संपन्न

तमाड़ (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी संपर्क समिति(जेएएसएस) की दुसरी बैठक पद्म श्री डॉ रामदयाल मुंडा के आवासीय प्रांगण में आजसू के पूर्व अधक्ष्य ललित कुमार महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि आजसू के संस्थापक अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी प्रभाकर तिर्की उपस्थित थे। बैठक का संचालन हीरालाल दास व धन्यवाद ज्ञापन स्वर्गीय पद्म श्री डॉ रामदयाल मुंडा के पुत्र गूंजन इकीर मुंडा ने किया। बैठक में तमाड़ क्षेत्र के उन 35 आंदोलनकारी साथियों के लिए प्रार्थना किया गया जो अब इस दुनिया में नहीं रहे। उनके परिवारों को सुख दुख में सभी प्रकार की मदत समिति द्वारा निभाए जाने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए स्वर्गीय साथियों के परिजनों से संपर्क के लिये क्षेत्रवार अलग-अगल जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इस सभा में झारखंड आंदोलनकारी संपर्क समिति का निबंधन कराकर जन हित कार्य करने का निर्णय लिया गया। आगामी 26 नवंबर को राय डीह मोड़ तमाड़ स्थित ललित कुमार महतो के आवासीय प्रांगण मे समिति का कार्यालय उद्घाटन सह बैठक रखने का निर्णय लिया गया। वहीं, आजसू के संस्थापक अध्यक्ष प्रभाकर तिर्की ने कहा कि झारखंड आंदोलन के दौरान तमाड़ आजसू एवं झारखंड आंदोलन का मुख्य गढ़ रहा है। अब अलग राज्य को सवारने एवं नयी पीढ़ी को जोड़ने में भी तमाड़ की अहम भूमिका होगी। वहीं, आजसू के पूर्व अध्यक्ष ललित महतो ने झारखंड में संगठन विस्तार पर बल दिया। बैठक में गुणधर मांझी, जगदीश मांझी, रवींद्र मुंडा, रामदयाल महतो आदि मौजूद थे।

सुनील उरांव अध्यक्ष और संतोष बने सचिव

खलारी (आजाद सिपाही)। बेंती पंचायत के ग्राम कुटकी पुरनाडीह गांव में आदिवासी युवा विकास समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता विशुन उरांव और संचालन रवि उरांव ने किया। बैठक में सभी ग्रामीणों ने वीर शहीद सिनगी दई की प्रतिमा लगाने एवं साथ ही उनकी याद में जतरा मेला आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए एक कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुनील उरांव, उपाध्यक्ष सगार उरांव, सचिव संतोष, उपसचिव विशुन उरांव, कोषाध्यक्ष पुनित उरांव व विनय, संरक्षक रामविलास भोगता, रवि उरांव, अनंजय, जयपाल, रुपलाल, रशल उरांव, जय रामू सहित सदस्यों में जागे, निर्मल, विक्रम गंझू राजेन्द्र, अर्जुन, विष्वनाथ महतो, गोपाल महतो, किशुन जगदेव, सुरेश, नारायण, बालेश्वर आदि का नाम शामिल है।

डेढ़ महीने में चौथी बार बदला गया खलारी थाना के निकट का ट्रांसफॉर्मर

खलारी (आजाद सिपाही)। महावीरनगर खलारी थाना के निकट लगा 200 केवीए का ट्रांसफर्मर पिछले डेढ़ महीने में चौथी बार बदला गया है। हमेशा की तरह इस बार भी समाजसेवी सुरेंद्रनाथ पांडेय के प्रयास से इस ट्रांसफर्मर को बदला जा सका है। इससे पहले दुर्गापूजा के समय यहां का ट्रांस्फॉर्मर जल गया था। उस समय भी महावीरनगर के लोगों ने सुरेंद्रनाथ पांडेय से गुहार लगायी थी। विभाग के महाप्रबंधक व कार्यपालक अभियंता से आग्रह किए, जिससे त्योहार में नया ट्रांस्फर्मर मिल सका। इस बार भी ऐसा ही हुआ। लोग निराश थे कि तीन-तीन ट्रांसफॉर्मर जल चुका है। चौथी बार नया ट्रांसफर्मर मिलेगा या नहीं। परंतु लोगों को निराश नहीं होना पड़ा। प्रकाशोत्सव से पहले नया ट्रांस्फर्मर आ गया है। शुक्रवार सुबह नौ बजे तक ट्रांस्फर्मर आन हो जाएगा। चौथी बार ट्रांस्फर्मर बदलवाने के लिए स्थानीय लोगों बुकबुका मुखिया पारसनाथ उरांव, ललन सिंह, विवेकानंद सिंह, चंदन गुप्ता, सुनील सिंह, अमेन्द्र यादव, पवन गुप्ता, नारायण साव आदि ने सुरेंद्रनाथ पांडेय का आभार जताया है।

रिटर्निंग लाइन से हो रही परेशानी : महावीरनगर में रहने वाले निजी इलेक्ट्रीशियनों की लापरवाही से ट्रांसफर्मर तक आने वाले एलटी लाइन में रिटर्निंग लाइन आ रही है। जेबीवीएनएल के कर्मी ने बताया कि यही रिटर्निंग लाइन के कारण ट्रांसफर्मर बार-बार जल रहा है। वहीं लाइन में काम करने में खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि ये इलेक्ट्रीशियन आसपास के दूसरे ट्रांसफॉर्मर से केवल फेज खींचकर ले आते हैं और जेबीवीएनएल का न्यूट्रल इस्तेमाल कर खुद भी लाइन जलाते हैं और दूसरों को भी यह सुविधा देते हैं। फेज के साथ ही उसी ट्रांसफॉर्मर का न्यूट्रल भी लाकर बिजली जलाएं तो रिटर्निंग लाइन से बचा जा सकता है। दूसरी ओर, ग्रामीणों का कहना है कि इसी ट्रांस्फर्मर से एयरटेल टावर को 10 किलोवाट भार का लाइन दिया गया है। यह भी लोड बढ़ाने में सहायक है।

खलारी में धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी खरीदारों की भीड़

इलेक्ट्रॉनिक, बर्तन दुकानों और दो पहिया वाहनों के शोरुम में जमकर हुई खरीदारी

झनतेरस पर इलेक्ट्रानिक्स दुकान में खरादीरी को पहुंचे लोग।

बाजारों में खरीदारी को लेकर दिखी रौनक।

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। धनतेरस पर शुक्रवार को बाजार में इस बार काफी चहल-पहल देखी गयी। धनतेरस को लेकर खलारी के प्रमुख केडी बाजार में खरीदारों की काफी भीड़ रही। बाजार के स्थाई दुकानों के अलावा मुख्य मार्ग के दोनों ओर सड़क पर ही दिया, पटाखों, गृह साज-सज्जा सहित अन्य तरह-तरह की दुकानें सजी हुई थी। अनुमान के अनुसार खलारी कोयलांचल में लगभग छह करोड़ रुपये का व्यापार हुआ। खलारी कोयलांचल के दो पहिया वाहनों के शोरूम से लगभग 200 से अधिक बाइक की बिक्री हुई। साथ ही ईलेक्ट्रिक बाइक की भी काफी अच्छी बिक्री हुई। वहीं इस बार खलारी में टाटा कार के षोरूम से वाहनों की डीलवरी दी गई। साथ ही कई लोग रांची से चारपहिया वाहन खरीद लाए। इसके अलावा सोना-चांदी, बर्तन, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित इलेक्ट्रानिक उत्पाद, तांबा, पीतल, स्टील के बर्तन, फर्नीचर, गहनों आदि की भी खूब बिक्री हुई। ग्राहक सुबह से ही बाजार में आने लगे थे। दोपहर बाद तो दुकानों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी। सड़क पर सजी दुकानें और ग्राहकों के भीड़ से कई बार जाम की स्थिति बनी। खलारी थाना प्रभारी पुनि फरीद आलम के निर्देश पर बाजार में पुलिस बल मुस्तैद थी। भारी वाहनों का आवागमन रोक दिया गया था। वहीं, धमधमियां, खलारी बाजारटांड, सहित अन्य जगहों पर भी बाजार में रौनक रही। मान्यता के अनुसार लोगों ने झाड़ू, मिट्टी के दीये, साज सजावट के समान व लक्ष्मी गणेश की मूर्ति भी खरीदा। लोग पटाखे मिठाई भी खरीदे।

राहे के लाल ने राष्ट्रीय खेल में जीते दो स्वर्ण पदक

राहे (आजाद सिपाही)। गोवा में चल रहे 37वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड लॉन बॉल टीम में दिनेश कुमार और सुनील बहादुर ने फाइनल मुकाबले में पश्चिम बंगाल को हरा कर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया गया था। टीम का कप्तान दिनेश कुमार राहे प्रखंड के इचाहातू-गुचीडीह का रहने वाला है। दिनेश कुमार ने सिंगल मुकाबला में भी स्वर्ण पदक जीता है। राष्ट्रीय खेल में अभी तक दिनेश कुमार ने दो स्वर्ण पदक जीत चुका है। राष्ट्रीय खेल में स्वर्ण पदक जीतने पर राहे प्रखंड के लोग काफी उत्साहित है। खेल प्रेमियों ने दिनेश कुमार को शुभकामनाएं देकर बधाई दी है। इधर, झारखंड टीम को स्वर्ण पदक मिलने पर टीम के साथ दिनेश को सिल्ली विधायक सुदेश महतो, जिला परिषद उपाध्यक्ष बीणा चौधरी, जयपाल सिंह, सुनील सिंह, चितरंजन महतो, श्याम महतो, रंग बहादुर महतो, म्यूक भूषण महतो आदि ने बधाई दी है।

झारखंड स्थापना दिवस पर जेबीकेएसएस राज्य भर में निकालेगी बाइक रैली

अबुआ राज के सपने को साकार करने के लिए सभी झारखंडियों को एकजुट होना होगा : सुमित महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति राज्य भर में बाइक रैली निकालकर झारखंडियों को एकजुट करने का काम करेगी। इस क्रम में तमाम चैक चौराहों में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया जायेगा। इस आशय का निर्णय बुधवार की शाम गोंदलीपोखर चैक में जेबीकेएसएस की हुई बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के सक्रिय सदस्य फलिन्द्र करमाली ने किया। बाइक रैली का शुभारंभ कांके भाट-बोड़ेया मैदान, अनगड़ा मुख्यालय मैदान और बुंडू महाविद्यालय परिसर से किया जायेगा। मौके पर सुमित कुमार महतो ने कहा कि बिरसा मुंडा के सपनों का झारखंड नहीं बन पाया है। इसे पूरा करने के लिए सभी झारखंडियों को एक मंच पर आने की जरूरत है। इस बाइक रैली के माध्यम से झारखंडियों को अबुआ राज के लिए एकजुट होने का संदेश दिया जायेगा। बैठक में देवेन्द्र महतो, लखीन्द्र महतो, रामपोदो महतो, जलेश्वर उर्फ मार्शल महतो, राजकिशोर मुण्डा, देवेन्द्र नाथ महतो, सूरज नारायण महतो, सावन महतो, मनोज करमाली, सुधांशू, प्रवीण, चंदन, मंटू, मुकेश, महेन्द्र महतो, सावना महतो, लक्की, रामू, सुखराम, जय सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

झारखंड अबुआ आवास योजना को लेकर बैठक

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। अबुआ आवास योजना को लेकर गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में बीडीओ विजय कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में मुखिया, उपमुखिया सहित जनसेवक को झारखंड अबुआ आवास योजना के बारे में बतलाते हुए बीडीओ विजय कुमार ने बताया कि झारखंड अबुआ आवास योजना के तहत राज्य के गरीब जरूरतमंद परिवारों को 2 लाख रुपये की लागत से तीन कमरों वाला मकान उपलब्ध कराया जायेगा। ताकि बिना किसी परेशानी के राज्य के नागरिक पक्का मकान प्राप्त कर सकें। इस मकान को लाभुक खुद बनायेगा और इसको बनाने में जो मिट्टी न्यू खुदाई होगा उसका पैसा भी अलग से मनरेगा योजना के तहत दिया जायेगा। अबुआ आवास योजना का फार्म 16 नवंबर से शुरू होनेवाला आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम से भरना शुरू होगा। इस योजना के लिए फार्म जामा होगा इसका स्थल निरीक्षण 4 सदस्यीय समिति के द्वारा किया जायेगा। इसके बाद ग्राम वार प्रतिक्षा सूची तैयार किया जायेगा। उसी सूची के आधार से अबुआ आवास योजना दिया जायेगा। इस योजना को धरातल पर उतारने से गरीब परिवार के लोगों को पक्का 3 कमरों का मकान मिलेगा। बैठक में सभी पंचायत के मुखिया, उपमुखिया और जनसेवक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

डोमा नदी छठ घाट सीढ़ी का निर्माण कार्य पूरा

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के डोमा नदी छठ घाट सीढ़ी निर्माण का पहल पन्सस ओरमांझी ललिता देवी, मुखिया दीपक बड़ाईक, मुखिया शिवनाथ मुंडा, उप मुखिया ओरमांझी संतोष गुप्ता के द्वारा किया गया था। छठ से पूर्व डोमा नदी के दोनों तरफ सीढ़ी बनकर तैयार है। सीढ़ी बन जाने के बाद डोमा नदी छठ घाट व्रतियों के स्वागत के लिए उत्सुक दिखाई पड़ रहा है। सीढ़ी निर्माण हो जाने से व्रती के साथ साथ ग्रामीण भी इस कार्य के लिए पहल करने वालों को ढेरों दुआएं दे रहे हैं। छठ घाट सीढ़ी निर्माण कार्य 15 वें वित आयोग के पन्सस ललिता देवी, मुखिया दीपक बड़ाईक, मुखिया शिवनाथ मुंडा के फंड से गुणवत्ता युक्त कार्य कराया गया है। सीढ़ी निर्माण कार्य में शशि मेहता, आनन्द मेहता व वेंडर इरफान अंसारी ने अपना तन मन और धन का योगदान दिया है।

बेड़ो में रंगोली और घरौंदा प्रतियोगिता का आयोजन

बेड़ो (आजाद सिपाही)। स्वर्ण डीपीएस स्कूल जरिया बेड़ो ने धनतेरस व दीपावली के शुभ अवसर पर शुक्रवार को रंगोली और घरौंदा प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान छात्रों ने रंगोली और घरौंदा बनाकर प्रदर्शन किया। प्रधानाध्यापक और शिक्षकों की निगरानी में, छात्रों और शिक्षकों ने आदिदेव की पूजा किया। बड़ों की देख रेख में आतिशबाजी किया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने स्कूल कैम्पस में दीप जलाया। वहीं प्रधानाध्यापक दीपम बनर्जी ने घरौंदा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सोनू कुमार और ग्रूप व द्वितीय पुरस्कार मानसी एक ग्रूप को देकर सम्मानित किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विशाल लोहरा व अभिषेक कुमार को दिया गया और द्वितीय पुरस्कार पावन व आदित्य को दिया गया। सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इधर कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक दीपम बनर्जी, उप-प्राचार्य सोनम प्रसाद, श्वेता खन्ना, बिजेता, संध्या साहू, प्रिमिका लकड़ा, सोनम, शिवानी व राज कूपर आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

खेल महोत्सव, सुरभी व आदित्य को मिला स्वर्ण

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। जनकल्याण समर्पण संस्थान द्वारा सिकिदीरी फुटबॉल मैदान में आयोजित खेल महोत्सव के दसवें दिन बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि जैलेंद्र कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को पदक और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया। खेल के दौरान 400 मीटर बालिका जुनियर में रीतिका कुमारी स्वर्ण, विजेता कुमारी रजत, मनीषा कुमारी कांस्य, 100 मीटर बालक में आदित्य महतो स्वर्ण, संदीप कुमार रजत, स्निफ अंसारी कांस्य, केला दौड़ बालिका में सुरभि चंद्रा को स्वर्ण, सोनाली कुमारी रजत, तनवी कुमारी कांस्य, बालक वर्ग में राजवीर राम स्वर्ण पदक, अंश महतो रजत, अनुज करमाली कांस्य पदक हासिल किये। मौके पर सुजीत, रमण कुमार, महासचिव सत्यपाल, आदि मौजूद थे।

सीआइटी में दीपोत्सव ओपन मायक आयोजित

नामकुम (आजाद सिपाही)। दिवाली के पूर्व सीआईटी में आयोजित दीपोत्सव ओपन मायक प्रोग्राम में विद्यार्थियों ने जमकर मस्ती की। मौके पर संस्थान की एल्युमुनी और कैंब्रिज ग्रुप की सीएएफ प्रो रशिका नवनीत सिंह ने भी विद्यार्थियों का साथ दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मैदान में जोरदार अतिशवाजी भी की। बता दें कि संस्थान में शुक्रवार से छुट्टी हो रही है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने डांडिया और फिल्मी गानों पर डांस का भरपूर आनंद लिया।

सांसद प्रतिनिधि ने किया मेला का उद्घाटन

नामकुम (आजाद सिपाही)। नामकुम बाजार सदाबहार चौक स्थित दुर्गा मंदिर के समीप लगे इंडियन क्राफ्ट सेल सह मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित होकर खिजरी विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिहं और जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। इस मौके पर प्रमोद सिंह ने कहा कि इस मेले में गरीब और मध्य लोगों के लिये उचित मूल्य पर खादी के बने कपड़े, घर का साज-सज्जा और अन्य सामान उपल्बध है। मेला में विशिष्ट अतिथि के रुप में खिजरी पंचायक की मुखिया कामेर्ला कच्छप, बरगावां मुखिया अनिता तिर्की, बनो और बनाओ मंच के सचिव अखिलेश यादव उपस्थित थे। मौके पर नवयुवक संघ सदाबहार चौक दुर्गा पूजा समिति के सचिव मनोज, रंजीत पात्रा, नितीन चलानी, निरज, कौशल, मनोज कुमार, रविंद्र, उर्मिला आदि के साथ कई लोग उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नाली निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने रोका

ओरमांझी (**आजाद सिपाही**)। प्रखंड के दड़दाग से बसुआ टोली तक बनने वाला प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सडक मरम्मती हो रहा है। इस सड़क के निर्माण में सड़क के किनारे पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण किया जा रहा है। विरोध का भी कोई असर नहीं होता देख मिडिया कर्मियों को इसकी जानकारी दी गयी। जानकारी मिलने के बाद जब अभियंता से बात करने की कोशिश की गयी तो। उन्होंने सवेदक पर ठीकरा फोड़ कर फोन काट दिया। बार बार फोन करने के बाद भी अभियंता ने कॉल नही रिसीव किया गया। ग्रामीणों के द्वारा संवेदक को सड़क से सटकर हो रहे नाली निर्माण की कई बार शिकायत की गयी। इसकी शिकायत अभियंता वेणु गोपाल के पास भी मौखिक रूप से किया गया था। अभियंता संवेदक के साथ दबंगाई दिखाकर बे रोक टोक कार्य जारी रखा। हद तो तब हो गयी जब ग्रामीणों ने नाली पर पिलर देकर निर्माण कार्य होते हुए दड़दाग के रिजवान अंसारी को देखा। ग्रामीणों ने मुखिया शिवनाथ मुंडा के साथ इसका विरोध जताया। चकला पंचायत के मुखिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जोरदार ढंग से किया है, साथ ही कहां है कि सड़क निर्माण कार्य में संवेदक अपने मनमानी से नाली का निर्माण कर रहा है। नाली सड़क से हटकर होना था लेकिन संवेदक के द्वारा सड़क में सटकर बना दे रहा है। जिससे अतिक्रमण भी हो रहा है। क्योंकि नाली के दीवार के उपर जोडाई कर-के कुछ लोग मकान बना रहे हैं। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। जबकी संवेदक को सड़क का जो जमीन है उसका अंतिम छोर से नाली का निर्माण करना था जो नही कर रहा है। संवेदक नाली का निर्माण को सडक की जमीन के किनारे से कराए नही तो निर्माण कार्य रोक देंगे। विरोध करने वालो मे मुखिया शिवनाथ मुंडा, पुर्व पंसस मोतीलाल महतो सहित ग्रामीण थे।

मृतकों के परिजनों से मिले बंधु तिर्की, मदद का आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने शुक्रवार को बेड़ो प्रखंड के नरकोपी थाना क्षेत्र के मसियातु टिरिंग टोला गांव में एक ट्रैक्टर दुर्घटना में मृत 26 वर्षीय युवक प्रकाश उरांव और सांप के काटने से मृत 26 वर्षीय मना उरांव के स्वजनों से मुलाकात की और गहरी संवेदना प्रकट की। मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि जिन परिस्थितियों में दोनों युवकों की मौत हुई है वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और सोचनीय है। वहीं उन्होंने ने मृतकों के परिजनों की आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि शुक्रवार को दोपहर लगभग ढ़ाई बजे ट्रैक्टर से खेत की जुताई करने के दौरान एक ट्रैक्टर असंतुलित होकर खेत में बने कुएं में ट्रैक्टर गिर गया था और उसके चालक 26 वर्षीय युवक प्रकाश उरांव की मृत्यु हो गयी जबकि 23 वर्षीय युवक सामेल उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके अलावा इसी गांव के युवक की सर्पदंश से मौत हो गयी थी। दौरे के क्रम में तिर्की के साथ मोदस्सिर हक, नवल सिंह, कुदूस, चीना अंसारी, फहीम, बांधना, लालदेव लोहरा, राबुल, जलील, कुलदीप उरांव आदि भी उपस्थित थे।

विधायक ने पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने शुक्रवार को हेसल पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पीएमजेएसवाई रोड से मासु तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। वे चाहते हैं कि प्रत्येक गांव में चिकित्सा, सड़क, बिजली, पेयजल, रोजगार, खेल, कृषि आदि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो ताकि लोगों का जीवन स्तर हर स्तर पर प्रगतिशील बन सके। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, साकीर अंसारी, सचिन नायक, मुखिया कविता देवी, पंसस मदरा मुण्डा, जॉन तिग्गा, शीला देवी, वार्ड मेंबर प्रदीप महतो, युवा नेता अजय तिर्की, एतवा उरांव, सुभाष राम, अब्बास, युनूस, रोहित नायक, तुलसी खरवार, दशरथ पहान, कुलेश्वर मुंडा, कांग्रेस नेत्री सरिता देवी, संगीता कैथा, अनिता देवी, यशोदा देवी आदि मौजूद थे।

ताइक्वांडों में जीपी हाईस्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। देवघर में आयोजित 23वां झारखंड स्टेट सीनियर कर्गी ताइक्वांडों चैंपियनशिप प्रतियोगिता में गोंदलीपोखर मध्य/उच्च विद्यालय हेसल अनगड़ा के 8 छात्र-छात्राओं नें 5 गोल्ड, 2 सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं जिला सहित क्षेत्र का नाम रौशन किया है। 8 से 10 नवंबर तक कुमैठा स्टेडियम देवघर में आयोजित इस चैंपियनशिप में मनीष कुमार महतो, नीरज बेदिया, शशि मुंडा, आर्यन कुमार और बबली कुमारी नें गोल्ड मेडल, भारती कुमारी व अंकुश नाग ने सिल्वर तथा रितेश कुमार महतो ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। बच्चों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय के सचिव डॉ अमर कुमार चैधरी ने कहा कि गुणवतापूर्ण शिक्षा के साथ खेल को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय परिवार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वे बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर प्रशिक्षण सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की कोशिश करेंगे। प्राचार्य ब्रजेश कुमार महतो नें मेडल जीतने वाले बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सम्मानित करने की बात कही। विद्यालय के कोच संजय मुण्डा एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया।

रातु में महिला से जवेरात और 10 हजार रुपये की लूट

आजाद सिपाही संवाददाता

रातु। थाना क्षेत्र के झिरी कचरा डंप के पास ऑटो चालक ने एक महिला से मोबाईल फोन, सोने की कान का झुमका, मंगलसूत्र व 10 हजार रुपया लूटकर फरार हो गया। महिला नीलम देवी हनुमान नगर रातु कमड़े की रहने वाली है। जानकारी के मुताबिक महिला सुबह के 3 बजे रातु रोड में ऑटो में बैठ कर अपना घर कमड़े लौट रही थी। ऑटो में महिला अकेली बैठी थी। महिला को अकेला देखकर ऑटो चालक उसे झिरी कचरा डंप की ओर ले गया। गलत रास्ता जाता देख महिला चलती ऑटो से छलांग लगा दी। जिससे महिला गिर पड़ी। इस दौरान ऑटो चालक ने चाकू की नोक पर महिला से उसका मोबाईल फोन, सोने की कान बाली व 10 हजार रुपया लूटकर रिंग रोड़ की ओर फरार हो गया। मामले को लेकर नीलम देवी ने रातु थाने में अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ रातु थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस आईपीसी की धारा 392 के तहत कांड संख्या 432 दर्ज कर चालक की तलाश में जुट गयी है।

जमीन हथियाने के लिए भाजपा नेता का किया जा रहा है भयादोहन, परिवार दहशत में

सांसद संजय सेठ को भी आपबीती सुना चुके हैं मनीनाथ

असामाजिक तत्वों द्वारा साल भर पहले उनके पुत्र पर जानलेवा हमला भी किया गया था

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। ओरमांझी थाना क्षेत्र के रूक्का गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता व भाजपा के वरिष्ठ नेता मनीनाथ सिंह के करोड़ो की जमीन पर भू माफियाओं की गिद्ध दृष्टि है। उनके जमीन को हथियाने के लिए बाहरी असमाजिक तत्व गांव के हीं कुछ लोगों के साथ मिलकर उनके खिलाफ कई तरह के खतरनाक साजिश रच रहे हैं ताकि मनीनाथ सिंह भयभीत होकर जमीन बेचने पर मजबूर हो जाएं। इस क्रम में पीएलएफआई और अन्य कई उग्र संगठनों के नाम पर उन्हें कथित रूप से धमकाया भी जा रहा है। इससे उनका पूरा परिवार दहशत मे है। बताया गया कि इस साजिश में गांव का हीं एक एसटी रिटायर्ड रेलकर्मी भी लिप्त है। असमाजिक तत्वों द्वारा साल भर पहले उनके पुत्र पर जानलेवा हमला भी किया गया था। जिसमें उनके एक करीबी रिश्तेदार को गंभीर चोट लगी थी। मनीनाथ सिंह ने बताया कि तीन माह पहले रूक्का में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उनके खिलाफ हो रहे षडयंत्र की पूरी दास्तान सांसद संजय सेठ को सुना चुके हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री, डीजीपी, एसएसपी सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों से अपने और परिवार के जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। इधर पूर्व विधायक रामकुमार पहान एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी ने पुलिस प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए मनीनाथ सिंह को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

बेड़ो में धनतेरस पर जमकर हुई खरीदारी

बेड़ो (आजाद सिपाही)। धनतेरस पर शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित दुकानों में ग्राहकों की भीड़ ने जमकर खरीददारी किया। शाम तक बाजार गुलजार रहा। सुबह से शाम तक बाइक, बर्तन, इलेक्ट्रा निक्स, आभूषण, पूजन सामग्री और किराना समेत सभी प्रकार दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ खरीदारी के लिए उमड़ पड़ी। सुबह से ही खरीदारी के लिए बाजार सज गये थे।इधर इलेक्ट्रॉनिक दुकान संचालक, बर्तन दुकान व ज्वेलरी शॉप के दुकान संचालकों ने पर्याप्त स्टॉक अपने पास मंगा रखा था। झाड़ू का बाजार सबसे अधिक गर्म रहा। धनतेरस के मौके पर झाड़ू खरीदे जाने की परंपरा के मद्देनजर सभी चौक चौराहों पर झाड़ू के दुकानें भी सजी हुई थीं। लोगों ने जमकर झाड़ू की खरीदारी की। 40-60 रुपये से लेकर 100 रुपये के भाव में झाड़ू बिके। वहीं लोगों ने जमकर सोने-चांदी के गहनों के साथ साथ सिक्कों को खरीदा। धनतेरस पर चांदी और सोने के सिक्कों की भी खासी मांग रही। इधर बर्तन दुकानों में तांबा व कांसा की मूर्तियों के अलावा स्टील के बर्तन व अन्य आवश्यकताओं के सामान लोगों ने खरीदा। खासकर महिलाओं ने बर्तनों की खरीददारी की। इस दिन लक्ष्मी घर आती हैं तथा अन्न धन का भंडार भी भरता है।

धनतेरस के अवसर पर बर्तन, गहने, मिट्टी के दिये और झाड़ू की हुई बिक्री

लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग प्रखंड में भगवान धनमंत्री की पूजा के साथ धतेरस की खरीदारी करते लोगो को देखा गया। लापुंग के सापुकेरा बाजार में सोने चांदी के गहने की खरीद बिक्री हुई, बर्तन, झाड़ू, मिट्टी के बर्तन व मिट्टी के दिए 20-24 रु0 प्रति दर्जन बिके, पटाखा, करजं का तेल 120 रु0 लीटर बिका, इलेक्ट्रिक दुकान में भी भीड़ काफी थी। इलेक्ट्रिक लाइट आने के कारण कुम्हार का दिया बाजार में नही बिक रहे है व उनका रोजगार संकट में है। बाजार में लाखो रु0 की खरीद बिक्री किया गया। आज सापुकेरा बाजार में दीपावली और धनतेरस का त्योहार को लेकर भीड़ काफी रही। बाजार में झाड़ू की मांग इतनी थी कि बाजार में झाड़ू बाजार में कम व मांग अधिक होने से खरीदार खाली हाथ लौटे। लापुंग, लालगंज, महुगाव, ककरिया, दोलैचा में वर्तनो की बिक्री के लिए दुकान सजकर तैयार थे व बिक्री काफी रही।

बरौदी मेला का आयोजन 25 नवंबर को

ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)। बुढ़मू प्रखंड का ऐतिहासिक बरौदी मेला का आयोजन 25 नवंबर का आयोजन किया गया है। उक्त मेला का आयोजन देवथान के अवसर पर प्रत्येक वर्ष किया जाता है। मेला के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों की बैठक मेलाटांड में हुई। मेला की सफलता को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रामजतन पाहन, सचिव पनेनाथ महतो व कोषाध्यक्ष बिहारीलाल महतो बनाये गये। वहीं कमेटी में संरक्षक मुखिया दशरश उरांव, पंसस भुनेश्वर साहु, उपमुखिया शिवकुमार मुंडा, सीटू मुंडा, कलेश्वर, जावेद इरफान, जैनुल, जहरुद्दीन अंसारी चुने गये।

अलकमर एजुकेशन ट्रस्ट ने बांटे 514 स्कूली बैग

रातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के फुटकलटोली राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य उर्दू विद्यालय के 514 स्कूली बच्चो-बच्चियों के बीच अलकमर एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमेन कमरुल हक ने बैग का वितरण किया। ट्रस्ट के चेयरमैन कमरुल हक ने संबोधन में कहा कि अच्छी शिक्षा जीवन में बहुत से उद्देश्यों को प्रदान करती है, शिक्षा से सामाजिक स्तर में बढ़ावा, सामाजिक स्वास्थ्य में सुधार, आर्थिक प्रगति, राष्ट्र की सफलता, जीवन में लक्ष्यों को निर्धारित करना तथा सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक प्रदान करती है। स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने ट्रस्ट के अध्यक्ष कमरुल हक का आभार जताया है। वही हक ने आगे भी स्कूल को सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में प्रखंड अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष अत्ताउल्लाह अंसारी, उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, हाजी मियांजान अंसारी, अख्तर हुसैन, मोहम्मद सरफराज, असलम अंसारी के अलावा दर्जनों लोग मौजूद थे।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध : एसबीपी मेहता

उन्नति के शिखर पर पहुंचने के लिए कड़े परिश्रम की जरूरत है : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में दीपावली पूर्व प्रतिभा संगम (वार्षिक विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं सूचना प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी), रंगोली एवं लोक संगीत प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विद्यालय के निदेशक सह पांकी विधायक डॉ एसबीपी मेहता, ने डीडीसी रवि आनंद व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ निदेशक, डीडीसी और प्राचार्य डॉ एके सिंह ने संयुक्त रुप से किया। वहीं, छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों से संबंधित अद्भूत मॉडल, परियोजना कार्य आदि पेश किया। अतिथियों ने रूची लेकर सभी कलाकृतियों को देखा और उसकी सराहना की। इस दौरान छात्राओं ने मनमोहक स्वागत नृत्य पेश किया। इसके बाद प्राचार्य डॉ एके सिंह ने डीडीसी को शॉल ओढ़ाकर एवं विद्यालय स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस पर डीडीसी ने कहा कि उन्नति के शिखर पर पहुंचने के लिए ऐसे ही परिश्रम और प्रेरणा की आवश्यकता होती है। इस प्रकार की अंतः व अंतर गतिविधियों से विद्यार्थियों की क्रियाशीलता में वृद्धि होती है। शिक्षा व नवीन खोज के प्रति अभिरुचि बढ़ती है और छात्रों को इससे मंच मिलता है। शारीरिक विकास के साथ ही मानसिक गतिविधियों की अभूतपूर्व वृद्धि में भूमिका का निर्वहन करती है। वैज्ञानिक और राष्ट्र निर्माता व्यक्तित्व की यह प्रथम सीढ़ी होती है। इसके बाद विद्यालय के निदेशक डॉ एसबीपी मेहता ने डीडीसी को धन्यवाद देकर दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। कहा कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बच्चों की प्रतिभा में निखार लाने का भरपूर प्रयास जारी रहेगी। इसके बाद विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का प्रदर्शन किया गया। जिसमें बालिका समूह में बायरन, इलियट प्रथम स्थान पर रहे। कीट्स शेक्सपीयर सदन द्वितीय स्थान रहे। बालक समूह में कीट्स सदन, बायरन सदन प्रथम स्थान पर, शेक्सपीयर सदन द्वितीय स्थान पर और इलियट सदन तृतीय स्थान पर रहा। अंत में प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि दीपावली सनातन संस्कृति का त्योहार है, जो भारत के सबसे बड़े और सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। दीपावली दीपों का त्योहार है जो आध्यात्मिक रुप से अंधकार पर प्रकाश की विजय को दर्शाता है। आप सभी के जीवन में भी अंधकार का नाश हो और प्रकाश ही प्रकाश हो। यह त्योहार प्रेम और सुख समृद्धि से परिपूर्ण रहें और सभी को हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा दें। प्रतिभा संगम (विज्ञान प्रदर्शनी) में छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान, वाणिज्य, गणित, सामाजिक अध्ययन, अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, खेलकूद, मानविकी एवं कम्प्यूटर आदि विषयों से संबंधित अद्भुत मॉडल, परियोजना आदि प्रस्तुत किए गए। प्राचार्य ने कहा कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य हमारे छात्र एवं छात्राओं में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान का भी विकास हो। इससे विभिन्न क्षेत्र में छात्रों के क्रियात्मक एवं बौद्धिक विकास होते हैं। इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में अनुसंधान की क्षमता बढ़ती है। वहीं, चयनित एवं प्रतिभागी सभी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र दिए जायेगें। स्वास्थ्य, उर्जा, पर्यावरण, चिकित्सा, आपदा, जीव-विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, सामाजिक अध्ययन, संस्कृत एवं हिन्दी आदि विषयों पर प्री-नर्सरी से तीसरी तक के बच्चों द्वारा लगभग 456 एवं चतुर्थ से 12वीं तक के छात्रों द्वारा लगभग 853 प्रदर्श प्रस्तुत किये गये। इस प्रकार लगभग 1300 से अधिक प्रदर्श प्रतिभा संगम कार्यक्रम में सम्मिलित थे। मंच का संचालन शिवांगी आनंद एवं मीनू सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने लोक संगीत प्रस्तुत किए, जिसमें अर्पिता रानी (12वीं अ), अखंडजय (8वीं ब), प्रभात रंजन (10वीं अ) प्रथम स्थान पर, अद्वैत अंताश (सातवीं अ), नैन्सी (सातवीं ब), आवेरी कर (चौथी अ), सृष्टि, सिमरन (ग्यारहवीं द), द्वितीय स्थान पर तथा पल्लवी रानी (छठी ब), सत्यम (छठीं स) प्रणव पाठक (नवमी अ), रानी कुमारी (नवमी अ) तृतीय स्थान पर रहे।

कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे डीडीसी रवि आनंद व अन्य।

दीपावली प्रकाश का त्योहार, आतिशबाजी कर जीवन में जहर ना घोलें: कौशल किशोर

- पर्यावरण धर्मगुरु ने चंडीगढ़ केंद्रीय विद्यालय में वनरखी व पर्यावरण धर्म के मूल मंत्र को अपनाने का दिया संदेश
- चंडीगढ़ के केंद्रीय विद्यालय ने पर्यावरण धर्म गुरु को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। चंडीगढ़ के रामगढ़ जिले के भानु आइटीबीपी के केंद्रीय विद्यालय में दी भारत स्काउट गाइड्स संस्था के वार्षिकोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में शामिल विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने दीप यात्रा के तहत दीपावली पर देशवासियों को शुभकामना देते हुए पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। उन्होंने कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए उक्त विद्यालय परिसर में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ कर्नाटक का चंदन, नेपाल का रुद्राक्ष, थाईलैंड का बारहमासी आम, क्रिसमस ट्री एवं बोतल पाम लगाया व लोगों के बीच वितरित भी किया। वहीं कार्यक्रम में शामिल स्कूली बच्चों को उन्होंने पर्यावरण धर्म का पाठ पढ़ाया। साथ ही पर्यावरण धर्म के आठ मुल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाकर वृक्षों पर रक्षाबंधन भी किया।

केंद्रीय विद्यालय के सहायक प्रिंसिपल उमाशंकर समेत कई शिक्षकों ने अपने संबोधन में पर्यावरणविद व धर्मगुरु कौशल के पर्यावरण के क्षेत्र में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्य की सराहना की। वहीं विद्यालय प्रबंधन ने अगले वर्ष स्थापना दिवस पर आने का आमंत्रण भी दिया। दूसरी ओर, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बीपीएसए संस्था के हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अमलेश कलिया मेहता ने कहा कि वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल किशोर एकलौता ऐसे पर्यावरणविद हैं जिनकी जीवनी की पढ़ाई ऑक्सफोर्ड की सीबीएसई के कक्षा आठ और आइसीएसई के कक्षा छह में एक दशक से भी ऊपर से हो रही है। उन्होंने समाज के लोगों से कौशल किशोर की ओर से चलाये जा रहे वन राखी मूवमेंट और पर्यावरण धर्म को अपने जीवन साथी बनाने की अपील की है। वहीं, पर्यावरण धर्मगुरु कौशल किशोर ने कहा कि देश और दुनिया में बढ़ते प्रदूषण की आग को देखते हुए दीपावली सादगी से मनाएं। उन्होंने कहा कि दीपावली प्रकाश का त्योहार हैं। इसमें पटाखा फोड़कर वातावरण में प्रदूषण और जीवन में जहर ना घोलें। पर्यावरणविद ने दीपावली पर ब्रह्मांड के सारे जीवों की रक्षा के लिए लोगों से आतिशबाजी नहीं कर लोगों की जिंदगी तबाह होने से बचाने की मार्मिक अपील की है। पर्यावरणविद ने कहा कि लोग क्षणिक आनंद के लिए वातावरण में प्रदूषण का जहर घोलकर बच्चों और बूढ़ों की जिंदगी तबाह कर देते हैं। ऐसा करने से लोगों को परहेज करने की जरूरत है। इस मौके पर सूरज कुमार जायसवाल, अमरेंद्र मेहता, उमाशंकर, असीमा गुप्ता, पीला सिन्हा, पुष्पा यादव, जतिंदर कुमार, सुनैना, देवपल्ली गुप्ता, शायरी नारायण, अंजू सिन्हा, गरिमा, भगवान दास, देवी दत्त, शकुंतला सागर आदि उपस्थित थे।

विद्यार्थियों को पर्यावरण के मूल मंत्र की जानकारी देते पर्यावरणविद कौशन किशोर।

डीडीयू मंडल के हैदरनगर स्टेशन पर लगा नया इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम

- नए इंटरलॉकिंग सिस्टम में नई तीसरी लाइन पर भी रेल परिचालन की सुविधा
- कोयले के त्वरित परिवहन में सहायक होगा नया सिस्टम

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता के दिशा निर्देशन में रेल अवसंरचना विकास एवं उन्नयन करते हुए रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में सुचारू रेल परिचालन के साथ रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि के लिए मंडल अंतर्गत सोननगर-गढ़वा रोड रेलखंड में स्थित हैदर नगर स्टेशन पर नया आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की स्थापना संबंधी विभिन्न अवसंरचना उन्नयन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न करने के उपरांत गुरुवार देर रात को नए सिस्टम के साथ परिचालन कार्य की शुरूआत की गई। यार्ड रीमॉडलिंग करते हुए हैदर नगर स्टेशन पर 77 रुट की क्षमता वाले नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की स्थापना की गई है। साथ ही वहां रेल खंड में समपार संख्या 47 एवं 51 को नए सिस्टम के साथ इंटरलॉकिंग युक्त किया गया है। नया इंटरलॉकिंग सिस्टम अत्याधुनिक सिग्नलिंग उपकरणों व सुविधाओं से युक्त है। इंटरलॉकिंग सिस्टम से इस क्षेत्र में कोयला लदी मालगाड़ियों के त्वरित आवागमन में सुविधा होने के साथ बीडी सेक्शन में रेल परिचालन तेज एवं सुगम होगा। साथ ही संरक्षा भी और सुदृढ़ होगी।

28 कब्रिस्तानों की घेराबंदी का कार्य प्रगति पर 20 कब्रिस्तानों की मिली स्वीकृति : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद/पलामू। क्षेत्र के 28 कब्रिस्तानों की घेराबंदी का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। जबकि 20 और कब्रिस्तानों की घेराबंदी कार्य की स्वीकृति कल्याण विभाग से मिल चुकी है। इस संबंध में हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र के विकास में शुरू से ईमानदारी के साथ काम किया है। किसी को कम या ज्यादा तरजीह नहीं दी है। उन्होंने अपने इस कार्यकाल में 28 कब्रिस्तानों की घेराबंदी कार्य की स्वीकृति दिला कर उसपर कार्य शुरू कराया। गुरुवार को क्षेत्र के 20 कब्रिस्तानों की घेराबंदी व सुंदरीकरण कार्य को स्वीकृति दिलाया। उन्होंने बताया कि हरिहरगंज में तीन, पिपरा में एक, हुसैनाबाद में नौ, हैदरनगर में पांच व मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र में दो कब्रिस्तान शामिल है। आजादी के बाद इतने कब्रिस्तानों की घेराबंदी किसी ने किया है तो बतायें। उन्होंने कहा कि वह सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। विवाह मंडप बनवाने के साथ निकाह भवन का भी निर्माण कराया। मंदिर और मस्जिद दोनों धार्मिक स्थलों को पक्की सड़क से जोड़ने का भी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर अभी भी किसी कब्रिस्तान की चहारदीवारी बाकी है या सुंदरीकरण की जरूरत है, तो वहां के ग्रामीण मिलकर अनुसंशा करा सकते हैं।

स्वच्छ दिवाली-शुभ दिवाली अभियान का आयोजन

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर नगर परिषद की ओर से शुक्रवार को बी मोड़ चौक पर सम्मान सह स्वच्छ दिवाली-शुभ दिवाली समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन व संचालन नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ने किया। इस दौरान दशहरा पर्व पर आयोजित स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता अंतर्गत श्रेष्ठ कार्य करने एवं स्वच्छता के मापदंडों को ध्यान रखने वाले 10 पूजा समितियां को प्रशस्ति पत्र और सर्वश्रेष्ठ तीन पूजा समितियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कारों का वितरण कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन, थाना प्रभारी शशि रंजन व सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्र सुदामा देवी, दशरथ भुईयां, अजय कुमार, चालक रमेश बहेलिया, चापाकल मिस्त्री जहीर अंसारी व अनिल राम को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी ने मौजूद नागरिकों एवं दुकानदारों को ट्रेड लाइसेंस बनवाने, होल्डिंग टैक्स देने और साफ-सफाई के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं, बी मोड और विश्रामपुर के सभी दुकानदारों से सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की। वहीं, दुकानदारों ने स्वेच्छा से प्लास्टिक की थैलियां दान किया और सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नहीं करने का वादा भी किया। मौके पर सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक प्रभात कुमार, समाजसेवी विजय कुमार रवि, निवर्तमान वार्ड पार्षद दिनेश शुक्ला आदि थे।

पूर्व विधायक ने किया न्यू फैशन बाजार का उद्घाटन

नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। धनतेरस पर लेस्लीगंज हाई स्कूल रोड़ स्थित न्यू फैसन बाजार नामक कपड़ा दुकान का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने किया। कहा कि लेस्लीगंज बाजार भी अब तेजी से विकसित हो रहा है। उन्होंने दुकान संचालक को तरक्की की शुभकामनाएं दी और ग्राहकों के साथ मधुर संबंध बनाकर उनकी पसंद के अनुरूप बेहतर सेवा देने की बात कही। जबकि दुकान के प्रोपराइटर मो इस्लाम अली ने कहा कि उचित मूल्य पर सभी तरह के गारमेंट हमारे पास उपलब्ध है। ग्राहकों को सस्ते दर पर गुणवत्ता पूर्ण कपड़े देना मेरा प्राथमिकता होगी। मौक पर उप मुखिया हुमायूं खान, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, उपाध्यक्ष मनोरंजन दूबे, पवन कुमार सोनी, ओम प्रकाश सोंडित, हाजी अब्दुल रजाक खलीफा, धनंजय सिंह, अख्तर अली, अवधेश साहू, अरविंद डी सिल्वा, मो हसनैन, बुर्ज खलीफा, तारकेश्वर पासवान, राहुल सिंह, अशोक मिश्रा, फखरुद्दीन खलीफा, मोहम्मद इस्लाम अली आदि मौजूद थे।

भाजपा नेता ने किया इलेक्ट्रॉनिक दुकान का उद्घाटन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शहर के गांधी चौक के समीप जवाहिर साव गली में शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह ने आनंद विजन नामक इलेक्ट्रॉनिक दुकान का उद्घाटन किया। उन्होंने दुकान संचालक को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए व्यापार का बढ़ना जरूरी है। जब तक व्यापार नहीं बढ़ेगा, किसी भी क्षेत्र का विकास संभव नहीं है। केंद्र सरकार भी व्यापार को बढ़ावा देने के लिये कई योजनाएं चला रही है। वहीं, दुकान संचालक ललन प्रसाद कांस्यकार व अविनाश कुमार ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में स्मार्ट फोन, एलईडी टीवी, एसी, फ्रिज, कूलर, वाशिंग मशीन आदि सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर अमर कुमार, प्रो अभिषेक कुमार, राजेश कर्ण, छोटू सिंह, विपिन सिंह, हर्ष कुमार व अमृत कांस्यकार आदि थे।

स्पोर्ट्स

सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में आयोजित जनकल्याण समर्पण संस्थालन खेल महोत्सव में शामिल प्रतिभागी खिलाड़ियों ने स्वर्ण सहित कई पदक जीते। 400 मीटर बालिका जुनियर में रीतिका, जबकि 100 मीटर बालक में आदित्य ने स्वर्ण जीता।

400 मीटर बालिका जूनियर में रीतिका और 100 मीटर बालक में आदित्य महतो ने जीता स्वर्ण पदक

केला दौड़ में सुरभि को स्वर्ण, बालक वर्ग में राजवीर राम ने जीता स्वर्ण, जैलेंद्र कुमार ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में आयोजित जनकल्याण समर्पण संस्थान खेल महोत्सव के 10वें दिन बतौर मुख्य अतिथि जसपुरिया बीएड कॉलेज के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार, विशिष्ठ अतिथि भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अमन यादव, भाजपा प्रलेख विभाग के सह संयोजक रणधीर कुमार दास शामिल हुए। उन्होंने सभी विजेता खिलाडियों को पदक एवं सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया। अपने संबोधन में कहा कि जनकल्याण समर्पण संस्थान की ओर से निरंतर समाजिक कार्य किए जाते रहे हैं। निश्चीत रूप से 100 खेलों का खेल महोत्सव के अयोजन से इस क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने में सहायक होगी, बच्चों का उत्साह चरम पर है। 100 खेलों के सफल आयोजन के लिए संस्थान के सभी सदस्यों को बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। वर्षों से संस्थान को सहयोग और समर्थन देने के लिए संस्थान की ओर से जैलेंद्र कुमार का आभार प्रकट किया गया। सभी अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पदक और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया। पुरस्कृत खिलाड़ियों में 400 मीटर बालिका जुनियर में रीतिका कुमारी स्वर्ण, विजेता कुमारी रजत, मनीषा कुमारी कांस्य, 100 मीटर बालक में आदित्य महतो स्वर्ण, संदीप कुमार रजत, स्निफ अंसारी कांस्य, केला दौड़ बालिका में सुरभि चंद्रा को स्वर्ण, सोनाली कुमारी रजत, तनवी कुमारी कांस्य, बालक वर्ग में राजवीर राम स्वर्ण पदक, अंश महतो रजत, अनुज करमाली कांस्य पदक जीता है। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता सुजीत कुमार व संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार ने किया। मौके पर महासचिव सत्यपाल राउत, खेल प्रभारी अमन जायसवाल, राष्ट्रीय प्रशिक्षिका पिंकी कुमारी, खेल सह प्रभारी रोहित क्षेत्री, सक्रिय सदस्य विजय सिंह, कुंती देवी, संजय राणा, संजू गोस्वामी, संदीप कुमार वर्मा, विजय रजवार, रवि करमाली, विवेक, रोहित कपटदार आदि मौजूद थे।

जिला परिवहन पदाधिकारी ने किया वाहन जांच

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू डीसी शशि रंजन के निर्देश पर परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने गुरुवार की देर रात विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस अभियान में सात ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की गयी। जिसे जब्त कर टीओपी 2 थाना परिसर में रखा गया है। इस संबंध में डीटीओ ने कहा कि यह अभियान आगे भी इसी तरह चलाया जायेगा। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों व संचालकों से वाहन के परमिट व फिटनेस से संबंधित सारे कागजात दुरुस्त कर वाहन चलाने को कहा।

स्वास्थ्य विभाग ने एक दर्जन क्लीनिकों में की छापामारी

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज शहर में संचालित एक दर्जन से अधिक निजी क्लिनिकों में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापामारी कर जांच की। पलामू सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मेडिकल टीम निजी क्लीनिक, जांच घर, अल्ट्रासाउंड आदि की जांच की। टीम द्वारा जांच रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। सिविल सर्जन ने बताया कि अवैध रूप से संचालित निजी क्लीनिक एक सप्ताह के अंदर संचालक बंद कर लें अन्यथा उनपर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से अवैध रूप से संचालित निजी क्लीनिक को बंद कराने के लिए प्रचार प्रसार किया जाएगा।

खाद्य निरीक्षक ने की मिठाई दुकानों की जांच

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। मिलावटी खाद्य पदार्थों की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने हरिहरगंज शहर के कई मिठाई दुकानों की जांच की। इस दौरान छह दुकानों से जांच के लिए नमूना संग्रह किया। खाद्य निरीक्षक गुलाब लकड़ा ने बताया कि विभाग के निर्देश पर जांच अभियान चलाया जा रहा है। हरिहरगंज बाजार क्षेत्र में कई जगह पर मिठाई दुकानों की जांच की गई। मिठाइयों का नमूना एकत्रित किया गया है। उसे जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा जा रहा है। जांच के बाद गलत सूचना मिलने पर संबंधित दुकान संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन 2023 की तैयारियों को लेकर डीसी-एसपी ने की बैठक

आयोजन समिति के साथ समन्वय बनाकर सम्मेलन को सफल बनायें अधिकारी: डीसी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी हो सकते हैं शामिल, सुरक्षा चाक चौबंद करने का निर्देश

- अधिकारियों को सौंपा तैयारी को लेकर अलग-अलग दायित्व
- टैंट सिटी-पार्किंग को लेकर दिया जरूरी दिशा-निर्देश
- लुगुबुरू पहाड़ पर चढ़ाई कर बाबा लुगु के पवित्र गुफा/पूजन स्थल पर डीसी-एसपी आदि अधिकारियों ने किया पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी कुलदीप चौधरी और एसपी प्रियदर्शी आलोक।

बोकारो। ललपनिया स्थित श्यामली गेस्ट हाउस में डीसी कुलदीप चौधरी और एसपी प्रियदर्शी आलोक ने अधिकारियों के साथ शुक्रवार को लुगुबुरू घंटाबाड़ी धोरमगढ़ सरना धर्म महासम्मेलन 2023 की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों/आयोजन समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। जिसमें अपर समाहर्ता मेनका, जिला कल्याण पदाधिकारी मनीषा वत्स, जिला पर्यटन पदाधिकारी हेमलता समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में डीसी कुलदीप चौधरी ने आयोजन समिति के अध्यक्ष बबली सोरेन के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कहा कि समारोह में मुख्यमंत्री का संभावित कार्यक्रम प्रस्तावित है। ऐसे में जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का भी वितरण होगा। सभी पदाधिकारी अपने-अपने विभाग के लाभुकों को चिन्हित कर आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल के प्रवेश द्वार को लेकर भी संबंधित क्षेत्र के अनुमंडल पदाधिकारी/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आदि से चर्चा करते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समारोह स्थल एवं आसपास सीसीटीवी कैमरा लगाने, दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी आदि को लेकर प्रतिनियुक्ति करने संबंधित पदाधिकारी को सिविल सर्जन को मेडिकल टीम/एबुलेंस आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आयोजन समिति से समन्वय कर वोलेंटियर चिन्हित कर उन्हें सूचिबद्ध करने एवं परिचय पत्र उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में उपस्थित जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भारती को सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित डिस्पले बोर्ड इंस्टाल करने/ब्रांडिंग करने समेत कई अन्य निर्देश दिया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर डीसी ने चर्चा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। बैठक में चास के अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी शैलेस कुमार, एसडीपीओ वीएन सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियुष, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोमिया, अंचलाधिकारी गोमिया आदि उपस्थित थे। गौरतलब हो कि ललपनिया स्थित लुगुबुरू घंटाबाड़ी धर्मगढ़ में प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी यह सम्मेलन आगामी 26 व 27 नवंबर 2023 को आयोजित होगी। इससे पूर्व डीसी कुलदीप चौधरी के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने लुगुबुरू पहाड़ पर चढ़ाई कर पहाड़ स्थित बाबा लुगु के पवित्र गुफा/पूजन स्थल का जायजा लिया। पारंपरिक तरीके से बाबा लुगु की पूजा-अर्चना की। प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को पहाड़ चढ़ाई एवं पूजन स्थल पर किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो। इसको लेकर पहाड़ एवं आनेजाने वाले रास्तों पर पर्याप्त रौशनी, पेयजल, संक्षिप्त ठहराव, सुरक्षा आदि व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिया। मौके पर राज्य समन्वय समिति सदस्य सह मंत्री (दर्जा प्राप्त) योगेंद्र प्रसाद महतो एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष बबली सोरेन एवं उनके समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे। डीसी एवं एसपी ने वीआइपी आगमन को लेकर हेली पैड का भी निरीक्षण किया। भवन प्रमंडल विभाग के कार्यपालक अभियंता को जरूरी व्यवस्था एवं संबंधित पदाधिकारी को दंडाधिकारी पुलिस बल प्रतिनियुक्त करने को कहा।

डीडीसी ने लिया पार्किंग-टेंट सिटी स्थल का जायाजा

डीडीसी कीर्तीश्री जी ने श्यामली गेस्ट हाउस में सभी सिविल एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। विस्तार से आयोजन के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया। इस आयोजन को भव्य बनाने को लेकर सभी पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिया। उन्होंने वाहनों के लिए चिन्हित पार्किंग स्थल का जायजा लिया। पर्याप्त रौशनी, जरनेटर, पेयजल और शौचालय आदि की व्यवस्था करने को कहा। वहीं, अंबेदकर चौक समीप प्रस्तावित टैंट सिटी निर्माण को लेकर भी स्थल का जायजा लेकर पंडाल निर्माण करने वाले एजेंसी को कार्य दीपावली के बाद शुरू करने का निर्देश दिया। कई जरूरी बिंदुओं पर भी चर्चा कर अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेवारी दी।

धनतेरस पर धनबाद में 500 करोड़ के कारोबार का अनुमान

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। धनतेरस से दीपोत्सव का शुभारंभ हो गया। इस बार धनतेरस पर बाजार में मां लक्ष्मी की कृपा खूब बरसी। कोयलांचल के बाजारों में शुक्रवार की सुबह से ही रौनक रही। जैसे-जैसे दिन चढ़ा ग्राहकों की भीड़ भी उमड़ती गयी। गहने, ऑटोमोबाइल, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक, फर्नीचर शोरूम पर खासी भीड़ रही। व्यापारियों ने इस बार धनतेरस में पूरे कोयलांचल में लगभग 500 करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान लगाया है। कारोबारियों की मानें तो इस साल बाजार पहले की तरह पटरी पर नजर आई। सरकारों ने भी कर्मचारियों के लिए खजाना खोल दिया है। लोग खुलकर खर्च करने को तैयार हैं। धनतेरस में ऑटोमोबाइल सेक्टर में 100 करोड़, सर्राफा में 100 करोड़, रियल स्टेट 70 करोड़, इलेक्ट्रॉनिक्स 30 करोड़, फर्नीचर 20 करोड़, मॉडर्न गैजेट्स (मोबाइल, लैपटॉप, टैबलेट) 20 करोड़, किचन व होम अप्लायंस 20 करोड़, झाड़ू 8 करोड़, पूजा सामग्री 4 करोड़ और बर्तन बाजार में 20 करोड़ के कारोबार का अनुमान कारोबारियों ने लगाया। बतातें चलें कि जिले के विभिन्न शोरुम प्रबंधकों के अनुसार पूरे दिन वाहनों की आपूर्ति होती रही। बुकिंग इतनी अधिक आने लगी कि वाहन कम पड़ गए। दो चक्का में होंडा, टीवीएस, बजाज, रॉयल इनफील्ड, हीरो, होंडा आदि कंपनियों की बाइक डिलीवर की गई। चार चक्का में हुडई, टाटा, टोयटा, महिन्द्रा सहित अन्य कंपनियों के वाहन डिलीवर हुए। इलेक्ट्रॉनिक बाजार भी पूरी तरह बूम पर रहा। इसके अलावे धनतेरस पर अधिकांश लोगों ने बर्तनों की भी खरीदारी की। अलग-अलग डिजाइन के ब्रांडेड से लेकर लोकल बर्तन बिके।

पूजन सामग्री भी खूब बिकी

धनतेरस पर पूजा सामग्री की भी अच्छी बिक्री रही। दीया- बाती, पूजा के बर्तन, नारियल, सूखा नारियल, पंचमेवा, धूप, कपूर, अगरबत्ती, रुई सहित अन्य पूजन सामग्री की जिले में करीब चार करोड़ रुपए का हुआ। धनतेरस में झाड़ू का बाजार भी करोड़ों का रह। हर घर के लिए झाड़ू की खीरदारी हुई। जिस झाड़ू की कीमत आम दिनों में 70 से 150 रुपये तक रहती है, वही झाड़ू धनतेरस में 200 रुपए तक बिकी।

करगली में 15 को विनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा का होगा अनावरण

करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)। विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति की बैठक शुक्रवार को करगली में हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि 15 नवंबर को करगली स्थित विनोद बिहारी महतो फुटबॉल ग्राउंड में समिति की ओर से स्थापित झारखंड पुरोधा विनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस अवसर पर बिरसा मुंडा को भी नमन किया जाएगा। समिति के नेताओं ने कहा कि विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति द्वारा करगली स्थित फुटबॉल ग्राउंड का नाम विनोद बिहारी महतो फुटबॉल ग्राउंड कराने के बाद अब ग्राउंड में उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित किया जा रहा है। जिसका अनावरण बिरसा जयंती और झारखंड के 23वें स्थापना दिवस पर किया जाएगा। विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति ने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को आमंत्रित करने का फैसला लिया है। कार्यक्रम में झारखंड सरकार के मंत्री बेबी देवी के अलावा सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक कुमार जयमंगल सिंह, विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो, पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार पांडेय, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल सीसीएल बीएंडके महाप्रबंधक एमके राव, ढोरी महाप्रबंधक एमके अग्रवाल व कथारा महाप्रबंधक डीके गुप्ता को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता लखनलाल महतो और संचालन काशीनाथ केवट ने किया। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष काशीनाथ सिंह और बिनोद महतो ने कहा कि 15 नवंबर का कार्यक्रम भव्य होगा और सभी राजनीतिक दलों के लोग दलगत भावना से ऊपर उठकर भाग लेंगे। मौके पर डॉ दशरथ महतो, धनेश्वर महतो, चंदन राम आदि ने विचार रखे।

मांगों को लेकर झारखंड जनरल मजदूर यूनियन का धरना

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। झारखंड जनरल मजदूर यूनियन के बैनर तले छह सूत्री मांगों को लेकर शुक्रवार को बीसीसीएल एरिया 12 के परियोजना पदाधिकारी कार्यालय लायकडिह के समीप एक दिवसीय धरना दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की मजदूर, रोजगार विरोधी नीतिओं के कारण बीसीसीएल में लाखों असंगठित मजदूरों का रोजगार खत्म हो गया। बीसीसीएल एरिया 12 में हजारों असंगठित ट्रक लोडर मजदूर रोजगार में थे। मशीनीकरण के कारण मजदूरों का रोजगार समाप्त हुआ है। बीसीसीएल प्रबंधन ने अगर इस पर तत्काल संज्ञान नहीं लिया तो आरपार की लड़ाई होगी। वक्ताओं ने कहा कि समझौते के मुताबिक दहीबाड़ी कोल वाशरी में 10 मजदूरों को नियोजन देने की गारंटी, वाशरी में बीओ कॉल में जो नई कंपनी आई है उसमें 15 लोगों को नियोजन, कोल वाशरी के रिजेक्ट कोल का डी ओ लगाकर मैनुअल ट्रक लोडिंग चालू, विस्थापित ग्रामीणों को नौकरी व मुआवजा, बसंतीमाता के नया तीन तल्ला के दूषित पानी से ग्रामीणों के बर्बाद हो गए जमीन के बदले तत्काल मुआवजा, डीबीओसीपी ट्रक लोडर मजदूरों के लिए 10 हजार टन तत्काल कोयला का डीओ के लिए आफर देने की मांग की गई। इस दौरान धरना दे रहे लोगों को बीसीसीएल अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया कि 14 से 21 नवंबर के बीच सक्षम अधिकारियों के साथ वार्ता कराई जाएगी। धरना के बाद फिलिस्तीन पर इजराइल युद्ध में हजारों फिलिस्तीनी नागरिकों के मौत के विरुद्ध और तत्काल युद्ध विराम की मांग को लेकर जुलूस निकाला गया। मौके पर माले नेता नागेंद्र कुमार, कृष्णा सिंह, हरेंद्र सिंह, लक्ष्मीनारायण दास, जितेंद्र शर्मा, सत्येंद्र चौहान, मुन्ना चौहान, राजू चौहान, जमाल अंसारी, नोरेन राखा, लाली बाउरी और बसंती देवी आदि मौजूद थे।

काली पूजा पर बने पंडाल में दिखेगी कतरास के ग्रामीण क्षेत्रों की झलक

कतरास (आजाद सिपाही)। श्री श्री सार्वजनिक काली पूजा समिति पोस्ट ऑफिस गली के आयोजकों ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर इस वर्ष काली पूजा की तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। समिति के ईश्वरी नारायण पांडे एवं सौरभ सिंह ने बताया कि इस वर्ष ग्रामीण परिवेश की थीम पर पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। धनबाद जिला प्रशासन को पंडाल के माध्यम से संदेश दिया जाएगा कि कतरास में अधिकांश क्षेत्र ग्रामीण है। कतरास को नगर निगम क्षेत्र में नहीं रखकर ग्राम पंचायत में रखा जाए। पंडाल का बजट लगभग 11 लाख रुपए है।

झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

58वीं औपबंधिक सूची जिला–हजारीबाग (पार्ट–02)

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.202 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
	विवरण :– हजारीबाग वाद सं0–695/98 एवं हजारीबाग सदर थाना काण्ड सं0 64/98 के नामित एवं चिन्हित आन्दोलनकारी रामकिशोर मेहता उर्फ आर0के0 मेहता के आवेदन में संलग्न दिसम्बर 1998 के अखबार कतरनों में उल्लेखित उनके साथ शामिल सैकड़ो की संख्या में संसद में झारखण्ड अलग राज्य बिल पास कराने हेतु धरना में शामिल लोगो की शपथ पत्र के माध्यम से दी गयी सूची के आधार पर।	
41.	1. आवेदन क्र0–311/23 2. आवेदक का नाम–चन्दर महतो, पिता का नाम–स्व0 मथुरा महतो 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
42.	1. आवेदन क्र0–312/23 2. आवेदक का नाम–प्रभु प्रसाद मेहता, पिता का नाम–दिलामन महतो 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
43.	1. आवेदन क्र0–313/23 2. आवेदक का नाम–अनिल कुमार मेहता, पिता का नाम–महाबीर महतो 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
44.	1. आवेदन क्र0–314/23 2. आवेदक का नाम–राजकुमार मेहता, पिता का नाम–स्व0 जयलाल महतो 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
45.	1. आवेदन क्र0–315/23 2. आवेदक का नाम–किषोरी महतो, पिता का नाम–स्व0 तेजो महतो 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
46.	1. आवेदन क्र0–316/23 2. आवेदक का नाम–मुरलीधर मेहता, पिता का नाम–सरजू राम 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
47.	1. आवेदन क्र0–317/23 2. आवेदक का नाम–रविन्द्र कुमार, पिता का नाम–टेकन महतो 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
48.	1. आवेदन क्र0–318/23 2. आवेदक का नाम–विनय कुमार, पिता का नाम–बुधन महतो 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
49.	1. आवेदन क्र0–319/23 2. आवेदक का नाम–बिरेन्द्र प्रसाद मेहता, पिता का नाम–डिलो महतो 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
50.	1. आवेदन क्र0–320/23 2. आवेदक का नाम–प्रेमनाथ मेहता, पिता का नाम–झमन महतो 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
51.	1. आवेदन क्र0–321/23 2. आवेदक का नाम–मसो0 सोमनी देवी, पति का नाम–स्व0 प्रमेष्वर महतो 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
52.	1. आवेदन क्र0–322/23 2. आवेदक का नाम–कामेष्वर महतो, पिता का नाम–स्व0 बालकी महतो 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
53.	1. आवेदन क्र0–323/23 2. आवेदक का नाम–उमेष प्रसाद मेहता, पिता का नाम–स्व0 धनेष्वर महतो 3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
54.	1. आवेदन क्र0–324/23 2. आवेदक का नाम–पुष्पा कुमारी, पिता का नाम–अकलेष्वर पाण्डे 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
55.	1. आवेदन क्र0–325/23 2. आवेदक का नाम–रेणु कुमारी, पिता का नाम–धनेष्वर साव 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–महिला, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
56.	1. आवेदन क्र0–326/23 2. आवेदक का नाम–देवन्ती देवी, पति का नाम–रविन्द्र प्रसाद मेहता 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–महिला, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
57.	1. आवेदन क्र0–327/23 2. आवेदक का नाम–सीता देवी, पति का नाम–भेखलाल महतो 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
58.	1. आवेदन क्र0–328/23 2. आवेदक का नाम–उर्मिला देवी, पति का नाम–दिनेष मेहता 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
59.	1. आवेदन क्र0–329/23 2. आवेदक का नाम–दिनेष मेहता, पिता का नाम–झमन मेहता 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
60.	1. आवेदन क्र0–330/23 2. आवेदक का नाम–दिनेष प्रसाद, पिता का नाम–डिलो महतो 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
61.	1. आवेदन क्र0–331/23 2. आवेदक का नाम–संजय कुमार मेहता, पिता का नाम–खेमलाल मेहता 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
62.	1. आवेदन क्र0–332/23 2. आवेदक का नाम–प्रकाष कुमार मेहता, पिता का नाम–जगदीष महतो 3. ग्राम–जगड़ा, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
63.	1. आवेदन क्र0–333/23 2. आवेदक का नाम–जगदीष महतो, पिता का नाम–स्व0 बालकी महतो 3. ग्राम–जगड़ा, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
64.	1. आवेदन क्र0–334/23 2. आवेदक का नाम–अनिल कुमार, पिता का नाम–रामधारी महतो 3. ग्राम–दरिया, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
65.	1. आवेदन क्र0–335/23 2. आवेदक का नाम–सुनिल कुमार, पिता का नाम–उमानाथ प्रसाद मेहता 3. ग्राम–दरिया, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
66.	1. आवेदन क्र0–336/23 2. आवेदक का नाम–यषोदा देवी, पति का नाम–महदेव राम 3. ग्राम–ठेपाई, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–महिला, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
67.	1. आवेदन क्र0–337/23 2. आवेदक का नाम–कैसिया देवी (आश्रित पत्नी), पति–स्व0 गोविन्द महतो (मूल आन्दोलनकारी) 3. ग्राम–कारीमाटी, पोस्ट–ईचाक, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के पास तिल का निषान।	कंडिका–2(ix)
68.	1. आवेदन क्र0–338/23 2. आवेदक का नाम–बालकृष्ण प्रसाद मेहता, पिता का नाम–मटुकधारी प्रसाद मेहता 3. ग्राम–दरिया, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निषान।	कंडिका–2(ix)
69.	1. आवेदन क्र0–988 2. आवेदक–उमेष गुप्ता उर्फ उमेष साव, पिता–स्व0 रामधनी साव 3. ग्राम–लाखे, पोस्ट–कोर्रा, थाना–मुफस्सील, प्रखण्ड–सदर 4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में कटे का निषान।	कंडिका–2(ix)
70.	1. आवेदन क्र0–1042 2. आवेदक–बालेष्वर प्रसाद, पिता–स्व0 पारसनाथ 3. ग्राम–दारू खरिका, पोस्ट–दारू, थाना–दारू, प्रखण्ड–दारू 4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
71.	1. आवेदन क्र0–341/23 2. आवेदक–महेन्द्र प्रसाद मेहता, पिता–जगदीष महतो 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरुष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल।	कंडिका–2(ix)
72.	1. आवेदन क्र0–342/23 2. आवेदक–महेष प्रसाद, पिता–जगदीष महतो 3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरुष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल।	कंडिका–2(ix)
.73	1. आवेदन क्र0–343/23 2. आवेदक–प्रदीप कुमार मेहता, पिता–जुगल प्रसाद मेहता 3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरुष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
74.	1. आवेदन क्र0–344/23 2. आवेदक का नाम–हेमन्ती देवी, पति का नाम–उमेष मेहता 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–महिला, आयु– वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
75.	1. आवेदन क्र0–345/23 2. आवेदक–कौलेष्वर प्रसाद मेहता, पिता–स्व0 भेखलाल मेहता 3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरुष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आंख में दाग	कंडिका–2(ix)
76.	1. आवेदन क्र0–346/23 2. आवेदक का नाम–बिरेन्द्र कुमार मेहता, पिता का नाम–रामेष्वर महतो 3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरुष, आयु–38 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में गोदना का निषान।	कंडिका–2(ix)
77.	1. आवेदन क्र0–347/23 2. आवेदक का नाम–बलराम प्रसाद मेहता, पिता का नाम–जानकी महतो 3. ग्राम–रतनपुर, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरुष, आयु–39 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर कटे का निषान।	कंडिका–2(ix)
78.	1. आवेदन क्र0–348/23 2. आवेदक का नाम–बिरजु प्रसाद मेहता, पिता का नाम–मोती महतो 3. ग्राम–रतनपुर, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरुष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में चोट का निषान।	कंडिका–2(ix)
79.	1. आवेदन क्र0–349/23 2. आवेदक का नाम–लोकनाथ मेहता, पिता का नाम–मोती महतो 3. ग्राम–रतनपुर, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरुष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निषान।	कंडिका–2(ix)
80.	1. आवेदन क्र0–350/23 2. आवेदक का नाम–राजेन्द्र प्रसाद मेहता, पिता का नाम–मोती महतो 3. ग्राम–रतनपुर, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरुष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निषान।	कंडिका–2(ix)
81.	1. आवेदन क्र0–351/23 2. आवेदक का नाम–बंगाली प्रसाद, पिता का नाम–प्रयाग महतो 3. ग्राम–बोंगा, पोस्ट–बरियठ, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरुष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना कमर में तिल का निषान।	कंडिका–2(ix)
82.	1. आवेदन क्र0–352/23 2. आवेदक का नाम–राज कुमार मेहता, पिता का नाम–जयलाल महतो 3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरुष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–गला के पास तिल का निषान।	कंडिका–2(ix)
83.	1. आवेदन क्र0–353/23 2. आवेदक का नाम–बादल कुमार मेहता, पिता का नाम–भेखलाल महतो 3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरुष, आयु–36 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आँख के उपर कटे का निषान।	कंडिका–2(ix)
84.	1. आवेदन क्र0–354/23 2. आवेदक का नाम–सुनील कुमार मेहता, पिता का नाम–बाबूलाल प्रसाद मेहता 3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरुष, आयु–36 वर्ष, पहचान चिन्ह–ओंठ के नीचे तिल।	कंडिका–2(ix)
85.	1. आवेदन क्र0–355/23 2. आवेदक का नाम–बाबूलाल राणा, पिता का नाम–युगल राणा 3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक 4. लिंग–पुरुष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के केहुनी में कटने का निषान।	कंडिका–2(ix)

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR.NO.311195 Home(23-24):D

ओड़िशा में खेलों के विकास के लिए जिंदल स्टील एंड पावर को टाइम्स बिजनेस अवार्ड

- तिर्की फाउंडेशन के साथ साझेदारी में 215 गांवों में 5,000 से अधिक हॉकी प्रतिभाओं का सहयोग कर रहा है।

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। अग्रणी इस्पात निमार्ता जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को ओड़िशा के खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए टाइम्स बिजनेस अवार्ड्स ओड़िशा 2023 में 'स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एंड इम्पैक्ट' श्रेणी में सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 8 नवंबर को भुवनेश्वर में आयोजित एक समारोह में प्रसिद्ध अभिनेता बोमन ईरानी द्वारा प्रदान किया गया। वर्जिल लाकड़ा (डीजीएम-सीएसआर) और सुब्रत त्रिपाठी (प्रबंधक-सीएसआर) ने कंपनी की ओर से सम्मान स्वीकार किया। जिंदल स्टील एंड पावर अपने अध्यक्ष नवीन जिंदल के नेतृत्व में ओड़िशा के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में खेल विकास के क्षेत्र में काम कर रहा है। कंपनी की सामाजिक शाखा, जेएसपी फाउंडेशन ने स्थानीय युवाओं की फिटनेस और खेल कौशल विकसित करने के लिए उचित पोषण, प्रशिक्षण और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भागीदारी प्रदान करके एथलेटिक्स और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने में प्रमुख भूमिका निभाई है। शालू जिंदल के नेतृत्व में जेएसपी फाउंडेशन ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनी स्तर की हॉकी को बढ़ावा देने के लिए दिलीप तिर्की फाउंडेशन के साथ साझेदारी में 215 गांवों में 5,000 से अधिक उभरती हॉकी प्रतिभाओं का सहयोग कर रहा है। इसके अलावा, यह साल के अलग-अलग समय में ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करके स्थानीय खिलाड़ियों को भी बढ़ावा दे रहा है। जेएसपी फाउंडेशन ने क्योंझर जिले के बड़बिल में प्रमाणित प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे और पोषण संबंधी सहायता प्रदान करके राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उशु खिलाड़ियों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खेल और शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को आवासीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए जेएसपी द्वारा यहां जिंदल स्पोर्ट्स की स्थापना की गयी है। इसी तरह, कंपनी ने सुंदरगढ़ जिले में 50 से अधिक लड़कियों के साथ एक हॉकी टीम बनाई है और उन्हें पौष्टिक भोजन, प्रशिक्षण, खेल उपकरण और अन्य सुविधाएं प्रदान कर रही है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए जूरी को धन्यवाद देते हुए ग्रुप सीएसआर प्रमुख प्रशांत होता ने कहा, जेएसपी ग्रामीण और आदिवासी युवाओं की खेल प्रतिभा को विकसित करने और उन्हें देश के लिए पुरस्कार लाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे अध्यक्ष, नवीन जिंदल स्वयं देश के एक प्रतिष्ठित खेल व्यक्तित्व हैं और उन्होंने हमारे लिए ग्रामीण और आदिवासी खेल प्रतिभाओं को विकसित करने और भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों की बेहतरी के लिए आवश्यक सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए एक दृष्टिकोण निर्धारित किया है। शालू जिंदल के नेतृत्व में जेएसपी फाउंडेशन 30,000 से अधिक खेल प्रतिभाओं का समर्थन कर रहा है जो देश को गौरवान्वित करने का सपना देखते हैं।

पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर में भारी भीड़ उमड़ी, 10 श्रद्धालु बेहोश हुए

आजाद सिपाही संवाददाता

ओड़िशा। पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में शुक्रवार को भारी भीड़ उमड़ने के कारण कम से कम 10 श्रद्धालु बेहोश हो गये। अधिकारियों ने बताया कि इन श्रद्धालुओं को जिला अस्पताल ले जाया गया। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक रंजन दास ने कहा कि सुबह मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। इसी कारण यह घटना हुई। उन्होंने कहा कि कार्तिक माह को पवित्र माना जाता है और बड़ी संख्या में भक्त भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए आते हैं। बेहोश हुए श्रद्धालुओं में अधिकतर बुजुर्ग हैं।

एटीएम लोडिंग वैन से रुपयों से भरा ट्रंक लूट

- जिसमें डेढ़ करोड़ से ज्यादा रुपये थे

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। आठगड बंदूक दिखाकर एटीएम वैन से रुपयों से भरा ट्रंक लूटा लिया गया। इसी तरह की लूट की घटना देखने को मिला तिगिरिया पुलिस थाने के अंतर्गत गोडीझारिया न्यू सड़क राइस मिल के पास। इस बीच, पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक, यह एटीएम लोडिंग वैन उस वक्त लूटी गयी जब यह एटीएम में पैसे लोड करने जा रही थी। लगभग 8 से ज्यादा युवक मुंह पर मैक्स पहन कर एक स्कॉर्पियो, एक बाइक और एक स्कूटी पर आया और एक सुनसान सड़क पर एटीएम वैन को रोक दिया और ड्राइवर को बंदूक देखकर से डेढ़ करोड़ से ज्यादा रूपए लूट लिए हालांकि घटना की जानकारी मिलने के बाद आठगड पुलिस और तिगिरिया पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है। आठगड पुलिस ने आठगड़ के कई नाकों पर नाकाबंदी कर दी है। पिछले कुछ साल पहले आठगड क्षेत्र से ऐसी ही एक एटीएम वैन लूटी गयी थी।

आइआइएफटी ने एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज का खिताब जीता

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) कोलकाता ने पूर्वी क्षेत्र- दो 2023 के आयोजनपूर्ण एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्षेत्रीय फाइनल का पहला पुरस्कार जीता, उसके बाद आईआईएम कलकत्ता ने दूसरा और एनआईटी राउरकेला ने तीसरा स्थान हासिल किया। पीएम प्रसाद सीएमडी कोल इंडिया लिमिटेड, पार्थ मजूमदार क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक ईआर-दो करुणाकर दास मुख्य महाप्रबंधक और बिजनेस यूनिट प्रमुख एनटीपीसी बोंगाईगांव, रजनीश रस्तोगी जीएम (एचआर) ईआर-दो की उपस्थिति में बृहस्पति बार को कोलकाता में कोल इंडिया लिमिटेड मुख्यालय के नेताजी सुभाष ऑडिटोरियम में विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। आईआईटीएफ कोलकाता के सिद्धार्थ शंकर राउत और इवान महांति ने 115 के अग्रणी स्कोर के साथ एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्षेत्रीय फाइनल का खिताब जीता, आईआईएम कलकत्ता के अर्नब मंडल और पीयूष केडिया 95 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे और तन्मय और स्वप्ननील दास एनआईटी राउरकेला ने 20 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। क्षेत्रीय फाइनल में संजीव कुमार सिंह निदेशक (खनन) एचसीएल, सुब्रत मंडल निदेशक (ओ एंड एम) डब्ल्यूबीपीडीसीएल, जॉन मथाई सदस्य सचिव डीवीसी, विनय रंजन निदेशक (पी एंड आईआर) सीआईएल, मुकेश चौधरी निदेशक (विपणन) सीआईएल, आलोक ललित कुमार ईडी (समन्वय) सीआईएल और सीआईएल और एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-द्वितीय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**